


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,मंगलवार 1 अगस्त 2023 ■ श्रावण शुक्ल पक्ष-14 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-124 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 2 अगस्त 2023 ₹ 1.00

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### गर्डर लॉन्चिंग मशीन गिरने से 16 की मौत

**मुंबई,1 अगस्त।** महाराष्ट्र के ठाणे में बड़ा हादसा हो गया है. यहां शाहपुर के पास एक गर्डर लॉन्चिंग मशीन गिरने से 16 लोगों की मौत हो गई है. जबकि तीन लोग घायल हो गए हैं. शाहपुर पुलिस का कहना है कि समृद्धि एक्सप्रेस हाईवे के तीसरे चरण का निर्माण हो रहा है. पुल तैयार करने में मशीन का इस्तेमाल किया जा रहा था. इसी दौरान 100 फीट की ऊंचाई से गर्डर मशीन गिर गई. जानकारी के मुताबिक, अभी भी मलबे में कुछ लोगों के दबे होने की आशंका है. मौके पर सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन तेजी से किया जा रहा है. मौके पर स्क्र और रेस्क्यू टीम पहुंच गई है. स्क्र के मुताबिक समृद्धि हाईवे पर लॉन्चर गिरने से मजदूर और अन्य लोग चपेट में आ गए. तीन घायलों को शाहपुर तालुका के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

### कलयुगी बेटे ने डंडे और फावड़े से हमला कर पिता को उतारा मौत के घाट

**दुर्ग,1 अगस्त।** दुर्ग जिले के भिलाई से हत्या का खौफनाक मामला सामने आया है. एक कलयुगी बेटे ने अपने पिता को डंडे और फावड़े से मारकर मौत के घाट उतार दिया. इस वारदात से इलाके में सनसनी फ़ैल गई है. घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर ली है. पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है. यह मामला जामुल थाना क्षेत्र का है. जानकारी के अनुसार, यह घटना जामुल थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सुरडुम के चांदनी चौक की है. यहां आरोपी दिनेश कुमार साहू का पिता कबीर साहू से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था. दोनों के बीच विवाद इतना बढ़ गया की आरोपी बेटे ने गुस्से में घर पर रखे डंडे और फावड़े से पिता पर हमला कर दिया. इस प्राणघातक हमले में पिता कबीर साहू गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई. घटना की सूचना पर जामुल पुलीस मौके पर पहुंची और आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया है. वहीं आरोपी से पुलिस पूछताछ कर रही है. फिलहाल, हत्या का कारण अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है.

### बाजार आई महिला से गैंगरेप

**बीजापुर,1 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में एक महिला से गैंगरेप हुआ है। बताया जा रहा है कि महिला साप्ताहिक बाजार आई हुई थी। यहां कुछ लोगों ने उसे जमकर शराब पिलाई। जब वह बेसुध हुई तो उसे बाजार स्थल से दूर जंगल की तरफ लेकर गए। जहां 3 युवकों ने उसके साथ दुष्कर्म कर दिया। वारदात के बाद सभी मौके से फरार हो गए। अब महिला की शिकायत के बाद पुलिस ने तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। वारदात सिटी कोतवाली क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक, सोमवार को बीजापुर जिले के नैमेड गांव का साप्ताहिक बाजार भरा था। उसी गांव के आस-पास की रहने वाली एक महिला भी बाजार में खरीददारी करने पहुंची हुई थी। फिर शाम के समय वह घर लौट रही थी तो उस समय रास्ते में उसे तीन युवक मिले।

जिन्होंने पहले महिला को जबरदस्ती शराब पिला दी। जिसके बाद महिला बेसुध होकर नीचे गिर गई थी। फिर तीनों आरोपी उसे उठाकर जंगल की तरफ लेकर गए और गैंगरेप कर दिया। वारदात के बाद महिला को घटना स्थल पर ही छोड़कर तीनों आरोपी फरार जो गए।

## सुप्रीम कोर्ट ने पीड़ितों का बयान रिकॉर्ड करने से सीबीआई को रोका

**नई दिल्ली,1 अगस्त।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सीबीआई को निर्देश दिया कि वह मणिपुर में नग्न परेड किए जा रहे वीडियो में दिख रही महिलाओं के दिन के



दौरान बयान दर्ज करने के लिए आगे न बढ़े। कोर्ट ने कहा कि इस मुद्दे पर दोपहर 2 बजे याचिकाओं पर सुनवाई होनी है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने महिलाओं की ओर से पेश वकील निज़ाम पाशा की दलीलों पर ध्यान दिया कि सीबीआई ने उन्हें दिन के दौरान उसके सामने आकर गवाही देने के लिए कहा है। केंद्र और मणिपुर सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा, कहा कि बस उनसे (सीबीआई अधिकारियों से) इंतजार करने को कहें। हम इसे आज दोपहर दो बजे लेने जा रहे हैं। मेहता ने उत्तर दिया कि मैं यह बताऊंगा। शीर्ष अदालत ने सोमवार को मणिपुर में दो महिलाओं को नग्न कर घुमाने के वीडियो को भयानक बताया, इन खबरों के बीच कि पुलिस ने उन्हें दंगाई भीड़ को सौंप दिया था। इसमें एफआईआर दर्ज करने में देरी के बारे में सवाल पूछे गए और जांच की निगरानी के लिए सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की एक समिति या एक एसआईटी गठित करने का विचार रखा गया।

## चौपर नहीं उड़ा, सीएम ने कहा-कका और आपके बीच मौसम आड़े नहीं आ सकता

### सड़क मार्ग से बिलासपुर रवाना

**रायपुर 1 अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़**

आज मुख्यमंत्री बिलासपुर संभाग के युवाओं से सीधी बात करेंगे। बिलासपुर में युवाओं का हुजूम उमड़ा है, मुख्यमंत्री को हेलीकॉप्टर से बिलासपुर पहुंचना था, लेकिन खराब मौसम की वजह से मुख्यमंत्री का चौपर रायपुर से उड़ान नहीं भर सका। हालांकि मुख्यमंत्री का चौपर हैलीपैड में पूरी तरह से तैयार खड़ा था। लेकिन, मौसम को साफ होते नहीं देख मुख्यमंत्री ने सड़क मार्ग से जाने का फैसला लिया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल की फोटो के साथ ट्वीट कर लिखा है। मौसम ख़राब हो गया है, बिलासपुर के लिए हेलीकॉप्टर उड़ नहीं सकता. मुझे तस्वीरें मिली, आप सब पहुँच चुके हैं. यहाँ भी स्टेडियम हाउसफुल है, बाहर भी बड़ी संख्या में युवा साथी हैं. कका और आपके बीच मौसम नहीं आ सकता है. मैं सड़क मार्ग से आपके पास जल्द पहुँच रहा हूँ. आपको बता दें कि 'भेंट-मुलाकात- युवाओं के साथ' कार्यक्रम का आयोजन बहतराई इंडोर स्टेडियम बिलासपुर में हो रहा है। बहतराई स्टेडियम में दोपहर 12.10 बजे से आयोजित 'भेंट-मुलाकात- युवाओं के साथ' कार्यक्रम में शामिल होना था, लेकिन बारिश की वजह से मुख्यमंत्री को थोड़ा विलंब हो गया। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री



भूपेश बघेल युवाओं से लगातार रूबरू हो रहे हैं। युवाओं से भेंट मुलाकात के इस कार्यक्रम में श्री बघेल छत्तीसगढ़ के विकास के मुद्दे, युवाओं के लिए संचालित योजनाओं, उनकी उपलब्धियों और आकांक्षाओं पर बात करेंगे। युवाओं के साथ भेंट मुलाकात कार्यक्रम में मुंगेली, कोरबा,गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, जांजगीर-चांपा, सक्ति, रायगढ़, सारंगगढ़-बिलाईगढ़ जिले के युवाओं, महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे प्रतिभागियों सहित अन्य सभी युवा 1 अगस्त को बहतराई इंडोर स्टेडियम में मुख्यमंत्री से सीधी बातचीत करेंगे। इस कार्यक्रम में बिलासपुर संभाग के सभी 8 जिलों से युवा यहां हजारों की तादाद में पहुंचें हैं।

## प्रदीप मिश्रा को सुनने उमड़ी भीड़

**■ तरुण छत्तीसगढ़**

**तिल्दा-नेवरा,1 अगस्त।** 1 अगस्त से 7 अगस्त तक तिल्दा नेवरा के बीएनबी हाई स्कूल ग्राउंड में पंडित प्रदीप मिश्रा का शिव महापुराण कथा का आयोजन



किया गया है। पंडाल में करीब दो लाख श्रोताओं की भीड़ सुबह से जम गई थी। कथा सुनने जन सैलाब उमड़ पड़ा है। अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा का रायपुर एयरपोर्ट में हुआ आगमन तत्पश्चात आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया। रायपुर एयरपोर्ट से पंडित प्रदीप मिश्रा रात्रि 9.00 बजे तिल्दा नेवरा नगर पहुंचे।पंडित के आगमन के बाद जनसैलाब ने बाजे गाजे के साथ पंडित प्रदीप मिश्रा का भव्य स्वागत किया। आज दोपहर 2.00 बजे से प्रारंभ कथा 5 बजे तक चली। भक्तों के आवागमन को देखते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सैकड़ों पुलिसकर्मी तैनात किये गये हैं। 2 दिन पहले से ही श्रद्धालुओं का आगमन प्रारंभ हो गया था। पंडाल में उप्र, बिहार ओडिशा, बंगाल,गुजरात महाराष्ट्र सहित पूरे प्रदेश के कोने कोने से श्रद्धालु पहुंचे हैं। कथा स्थल पर थाना प्रभारी मुकेश शर्मा के नेतृत्व में कानून व्यवस्था के इंतजाम किये गये हैं। जल पान की जगह-जगह व्यस्था की गई है

### पुरस्कार की राशि नमामि गंगे को समर्पित

## लोकमान्य स्वतंत्रता इतिहास के माथे के तिलक : मोदी

**नई दिल्ली,1 अगस्त।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आज प्रतिष्ठित लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित होने पर आज पुणे में पीएम



नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह मेरे लिए एक यादगार पल है।÷ प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं लोकमान्य तिलक अवार्ड को 140 करोड़ देशवासियों को समर्पित करता हूं। इसके साथ ही पीएम मोदी ने पुरस्कार के साथ मिलने वाली राशि को नमामि गंगे परियोजना में दान देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि भारत की आजादी में लोकमान्य तिलक की भूमिका, उनके योगदान को कुछ घटनाओं और शब्दों में समेटा नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि लोकमान्य तिलक जी तो हमारे स्वतंत्रता इतिहास के माथे के तिलक हैं, साथ ही अन्ना भाऊ ने भी समाज सुधार के लिए जो योगदान दिया, वो अप्रतिम है, असाधारण है। मोदी ने कहा कि जो जगह, जो संस्था सीधे तिलक जी से जुड़ी रही हो, उसके द्वारा लोकमान्य तिलक नेशनल अवार्ड मिलना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मैं इस सम्मान के लिए हिंद स्वराज्य संघ और आप सभी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। मोदी ने कहा कि हमें जब कोई अवार्ड मिलता है, तो उसके साथ ही हमारी जिम्मेदारी भी बढ़ती है। और जब उस अवार्ड से तिलक जी का नाम जुड़ा हो, तो दायित्वबोध और भी कई गुना बढ़ जाता है। मैं लोकमान्य तिलक नेशनल अवॉर्ड 140 करोड़ देशवासियों को समर्पित करता हूं। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों ने धारणा बनाई थी कि भारत की आस्था, संस्कृति, मान्यताएं, ये सब पिछड़ेपन का प्रतीक हैं। लेकिन तिलक जी ने इसे भी गलत साबित किया।

### गोबर खरीदी में गड़बड़ी 4 पंचायत सचिव सस्पेंड

**जांजगीर-चांपा 1 अगस्त।** जांजगीर जिला पंचायत सीईओं ने 4 पंचायत सचिवों पर निलंबन की गाज गिरायी हैं। बताया जा रहा हैं कि शासन की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना के तहत गोबर खरीदी के कार्य में भारी अनियमितता सामने आयी थी।

जिस पर लापरवाह पंचायत सचिवों को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया था। संतोषजनक जवाब नही मिलने के बाद जिला पंचायत सीईओं ने चारों सचिव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया हैं। वहीं जिला पंचायत सीईओं की इस कार्रवाई के बाद हड़कंप मचा हुआ हैं। जानकारी के मुताबिक पूरा मामला जांजगीर-चांपा जिला के नवागढ़ जनपद पंचायत क्षेत्र का हैं।

## लोकसभा में 8 से 10 अगस्त तक होगी अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा

**नई दिल्ली,1 अगस्त।** विपक्ष की ओर से बीजेपी के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर 8 अगस्त को लोकसभा में चर्चा हो सकती है। सूत्रों के मुताबिक, चर्चा तीन दिनों तक हो सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 अगस्त को बहस का जवाब देंगे। 26 जुलाई को इंडिया नाम के विपक्षी मोर्चे ने लोकसभा में सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस देकर एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। इस प्रस्ताव का उद्देश्य मणिपुर जातीय हिंसा को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान की मांग करना है।

नियमों का पालन करते हुए, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने 50 से अधिक सांसदों की गिनती के बाद प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया। बिरला ने बताया कि प्रस्ताव पर चर्चा की तारीख और समय सभी दलों से विचार-विमर्श के बाद तय किया जाएगा। हालांकि, विपक्ष इसपर जल्द से जल्द चर्चा की मांग कर रहा है। लोकसभा में कांग्रेस के सचेतक मनिकम टैगोर ने पहले कहा था कि यह प्रस्ताव सरकार के खिलाफ विपक्ष के अंतिम विकल्प का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने कहा कि हम मोदी के अहंकार को तोड़ना चाहते थे। वह एक अहंकारी व्यक्ति की तरह व्यवहार कर रहे हैं - संसद में नहीं आ रहे हैं और मणिपुर पर बयान नहीं दे रहे हैं। हमें लगता है कि इस आखिरी हथियार का इस्तेमाल करना हमारा कर्तव्य है। लोकसभा में मणिपुर के मुद्दे पर मंगलवार को भी पिछले कुछ दिनों की तरह गतिरोध बरकरार रहा और विपक्षी दलों के सदस्यों के शोर-शराबे के कारण सदन की कार्यवाही शुरू होने के करीब 15 मिनट बाद दोपहर दो बजे तक स्थगित कर दी गई। कार्यवाही शुरू होने पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने जैसे ही प्रश्नकाल शुरू कराया, उसी समय विपक्षी दलों के सदस्य मणिपुर के मुद्दे पर जल्द चर्चा कराने और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जवाब की मांग करते हुए हंगामा करने लगे। हाथों में तख्तियां लिए हुए कई विपक्षी सांसद आसन के निकट पहुंचकर नारेबाजी करने लगे।

## प्रदेश में भय का माहौल बना रही सरकार : साव



**रायपुर,1 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़)।** आदिवासी नेता सूरजु टेकाम के मोहला-मानपुर में प्रदर्शन के दौरान चुनाव के समय भाजपाई आए तो काट डालो÷ वाले बयान पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने पलटवार किया है. उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश में भय का माहौल बना रही है. राज्य सरकार इस हद तक डरी है कि सार्वजनिक रूप से बीजेपी के कार्यकर्ताओं को काटने की धमकियां दिलाई जा रही है. अरुण साव ने कहा कि संघ और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को धमकाया गया है. बीजेपी कार्यकर्ताओं की टारगेट किलिंग की गई है. यह बताता है कि राज्य में कानून व्यवस्था के क्या हालात है. यह घटना दुर्भाग्यजनक है. उन्होंने कहा कि जिस प्रकार की भाषा का उपयोग किया गया है, उस पर तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए और गिरफ्तारी हो. राज्य सरकार इस प्रकार के कृत्य करवा रही है. सोमवार को मोहला-मानपुर जिले के मानपुर ब्लॉक मुख्यालय में मणिपुर में आदिवासी महिला के साथ घटी घटना और वहां के हालात को लेकर आदिवासियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया था. इस दौरान आयोजित धरना के दौरान सर्व आदिवासी समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष सूरजु टेकाम ने भाजपाइयों को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी. अरुण साव ने इसके साथ मुख्यमंत्री के युवा संवाद कार्यक्रम पर तंज कसते हुए कहा कि पौने 5 साल युवाओं के सपने को तोड़ने का काम किया. आज छत्तीसगढ़ का युवा आक्रोशित है. इस सरकार को उखाड़ फेंकने का तय कर लिया है. इस संवाद से कोई लाभ कांग्रेस को नहीं मिलेगा. बीजेपी के विधानसभा स्तर के कार्यक्रमों और यात्राओं पर अरुण साव ने कहा कि सभी चुनाव को दृष्टि से तैयारियां चल रही है.

## दुर्ग में मुन्ना भाई गिरफ्तार

**दुर्ग,1 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़)।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में पुलिस ने मुन्ना भाई को गिरफ्तार किया है. आरोपी पार्थिवी कालेज में फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएशन एग्जामीनेशन में दूसरे के बदले एग्जाम दे रहा था. मामले की शिकायत मिलने पर पुलिस ने आरोपी को रंगे हाथों पकड़ा. यह मामला भिलाई 3 थाना क्षेत्र का है. जानकारी के अनुसार,



भिलाई 3 थाना अंतर्गत पार्थवी कॉलेज में बीते 20 जुलाई को फॉरेन मेडिकल एजुकेशन एग्जामिनेशन का आयोजन किया गया था. जिसमें फर्जी तरीके से एग्जाम दिलाने को लेकर सिरसाकला निवासी 27 वर्षीय परीक्षार्थी उपासना चन्द्राकर ने थाने शिकायत दर्ज करवाई. शिकायत में उसने बताया कि रिबादिया धुरविल कुमार हर्षदभाई रजिस्ट्रेशन नम्बर 23120132 के जगह में आरोपी मनीष यादव ने एग्जाम दिया है. जिसके बाद परीक्षा के दौरान ली गई तस्वीरों और 20 जुलाई को एग्जाम के दौरान लिए गए वीडियो से मिलान करने पर अंतर पाया गया. वहीं पुलिस द्वारा सिरसा कला के पार्थिवी इंजीनियरिंग कॉलेज परीक्षा केंद्र पहुंचकर जांच करने पर बिहार निवासी आरोपी मनीष यादव को रंगे हाथों पकड़ा गया. परीक्षा केंद्र से आरोपी को हिरासत में लेकर दस्तावेज जब्त कर पूछताछ किया गया. आरोपी मनीष यादव उम्र 31 वर्ष पश्चिम बिहार कालोनी गोमतीनगर का निवासी है. पुलिस ने आरोपी पर धारा 420,476,478,471,31 सहित सार्वजनिक परीक्षा अवधारणा अधिनियम की धारा 10 के तहत कार्यवाई की गई है.

## 'भगा गे-भगा गे, विधायक भगा गे' भाजपा के इस नारे से लोधी समाज नाराज

**खैरागढ़,1 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़)।** हाल ही में विधायक निवास घेराव के दौरान 'भगा गे-भगा गे, विधायक भगा गे' इस नारे से लोधी समाज के एक वर्ग में गहरी नाराजगी है। विधायक यशोदा वर्मा ने भी भाजपा के रवैये पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए कड़ी भर्त्सना की है। छत्तीसगढ़ के लोक प्रचलित भाषा में भगा गे जैसे शब्दों का उपयोग खासकर महिला के संबंध में घोर आपत्तिजनक और अपमानित करने के आशय से इस्तेमाल किया जाता है। विधायक यशोदा वर्मा ने कहा, भाजपाईयों को छत्तीसगढ़ी संस्कृति परंपरा और लोक प्रचलित भाषाओं का ज्ञान नहीं है। इसी वजह से उन्होंने एक महिला विधायक के खिलाफ भगा गे जैसे स्तरहीन भाषा का उपयोग किया। यदि उनकी आत्मा में छत्तीसगढ़िया भाव या ज्ञान होता तो वे 'लुका गे-लुका गे विधायक लुका गे' शब्द उपयोग करते। विधायक यशोदा ने बताया कि जिस दिन भाजपा ने उनके निवास का घेराव किया, उस दिन वे विधानसभा सत्र में शामिल होने के लिए रायपुर प्रवास पर थी। पूरे



छत्तीसगढ़ के 90 विधायक विधानसभा के मानसून सत्र में रायपुर प्रवास पर थे। ऐसे में जानबुझकर उनकी अनुपस्थिति की जानकारी होने के बावजूद उनके निवास का घेराव किया गया। उनसे 13 सवाल पूछे गए। उन सवालों का जवाब 4 अगस्त को खुले मंच पर देंगी। विधायक यशोदा वर्मा ने कहा कि विधानसभा का मानसून सत्र खत्म हो गया है। वे अब खैरागढ़ में ही है। भाजपा नेताओं को यदि विकास की इतनी चिंता है तो अब आकर उनसे मिल ले। और उन्हें जो भी सवाल करना है, कर ले। उनका मेरे निवास में स्वागत है।

### गौरव की बात है कि उभरकर आ रहे हैं नये अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी

## राजनांदगांव के खिलाड़ियों ने किया खेल जगत को चकाचौंध

✍ **जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

हमारे राज्य के शहरों की बात करें तो इन दिनों राजनांदगांव के हाकी, व्हालीबाल, भारोत्तोलन की खेल प्रतिभाओं ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी श्रेष्ठता साबित करते हुए इतिहास गढ़ दिया है। हाकी में भूमिक्षा साहू ने भारतीय जूनियर हाकी टीम में महेन्द्र सिंह ध्रुव का व्हालीबाल में 19 से कम उम्र के बालकों की भारतीय टीम में अर्जेंटीना 2023 में होने वाले विश्व चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में चयन हुआ। भारोत्तोलन के जूनियर वर्ग में राजनांदगांव के जय भवानी शाला की ज्ञानेश्वरी यादव तथा इसी संस्था से प्रशिक्षित होकर जूनियर से सीनियर बने भारोत्तोलक जगदीश विश्वकर्मा ने गत दिनों अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कमाल का प्रदर्शन करके अपने देश भारत के लिए पदक हासिल किया।

कभी राजनांदगांव को हाकी का नर्सरी के नाम से जाना जाता था हालांकि यहां पर केंद्र सरकार द्वारा संचालित भारतीय खेल प्राधिकरण का खेल अकादमी भी है । खुद ही मेहनत करके उपरोक्त चारों खिलाड़ियों ने राजनांदगांव नगर के साथ- साथ छत्तीसगढ़ प्रदेश का भी नाम रोशन किया है। इसमें से जगदीश विश्वकर्मा भारतीय सेना में कार्यरत है जिसमें उन्हें केंद्र सरकार द्वारा नौकरी दी गई और अब वे विभिन्न राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं में नियमित रुप से भाग लेते हैं।

उल्लेखनीय यह भी है कि भूमिक्षा साहू मध्यप्रदेश खेल







अकादमी ग्वालियर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। उन्होंने शुरुवाती दौर में राजनांदगांव के बसंतपुर स्थित मैदान और अंतर्राष्ट्रीय हाकी स्टेडियम में प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस तरह चार खिलाड़ियों ने तीन खेलों में आकर्षक खेल दिखाया और अंतर्राष्ट्रीय मैच के लिए चयनित हुए। प्रश्न यह भी उठता है कि आखिर क्या वजह है राजनांदगांव के खिलाड़ियों ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर किस तरह पहचान बना लिया है। हम कह सकते हैं पर्दे के पीछे इन प्रतिभाओं के अभिभावकों ,हाकी, भारोत्तोलन, व्हालीबाल के खेल संघ के पदाधिकारियों और राजनांदगांव के खेल प्रेमियों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण रही। एक अवसर था जब 1988 से 1992 तक मैं भी शासकीय सेवा में रहते हुए राजनांदगांव में पदस्थ था। उस समय लगातार चार साल स्व.राजा महंत सर्वेश्वर स्मृति अंतर्राष्ट्रीय हाकी प्रतियोगिता के आयोजन को देखने, समझने का अवसर मिला था। तब मैंने राजनांदगांव के शासन, प्रशासन,राजनेताओं, निवासियों, खेल प्रेमियों की खेल के प्रति लगाव, दीवानगी को करीब से देखा था। मैंने पाया खेल चाहे जो भी हो प्रत्येक बुर्जुग, युवा, बच्चे सभी उस आयोजन को बिना किसी रुकावट के पूरा करने में विश्वास करते थे। मैच के दौरान या बाद में किसी भी प्रकार की समस्या संबंधितों पर आती थी तो सब के सब उसके हल के लिए गंभीरता से जुट जाते थे। यकीन खेल के प्रति जागरुकता आज भी वहां के नागरिकों में बनी हुई है। इस बात को साबित करने के लिए भूमिक्षा साहू,महेन्द्र सिंह ध्रुव,जगदीश विश्वकर्मा, ज्ञानेश्वरी यादव, की उपलब्धि का बखान काफी है। राजनांदगांव को हाकी में एक बड़ी उपलब्धि छत्तीसगढ़ राज्य बनने के पश्चात रेणुका यादव के रुप में मिली है। इस नगर के पूर्वजों के आशीर्वाद से रेणुका को नवनिर्मित छत्तीसगढ़ राज्य की ओलंपिक खेलों में शामिल होने वाली पहली खिलाड़ी होने का गौरव प्राप्त है। छत्तीसगढ़ राज्य के लिए शासन के अलावा राजनांदगांव के निवासियों खेलकूद को, खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने का यह उदाहरण प्रस्तुत है जिसका प्रत्येक जिला मुख्यालय में अनुसरण किया जाना चाहिए।

## सीएमएचओ की गाड़ी के सामने धरने पर बैठ गए भाजपा नेता

**जशपुर,1 अगस्त(तरुण छत्तीसगढ़)** जिला अस्पताल का एक वीडियो सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रहा है।इस वीडियो में जशपुर के एक भाजपा नेता स्वास्थ विभाग के सीएमएचओ को बार बार दंडवत करते दिख रहे है ।

कैमरे में कार सवार अफसर को बार बार दंडवत करते दिख रहे इन नेताजी का नाम दीपक गुप्ता है और साहब जिले के स्वास्थ विभाग के सीएमएचओ है नाम है रंजीत टोप्पो । भाजपा नेता इस वीडियो में सीएमएचओ की गाड़ी के सामने धरने पर बैठे हुए दिख रहे हैं और सीएमएचओ साहब बिल्कुल लाचार । दरअसल भाजपा नेता दीपक गुप्ता का कहना है कि जशपुर जिला अस्पताल जे डॉक्टर कमीशन के चक्कर मे किसी भी मरीज को निजी अस्पताल में रेफर कर देते हैं । 2 दिन पहले एक प्रसव कराने आयी महिला को सिरियस बताकर कुनकुरी के एक निजी अस्पताल रेफर कर दिया गया जबकि निजी अस्पताल में नॉर्मल डिलेवरी हुई। इसी प्रकार फिर से कसाबेल के एक प्रसूता को कुनकुरी रेफर किया जा रहा था तभी भाजपा नेता को इस बात की जानकारी मिली और जानकारी मिलते ही वह सीधे सीएमएचओ के दफ्तर आ गए। सीएमएचओ रंजीत टोप्पो जैसे ही ऑफिस दाखिल हुए भाजपा नेता दीपक गुप्ता उनकी गाड़ी के सामने आ गए और सीएमएचओ के सामने दंडवत होते हुए जशपुर को बचाने की मिन्नत करने लगे । उन्होंने सीएमएचओ को बताया कि दूर दराज से आये मरीजो को कमीशन के चक्कर मे जिला अस्पताल के डॉक्टर निजी अस्पतालों में रेफर कर देते है ।लगातार दूसरे दिन जिला अस्पताल में ऐसा हुआ है।

भाजपा नेता की शिकायत सुनने के बाद सीएमएचओ किसी से बात करते हैं और जानकारी लेते हैं लेकिन इस वीडियो में यह नहीं दर्शाया गया है कि सबंधित ने उन्हें क्या जवाब दिया ।

## एक नजर




### भिलाई महिला समाज ने किया पौधारोपण

भिलाई, 1 अगस्त। भिलाई महिला समाज और आर्ट क्लब के सहयोग से स्मृति नगर परिसर में वृक्षारोपण का कार्यक्रम सफल हुआ। इस कार्यक्रम में भिलाई महिला समाज स्मृति नगर ब्रांच के सचिव श्रीमती मंजू पाल, उप सचिव श्रीमती तृप्ति अग्रवाल और कोषाध्यक्ष श्रीमती उषा स्वरूप शर्मा के साथ-साथ भिलाई महिला समाज के सभी सदस्य उपस्थित थे।

### छावनी में बदमाशों ने आतंक मचाया



**भिलाई, 1 अगस्त।** भिलाई जामुल थाना क्षेत्र सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान हुए विवाद का बदला लेने के लिए 20 से अधिक बदमाशों छावनी बस्ती में आतंक मचाया आरोपित लाठी, डंडे, तलवार, चाकू और बियर की बोतल लेकर बस्ती में घूमते रहे उन्होंने तीन लोगों पर हमला बोला लेकिन एक युवक मौके से भाग निकला इस कारण से उसे ज्यादा चोट नहीं लगी वहीं एक युवक गंभीर रूप से घायल है और जिला अस्पताल में उसका इलाज जारी है तीसरे युवक को भी गंभीर चोट लगी है लेकिन यदि घो भागकर पूर्व पार्षद के कार्यालय में नहीं छिपता तो उसकी जान भी जा सकती थी 7 जानकारी के छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना ने रविवार की रात को छावनी बस्ती में लोक गायिका अल्का चंद्राकर का सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया था वहां पर कुछ युवक कलाकारों के मेकअप रूम में तांकझांक कर रहे थे इस बात को लेकर रात में विवाद हुआ था 7 आरोपितों ने एक ट्रक ड्राइवर चुम्मन ओझा पर तलवार और राड से जानलेवा हमला किया आरोपितों ने राजू वर्मा नाम के युवक को भी घेरा, लेकिन राजू ने वहां से भागकर अपनी जान बचाई आरोपित ने मंगल बाजार में परमानंद पटेल पर भी हमला बोला अल्का चंद्राकर के कार्यक्रम में परमानंद ने टेंट लगाया था और रात में हुए विवाद के दौरान उसने बीच बचाव की कोशिश की थी परमानंद वहां से भागकर पूर्व पार्षद तुलसी पटेल के कार्यालय में जाकर छिपा। आरोपित पूर्व पार्षद के कार्यालय में भी घुस गए और उस पर तलवार से हमला किया और उसके सिर पर बियर की बोतलें फोड़ीं पूर्व पार्षद तुलसी पटेल और उनके परिवार के लोग उस ओर दौड़े तो सभी आरोपित वहां से भाग निकले घायल अवस्था में बेहोश पड़े परमानंद पटेल को अस्पताल पहुंचाया गया। मारपीट करने वाले आरोपित शंकर नगर छावनी बर्फ फैक्ट्री और छावनी बस्ती के बताए जा रहे हैं

### हथियार लहरा रहा था, पकड़ा गया



**भिलाई, 1 अगस्त।** भिलाई अवैध रूप से हथियार लहराने वाले एक आरोपी को भिलाई नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक धारदार खंजर जब्त किया है। भिलाईनगर टीआई राजेश साहू ने बताया कि सोमवार को भिलाई नगर क्षेत्र स्थित सेक्टर 05 में सोनू नायक (26 साल निवासी सेक्टर 05 धारदार खंजर लहराते हुए आने-जाने वाले लोगों को धमका रहा था सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है ।

# मुख्यमंत्री ने किया स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की प्रतिमा का अनावरण

## गृह मंत्री ने स्कूलों की दशा सुधारने की पहल, स्कूलों में 2 करोड़ की लागत से अतिरिक्त कक्ष निर्माण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रिसाली, 1 अगस्त।** दुर्ग ग्रामीण विधायक व लोक निर्माण, गृह और कृषि मंत्री ताम्रध्वज साहू ने सरकारी स्कूलों की दशा सुधारने अच्छी पहल की है। उन्होंने प्रयास कर 2 करोड़ 2 लाख 90 हजार की राशि स्वीकृति कराई है। इस राशि से जर्जर हो चुके कक्ष की जगह अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कराया जाएगा। आयुक्त आशीष देवांगन ने बताया कि नगर पालिक निगम क्षेत्र के टाउनशिप समेत श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र में शासकीय स्कूल संचालित है। कई स्कूल भवन दो दशक से पहले के बने है। वर्तमान में कई कक्ष जर्जर अवस्था में पहुंच गए है। वहीं कहीं दर्ज संख्या अधिक होने की वजह से जगह का अभाव है। क्षेत्रीय विधायक व मंत्री के निर्देश पर ऐसे स्कूलों की सूचीबद्ध किया गया है। प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा गया था। आयुक्त ने बताया कि मंत्री के निर्देश पर निर्माण कार्य आरंभ कराया जा रहा है। अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य पूर्ण होने पर सरकारी स्कूलों की स्थिति में सुधार होगा। रूआबांधा दक्षिण शा.प्रा.शाला में 3 अतिरिक्त कक्ष 8.75 लाख, मरोदा सेक्टर पश्चिम में शा. पूर्व मा. शाला में अतिरिक्त कक्ष निर्माण 13.70 लाख, मरोदा सेक्टर पश्चिम शा. उच्च. मा. शाला में 15.25 लाख, शंकर पारा स्टेशन मरोदा में 8.75 लाख, शंकर पारा स्टेशन मरोदा शा.मा.शाला में 13.70 लाख, नेवई बस्ती पूर्व शा. प्रा. शाला नेवई बस्ती में 8.75 लाख, नेवई बस्ती शा. पूर्व मा. शाला में 13.70 लाख, डुंडेरा पूर्व शा. प्रा. शाला में 8.75 लाख, डुंडेरा पूर्व शा. मा. शाला में 13.70 लाख, डुंडेरा पूर्व शा. उच्च. मा. शाला में 15.25 लाख, जोरातराई शा. प्रा. शाला में 8.75 लाख, जोरातराई शा. मा. शाला में 13.70 लाख, पुरैना शा. प्रा. शाला स्टोर पारा में 8.75 लाख, शा. मा. शाला स्टोरा पारा में 13.70 लाख, शा. प्रा. शाला पुरैना बस्ती में 8.75 लाख, शा. मा. शाला पुरैना बस्ती में 13.70 लाख, शा. उच्च. मा. शाला पुरैना बस्ती में 15.25 लाख से अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कराया जाएगा।



सुख-समृद्धि के लिए भगवान शंकर का किया गया अभिषेक

**जामुल।** दुर्गा मंदिर वार्ड क्र 4 शिव मंदिर पुरैना तालाब में जलाभिषेक करते हुए पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रेखराम बंछोर साथ में दयालु जंघेल, ओमप्रकाश साहू, जगदीश देवांगन, संतोष जंघेल, गोवर्धन साहू, होमलाल साहू, प्रहलाद जंघेल एवं सभी मोहल्ले वासियों के साथ पंडित कमोद महराज के द्वारा संपन्न हुआ।

# विकासखंड शिक्षा अधिकारी के जन्मदिन पर लगाए गए पौधे



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पाटन।** विकासखंड शिक्षा अधिकारी टी. आर.जगदल्ले का जन्मदिवस शासकीय प्राथमिक एवम पूर्व माध्यमिक शाला तेलीगुंडरा में बच्चो के बीच केक काटकर एवं शाला परिसर में वृक्षारोपण कर मनाया गया। इस अवसर पर विकासखण्ड शिक्षाधिकारी ने विद्यालय परिवार को जन्मदिन विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम में आमंत्रित करने के लिए विद्यालय परिवार को धन्यवाद ज्ञापित किया । कार्यक्रम में जनपद पंचायत पाटन सभापति दाऊ दिनेश साहू,युवा सरपंच मनीष कुमार पटेल, पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक एम.एल.वर्मा,प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक हेमंत कुमार कुर्रे, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पूर्व माध्यमिक शाला चित्रसेन साहू,प्राथमिक शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजाराम साहू,श्रीमती उर्वशी देशमुख,ममता सोनी,जैनेंद्र गंजीर संकुल समन्वयक,लेखराम वर्मा,जितेंद्र वर्मा,कृष्णा साहू,दानेश्वर वर्मा,अजय सेन,महेंद्र साहू,संजय साहू,पंकज यादव सहित शाला परिवार उपस्थित रहे। संचालन कर रहे, शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय तेलीगुंडरा के प्रकृति ईको क्लब प्रभारी खिलेंद्र कुमार साहू ने कहा कि प्रकृति संरक्षण के लिए हम सभी को अपना व घर के बच्चों का जन्मदिन, विवाह वर्षगाँठ व अन्य यादगार अवसर पर अनिवार्य वृक्षारोपण करना चाहिए। आभार प्रदर्शन माध्यमिक विभाग के प्रधान पाठक एम.एल.वर्मा सर ने किया।

# जनता की समस्याओं के तत्काल निराकरण पर पुलिस ध्यान दे:एसपी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 1 अगस्त।** कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव द्वारा आज दिनांक- 30.07.2023 को थाना पिपरिया और चौकी दशरंगपुर का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाने में दर्ज विभिन्न गंभीर अपराधों की जानकारी थाना प्रभारी निरीक्षक श्री भूषण एक्का से लेते हुए पुलिस टीम के समक्ष उत्पन्न होने वाले समस्याओं की जानकारी लेकर उक्त पेंडिंग अपराधों के निराकरण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश देकर पुनः नये सिरे से गंभीर अपराधों के जांच करने निर्देश दिया गया। साथ ही अन्य जिले से लगा हुआ थाना/चौकी होने से अवैध शराब अवैध मादक पदार्थ गाँजा परिवहन पर गंभीरता पूर्वक मुखबिर तंत्र को मजबूत कर आरोपियों के विरुद्ध उचित वैधानिक कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने थाने के कंप्यूटर कक्ष, मालखाना, पुरुष हवालात, महिला हवालात व थाना परिसर का निरीक्षण कर थाना परिसर में साफ-सफाई का भी अवलोकन किया गया। थाने में उपस्थित केस डायरी को प्रत्येक विवेचकों को अध्यन करने तथा अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस टीम को सतर्क रहकर मुस्तैदी से कार्य करने का निर्देश भी दिया गया। अपराध के ग्राफ को भी देखा गया। माननीय न्यायालय से जुड़े मामलों के त्वरित निष्पादन करने, महिला एवं बालक बालिकाओं से संबंधित मामलों में शीघ्र गिरफ्तारी करने। थाने में आम जनों के द्वारा किसी मामले को लेकर उपस्थित होने पर सम्मान पूर्वक बैठा कर उनकी समस्याओं/शिकायतों का निराकरण करने हेतु निर्देश दिया गया। निरीक्षण के पश्चात समस्त थाना पिपरिया/चौकी दशरंगपुर के पुलिस के अधिकारी जवानों को फॉलिंग करा के किसी भी प्रकार के विभागीय या कर्तव्य स्थल तथा व्यक्तिगत समस्या है। तो बेझिझक होकर बताने कहा गया। थाना स्टाफ के द्वारा किसी भी प्रकार का समस्या ना होना बताया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक के द्वारा समस्त अधिकारी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए हमेशा स्वच्छ छवि, साफ-सुथरी वर्दी बेहतर पुलिसिंग कर हर उस असहाय व्यक्ति जो पुलिस से सहायता की उम्मीद रखता है,उनके उम्मीदों पर पूर्णता खरा उतरने इमानदारी से अपना कार्य करने, थाने में आने वाले आम जनों की समस्या का तत्काल निराकरण करने, कहकर यदि कोई भी अधिकारी कर्मचारी किसी भी अपराधिक प्रवृत्ति के असामाजिक तत्वों से जुड़ा हुआ है, तो उसकी खैर नहीं होगी कहा गया। इस अवसर पर थाना पिपरिया प्रभारी निरीक्षक भूषण एक्का, चौकी दशरंगपुर प्रभारी उप. निरीक्षक सुश्री शांता लकडा, उप. निरीक्षक (अ) युवराज अस्टकर (स्टेनो), एवं थाना पिपरिया व चौकी दशरंगपुर के समस्त अधिकारी/जवान निरीक्षण के दौरान अपने-अपने थाना चौकी में उपस्थित रहे।

### सेवानिवृत कर्मचारी उर्मिला, संतोष को दी विदाई



**कवर्धा, 1 अगस्त।** कवर्धा नगरपालिका सीएमओ नरेश वर्मा और कार्यपालन अभियंता एम एल कुर्रे सहित कर्मचारियों ने उर्मिला , संतोष को फूल की माला पहनाकर भाव भीनी विदाई की । समय पाल अजय ठाकुर , सुश्री सुखबाई टोंडे मिशन प्रबंधक , बृजभूषण सहित कर्मचारी उपस्थित रहे ।

### बीएसपी और एनआईटी के बीच समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित



**भिलाई, 1 अगस्त।** नई दिल्ली में आयोजित अखिल भारतीय शिक्षा समागम 2023 कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की उपस्थिति में भिलाई इस्पात संयंत्र और राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी), रायपुर के बीच एक समझौता ज्ञापन में हस्ताक्षर किये गए। इस समझौते के अनुसार भिलाई इस्पात संयंत्र और एनआईटी रायपुर, आपसी सहयोग से अनुसंधान एवं विकास सुविधाओं को साझा करने में, संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं को शुरू करने में, छात्रों की इंटर्नशिप और प्लेसमेंट के लिए सहायता प्रदान करने में और आपसी हितों के आधार पर सेमिनार, सम्मेलन आयोजित करने जैसे आयोजन आदि करेंगे।

### बीएसपी ने एक दिन में 10,000 टन प्लेट प्रेषण का बनाया रिकॉर्ड



**भिलाई, 1 अगस्त।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के प्लेट मिल ने अपने 40 वर्षो के इतिहास में पहली बार शनिवार, 29 जुलाई को एक ही दिन में 10,000 टन से भी अधिक प्लेटों के प्रेषण का अनूठा रिकॉर्ड दर्ज कर कीर्तिमान स्थापित किया है। राजस्व उत्पन्न करने के लिए प्रेषण महत्वपूर्ण तत्व है। बाजार की गतिशीलता के वर्तमान परिदृश्य के मद्देनजर, यह रिकॉर्ड केवल तभी संभव हो सका जब उत्कृष्ट माइक्रोप्लानिंग और समन्वय के साथ प्लेट मिल, टी एंड डी, पीपीसी, आरसीएल, सीएमओ जैसे विभिन्न विभागों की टीमों और रेलवे ने और समय पर निष्पादन किया।

### सेवानिवृत्ति पर बीएसपी प्रबंधन ने दी विदाई



भिलाई, 1 अगस्त। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों और खनिज नगरों में पदस्थ कुल 156 कर्मचारी अपनी लम्बी सेवा के बाद 31 जुलाई को सेवानिवृत्त हुए। संयंत्र के कार्मिकों हेतु गरिमामयी विदाई समारोह का आयोजन 31 जुलाई को सिविक सेंटर स्थित कला मंदिर में किया गया। जुलाई माह में बीएसपी से 15 कार्यपालक सहित कुल 156 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को अपनी शुभकामनाएं दी।

### ग्राम फेकारी में बुथ चलो अभियान के तहत संपन्न हुई बैठक



**पाटन।** ग्राम फेकारी में बुथ चलो अभियान के तहत मीटिंग रखा गया था। जिसमें विशेष रूप से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जमगांव आर के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, ब्लॉक के जोन प्रभारी सोहन जोशी, मछुआ संघ सदस्य देव कुमार निषाद, सेक्टर प्रभारी वेदप्रकाश साहू, ग्रामीण अध्यक्ष अश्वनी साहू, चंद्रशेखर चक्रधारी, रोमनाथ विश्वकर्मा, बिसालीक ठाकुर, टिकेश्वर साहू, सरपंच रेवाराम मंडावी पूर्वसरपंच मातादीन पटेल ईश्वर दास मानिकपुरी नीरज साहू चंद्रकांत साहू खुमान सिंह साहू महेश्वर साहू नितेश पटेल कृष्ण कुमार ढीमर सुशील पटेल चिंताराम ठाकुर परमेश्वर ठाकुर संतोष विश्वकर्मा चिंताराम यादव महिपाल साहू लाभेंद्र साहू श्याम लाल साहू तुषार साहू लोकेश साहू हीरा मणि साहू संजय विश्वकर्मा आदि ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री ने की चौथी किश्त के रूप में 31.71 करोड़ रुपए से अधिक खाते में किया अंतरित

दुर्ग। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय में बेरोजगारी भत्ता योजना के तहत चौथी किश्त के रूप में प्रदेश के 01 लाख 22 हजार 625 हितग्राहियों को 31 करोड़ 71 लाख रूपए की राशि सीधे उनके खाते में अंतरित की। बेरोजगारी भत्ता की अप्रैल, मई, जून और जुलाई माह की चार किश्तों को मिलाकर हितग्राहियों के खाते में अब तक 112 करोड़ 43 लाख 30 हजार रूपए की राशि का भुगतान किया जा चुका है।

# 29 वर्षों तक सेवा करने वाले नॉन मेडिकल असिस्टेंट का किया सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**पाटन, 1 अगस्त।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रानीतराई में 29 वर्षो तक लगातार नान मेडिकल अस्सिटेंट कुष्ठ कार्यकर्ता के पद पर सेवाएं प्रदान करने वाले टी आर साहू को खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ आशीष शर्मा के मुख्य अतिथि और अध्यक्षता बी ई टी ओ बी एल वर्मा के एवं श्रीमती चंद्रकांता साहू एंव विशेष रूप से सैय्यद असलम प्रदेश महामंत्री छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की उपस्थिति में भावभीनी विदाई समारोह में सेवानिवृत्त उपरांत विदाई दी गई। मुख्य अतिथि खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ आशीष शर्मा ने बताया कि इतने लंबे समय तक एक ही स्थान पर सेवाएं प्रदान करना संबंधित कर्मचारी के आदर्श व्यवहार और कुशल कार्य करने की शैली की अनूठी मिसाल है। अध्यक्षता कर रहे बी एल वर्मा ओर विशेष अतिथि सैय्यद असलम श्रीमती चंद्रकांता साहू ने कहा कि कुष्ठ रोगी की पहचान,खोज और दवा सेवन करने में टी आर साहू की भूमिका महत्वपूर्ण रही है क्योंकि नान मेडिकल असिस्टेंट कुष्ठ कार्यकर्ता का पद संवर्ग समाप्त हो रहा है नई भर्ती नहीं हो रही है। टीकाराम साहू सेलूद सेक्टर,पाटन,गाडाडीह, रानीतराई जैसे बड़े स्वास्थ्य सेक्टर अकेले देख रहे थे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ आशीष शर्मा ने अभिनंदन पत्र,शाल श्रीफल ओर बैग देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में के के वर्मा, श्रीमती सुरेखा राठौर, श्रीमती भारती यदु मधुलता लाल,प्रेम राज कुमारी,आर के बंजारे,एल पी वर्मा ,जे आर मार्कण्डेय, संजय मिश्रा, श्रीमती ए देशलहरे, श्रीमती देवकी सिंहा सुमित्रा बोकासे श्रीमती ए दत्ता श्रीमती आर विश्वास सैय्यद रिजवान,संदीप चंद्राकर,शुभम चंद्रकार, कपिल भोसले, राकेश सार्वा ,अजय साहू, संजय, राकेश साहू नरेंद्र साहू, यशवंत साहू, देवेन्द्र राजपूत, कुमेश साहू, जितेन्द्र पटेल, श्रीमती चित्ररेखा देवांगन सहित बड़ी संख्या में स्वास्थ्य कर्मचारियों ने भावभीनी विदाई दी।

# घर-घर सरकार की उपलब्धियां बताएं



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 1 अगस्त।** रविवार को राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस का बैठक जिला कांग्रेस कमेटी के कवर्धा कार्यालयमें इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव रेड्डी प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ इसमें अध्यक्ष लखन सिंह ठाकुर सहित जिला उपाध्यक्ष परदेसी विश्वकर्मा महिला जिला उपाध्यक्ष इंदु यादव बोड़लाा ब्लॉक अध्यक्ष धन सिंह जिला मीडिया प्रभारी भुनेश्वर वैष्णव जिला उपाध्यक्ष मोतीराम जयसवाल आशा नामदेव आशा कोसले छवि धुर्वे सुशीला निर्मलकर राम लोचन जयसवाल रोहित बांधकर मनोरथ चंद्राकर प्रीतम त्रिवेणी वंदना चंद्रवंशी दुआसिया चंद्रवंशी जानकी सुचित्रा चंद्रवंशी वंदना दुर्गा धुर्वे शकुंतला रुबीना खातून अन्नपूर्णा सावित्री धावलकर श्रीमती शीला ने बैठक में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और आगामी विधानसभा चुनाव के लिए महिला विंग को आधी आबादी वोट हमारा प्रेरणा के साथ महिलाओं के वोट के लिए प्रेरित करने का काम सौंपा गया और उन्हें समझाया गया कि महिलाएं चाहे गांव में हो या शहरों मेंहो पुरुषो से संख्या मे बराबर आधी आबादी वोट का हक रखती है उन्हें घर घर जाकर प्रेरित किया जाए कांग्रेस सरकार की उपलब्धियों को बताया जाए तथा शासन की महत्वपूर्ण योजना नरवा गरवा घुरवा बारी मैं उनकी सहभागिता सुनिश्चित की जाए आजीविका के साधनों से महिलाओं को जोड़ने का कार्य महिला कार्यकर्ताओं के द्वारा किया जाए इस अवसर पर बोड़ला ब्लॉक उपाध्यक्ष एवम् अध्यक्ष ने भी अपने विचार व्यक्त्य किए

# प्रेमचंद की रचनाओं में ग्रामीण जीवन के साथ देश प्रेम की भावनाएं भी : राहुल




**भिलाई, 1 अगस्त।** पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी सृजनपीठ द्वारा कथा शिल्पी प्रेमचंद की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर संस्कृति कर्मी एवं पुरातत्ववेत्ता राहुल सिंह ने कहा कि प्रेमचंद ने अपनी कहानियों और उपन्यासों के माध्यम से जहां ग्राम्य जीवन की समस्याओं को उकेरा एवं समाधान किया, वहीं उनकी रचनाओं में देश प्रेम की झलक भी दृष्टिगोचर होती है। कहानीकार द्वय डॉ. चंद्रिका चौधरी सरायपाली ने अपनी कहानी घास की जमीन और श्रद्धा थवाईत रायपुर ने पंख कुतरती मकड़ी कहानी का पाठ किया। आयोजकीय वक्तव्य में बख्शी सृजनपीठ के अध्यक्ष ललित कुमार ने कहा कि कथाकार मुंशी प्रेमचंद ने ऐसे समय में लेखन की शुरुआत की जब देश गुलामी से स्वतंत्र होने की ओर संघर्षरत था। उन दिनों प्रेमचंद की रचनाओं ने आमजनों के लिए देश को गुलामी से मुक्त कराने हेतु संघर्षरत युवाओं के लिए अमृत का काम किया। प्रेमचंद पूरे विश्व के बिरले लेखकों में अग्रणी हैं जिन्होंने आम आदमी की समस्याओं को अपने लेखन का आधार बनाया। संचालन डॉ रजनीश उमरे तथा आभार व्यक्त व्यंग्यकार विनोद साव ने किया। कार्यक्रम में प्रदीप वर्मा, त्र्यम्बकराव साटकर, अनिल मौर्य, नरेश विश्वकर्मा, शुचि भवि, प्रदीप भट्टाचार्य, इन्दु शंकर मनु, ऋषि गजपाल, शानू मोहनन, ओम प्रकाश जायसवाल, एन एल मौर्य, डॉ दीनदयाल साहू, डॉ डीपी देशमुख, हितेश साहू, सनत मिश्रा, ज्ञानिक साव, कल्याण सिंह लोक, सुरेश बंछोर, अनुराधा बख्शी, आलोक शर्मा तथा नारायण चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी उपस्थित थे।

### प्रयास मूकबधिर एवं श्रवण विकलांग संस्थान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम हुआ

**दुर्ग।** जिला निर्वाचन कार्यालय और समाज कल्याण विभाग दुर्ग के संयुक्त तत्वाधान में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत आज मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन ''प्रयास मूकबधीर एवं श्रवण विकलांग संस्थान'' जी.ई. रोड सुपेला भिलाई में किया गया। कार्यक्रम में प्रयास स्कूल में अध्ययनरत मूकबधिर दिव्यांग छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता के संबंध में चित्रकला, पेंटिंग, रंगोली स्पर्धा का आयोजन कर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को अनुविभागीय अधिकारी (रा.) श्री मुकेश रावटे एवं उपसंचालक समाज कल्याण विभाग श्री कमलेश कुमार पटेल द्वारा पुरस्कृत किया गया। साथ ही मूकबधिर छात्र-छात्राएं जो 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं को ई.व्ही.एम. एवं वी.वी.पी.ए.टी. मशीन के संबंध में मास्टर ट्रेनर, श्री एस.एन.सिंह, सहायक श्री चुनेराम साहू तथा श्री संजय कुमार देशमुख द्वारा मतदान प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। छात्र-छात्राओं को बारी-बारी से डमी मतदान कराया गया। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग दुर्ग के उप संचालक श्री कमलेश कुमार पटेल, य एवं वहां के शिक्षकगण अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### निधन

**निर्मला चंद्राकर**

भिलाई, 1 अगस्त। सेक्टर-1 निवासी श्रीमती निर्मला चंद्राकर उम्र 69 वर्ष का दुखद निधन हो गया। वे अधिवक्ता कौशल प्रसाद चंद्राकर की पत्नी तथा अधिवक्ता सूरज प्रकाश चंद्राकर की माता जी थीं। उनका दाह संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। सीनियर एडवोकेट सुभाष सतपथी एवं अरुण राय ने श्रीमती निर्मला चंद्राकर के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है।



# बारिश के बाद सड़कों की तेज गति से करें मरम्मत: सीएम

## शारदा चौक से तात्यापारा चौक तक सड़क निर्माण कार्य है प्राथमिकता

**रायपुर,1 अगस्त।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को बारिश खत्म होने के तुरंत बाद सड़कों की मरम्मत करवाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा है कि आम जनता के सुविधा के लिए सड़कों के अधूरे कार्य, सड़कों की मरम्मत और नवीनीकरण के कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा है कि राज्य में सड़क निर्माण के कार्य मे लगी सभी एजेंसियों को आपस में सामंजस्य बनाकर तेजी से काम करना है।



मुख्यमंत्री ने समीक्षा के दौरान रायपुर शहर के चार महत्वपूर्ण कार्यों की भी जानकारी ली। इसमें तेलीबांधा में फ्लाईओवर का निर्माण, शारदा चौक से तात्यापारा चौक तक सड़क निर्माण, अटल एक्सप्रेस वे से वीआईपी रोड़ निर्माण तथा खारून रिवर फ्रंट के निर्माण कार्य शामिल हैं। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने विशेष तौर पर शारदा चौक से तात्यापारा चौक तक निर्माण तथा भू -अर्जन प्रकरण समेत लगभग 137 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाली 510 मीटर लंबी सड़क को लेकर अधिकारियों को निर्देश देते हुए जल्द ही इसका कार्य शुरू कराने की बात कही है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने राजधानी स्थित अपने निवास कार्यालय में लोक निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक लेते तेलीबांधा ओवरब्रिज और एक्सप्रेस वे को वीआईपी रोड से जोड़ने वाले ओवरब्रिज के बारे में भी अधिकारियों से समीक्षा की। बैठक में लोक निर्माण विभाग मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू, शिक्षा मंत्री श्री रविन्द्र चौबे, मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू, नगरीय प्रशासन विभाग के विशेष सचिव श्री अयाज भाई तंबोली, सीजीआरआईडीसीएल के प्रबंध संचालक श्री सारांश मित्तर एवं लोक निर्माण विभाग के ईएनसी समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने समीक्षा करते हुए कहा कि बची हुई सड़कों का निर्माण कार्य जल्दी पूरा होना चाहिए। समीक्षा बैठक में जानकारी देते हुए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सरगुजा क्षेत्र में कुल 332.7 किलोमीटर सड़कों की स्वीकृति प्रदान की गयी थी जिसमें 292.2 किलोमीटर सड़कों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है जबकि 40.5 किलोमीटर सड़कों का निर्माण कार्य अभी शेष है जिसे बारिश के मौसम के बाद जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। इसी प्रकार रायगढ़ क्षेत्र में भी 155.4 किलोमीटर सड़कों का कार्य पूरा किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि शेष कार्य भी जल्द पूरा किया जाए।

# मच्छेन्द्र महाले को सेवानिवृत्त होने पर जनसम्पर्क कार्यालय में दी गई विदाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 1 अस्त।** जिला जनसम्पर्क कार्यालय राजनांदगांव में कार्यरत सहायक ग्रेड-3 श्री मच्छेन्द्र महाले को सेवानिवृत्त होने पर आज जनसम्पर्क कार्यालय में भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर उन्हें शाल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। उप संचालक जनसम्पर्क डॉ. उषा किरण बड़ाईक ने उनके स्वस्थ एवं सुदीर्घ जीवन की कामना करते हुए कहा कि जनसंपर्क विभाग में दी गई उनकी सेवाएं अमूल्य हैं। वे लंबे समय से यहां कार्यरत रहे हैं तथा शासन के योजनाओं के प्रसार-प्रसार के लिए आयोजित फोटो प्रदर्शनी तथा भेंट-मुलाकात सहित विभिन्न आयोजनों में समर्पित भाव से कार्य करते रहे हैं।

उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। सहायक संचालक जनसम्पर्क श्री सुरेन्द्र शुक्ल ने कहा कि श्री मच्छेन्द्र महाले के जीवन की दूसरी पारी की शुरूआत हो रही है। वे अविभाजित मध्यप्रदेश के समय से अपनी सेवाएं यहां दे रहे हैं। श्री शुक्ल ने उनके सुखद जीवन की कामना करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई



दी। सहायक ग्रेड-3 श्री मच्छेन्द्र महाले ने कहा कि जनसंपर्क विभाग में सबके साथ सौहार्द्रपूर्ण माहौल में कार्य करने का अवसर मिला। शासकीय सेवा में विभिन्न अधिकारियों के साथ कार्य करने का सौभाग्य मिला। उन्होंने अपने शासकीय सेवाओं के अनुभव साझा किए। इस अवसर पर सहायक सूचना अधिकारी श्री प्रवीण रंगारी, सहायक ग्रेड-1 श्री विदेशीलाल परजा, सहायक ग्रेड-3 श्री आनंद सागर चतुर्वेदी, जिला समन्वयक श्री सूर्यकांत चंद्राकर, कम्प्यूटर ऑपरेटर श्री पुरूषोत्तम देवांगन भृत्य श्री भूपेन्द्र साहू, चौकीदार श्री विजय उजवने उपस्थित थे।

## एक नजर

### नव पदस्थ पुलिस महानिरीक्षक ने किया पदभार ग्रहण



**राजनांदगांव 1 अगस्त।** छ.ग. शासन गृह पुलिस विभाग मंत्रालय महानदी भवन रायपुर के आदेश दिनांक 27.07.2023 के अनुसार 1-कबीरधाम, 2-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई, 3-राजनांदगांव, 4-मोहला-मानपुर-अम्बागढ़चौकी कुल 04 जिलों को मिलाकर राजनांदगांव रेंज का गठन किया जा कर रेंज के प्रथम पुलिस महानिरीक्षक श्री राहुल भगत (भा.पु.से.) को नियुक्त किया गया है। श्री राहुल भगत (भा.पु.से.) 2005 बैच के आई.पी.एस. अधिकारी हैं जो पूर्व में क्रमशः जिला नारायणपुर, कांकेर, रायगढ़ एवं कबीरधाम में पुलिस अधीक्षक के पद पर पदस्थ रहे उप पुलिस महानिरीक्षक के पद पर वे केन्द्र सरकार में प्रतिनियुक्ति पर राज्य से बाहर पदस्थ थे तत्पश्चात पुलिस महानिरीक्षक पुलिस मुख्यालय रायपुर में पदस्त थे स्थानांतरण पर आज दिनांक 31.07.2023 को नवगठित पुलिस रेंज राजनांदगांव आकर अपना पदभार ग्रहण किया। पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज के आगमन पर उन्हें सलामी दी गई एवं प्रभारी पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव राजेश कुकरेजा, पुलिस अधीक्षक कबीरधाम अभिषेक पल्लव, पुलिस अधीक्षक खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई सुश्री अंकिता शर्मा द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया गया।

### जेसीआई रायपुर केपिटल लेडीस विंग ने किया मड़ई का आयोजन



**रायपुर 1 अगस्त।** जेसीआई रायपुर केपिटल लेडीस विंग व्दारा मड़ई - 4 (खुशियों का मेला) रविवार 30 जुलाई को राम नगर स्थित कर्मा भवन में आयोजित किया गया। उक्त जानकारी देते हुए लेडीस विंग की चेयरपर्सन अंजू जैन ने बताया कि मड़ई - 4 में पुरानी चीजे नई जैसी थी जिसका मुख्य उद्?देश्य था जरूरतमंद लोगों को साड़ी, शर्ट, पैंट, जींस, टी-शर्ट, बच्चों के कपड़े, सूट, कंबल, चादर, खिलौने, जूते और भी बहुत कुछ दिया गया। लगभग 200 लोगों ने लाभ उठाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेशनल ऑफिसर जेसी निशित गोहिल थे। कार्यक्रम की कार्डिनेटर शालिनी जैन, कार्यक्रम निदेशक शीतल लुनिया व सोनू ओसवाल व को-कार्यक्रम निदेशक धानी शर्मा थी। उक्त अवसर पर संस्था सुपर चैप्टर डायरेटर चित्रांक चोपड़ा, संस्था इंचार्ज मुकेश केडिया, संदीप थौरानी, प्रणय बुरड़, संस्था के अध्यक्ष विक्रम गिरडकर, लेडी जेसी इंचार्ज सीए रोमिल जैन, पूर्व अध्यक्षा निशा चोपड़ा, सोनम जैन, स्मिता केडिया, चेयरपर्सन अंजू जैन, सचिव विभा जैन, पायल लोढ़ा, नेहा जैन, टीना ढ़ाबरे, रूपल गोहिल, राजश्री, विधि, श्री ढगे, नमिता, साधना, सनत जैन, आनंद जैन, कृतेश चौहान, कौशिक, मनीष व अन्य सदस्य विशेष रूप से उपस्थित थे।

### भूपेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचा रहे : भरत नाहर

**अंवरी 1 अगस्त।** छत्तीसगढ़ में माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी को सभी जनता ÷कका÷ के नाम स जानते है, और यह पूरे छत्तीसगढ़ से लेकर कई राज्यो में प्रचलित हैं, भूपेश सरकार द्वारा बनाई गई योजना को जनता को भरपूर लाभ मिल रहा है, इसी को जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष भरत नाहर कुरूद विधानसभा क्षेत्र के भखारा ब्लॉक अंतर्गत प्रथम दिवस पर सेमरा सी,जोरातराई सी,सिलौटी,सौराबांधा, जुगदेही, खपरी जनमानस के बीच सभी योजना को घर-घर पहुँचा पहुचाया। भरत नाहर जी ने बताया कि एक बार पुनः छत्तीसगढ़ में भूपेश सरकार बनाने का व कुरुद विधानसभा में कांग्रेस की विधायक बनाने का जनमानस से निवेदन किया।

### निधन

### गोकुल दास वैष्णव

**रायपुर।** नवभारत के वरिष्ठ पत्रकार सुरेश वैष्णव राही के पिता श्री गोकुल दास वैष्णव का आज सुबह 7:00 बजे निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार आज दोपहर 1:00 बजे मारवाड़ी श्मशान घाट में किया जाएगा। प्रेस क्लब परिवार ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है।



# प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने संविदा कर्मियों को किया आश्वस्त: हारुन मानिकपुरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया 1 अगस्त।** छत्तीसगढ़ में राजनिती सरगर्मी पर है, संविदा/ दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी/अनियमित कर्मचारी हड़ताल पर है और कुछ संगठन अगस्त से ही हड़ताल में जाने वाले है! वहीं भारतीय जनता पार्टी ने समस्त संगठन के पदाधिकारियों से मिलकर पूर्ण रूप से आश्वासन दिया है कि भारतीय जनता पार्टी नियमितीकरण एवं स्थायीकरण के मांग को अपनी जन घोषणा पत्र में सामिल करेगी और सरकार बनते ही नियमितीकरण करेगी! 15 अगस्त को अनियमित /दैनिक वेतन भोगी/संविदा कर्मचारियों को लेकर बड़ी घोषणा पर अरुण साव का पलटवार, कहा- यह सरकार कुछ करने वाली नहीं केवल ठगने का काम कर रही है, काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़तीज्अगस्त को अनियमित/दैनिक वेतन भोगी/संविदा कर्मचारियों को नियमित करने की घोषणा को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने पलटवार किया है. उन्होंने कहा कि यह सरकार कुछ करने वाली नहीं है. काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती. सरकार ने हर वर्ग को ठगा और धोखा दिया है. लेकिन चला-चली की बेला में कुछ भी घोषणा कर सकते हैं ,लेकिन आदेश नही? जिस प्रकार से दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी/अनियमित/संविदा कर्मचारी छला जा रहा है अब छत्तीसगढ़ की जनता माफ करने वाली नही है, वादा करके वादा से मुकरना धोखा देना उचित नही है, छत्तीसगढ़ की जनता भी मानसिक रूप से तैयार है! भारतीय जनता पार्टी की केंद्रीय टीम में छत्तीसगढ़ के नेताओं को जगह मिलने पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर इस निर्णय से छत्तीसगढ़ का महत्व बढ़ा है. इससे पार्टी की ताकत बढ़ेगी, और मजबूती मिलेगी.




इसके साथ ही इस संबंध में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि वे घबराए और डरे हुए हैं. जनता का सामना नहीं कर पा रहे हैं, मंत्री और विधायक डरे हुए हैं, इसलिए इस तरीके की बातें करते हैं.सीएम भूपेश बघेल द्वारा छात्र संगठन चुनाव कराए जाने की घोषणा पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री घोषणा वीर हो गए हैं. छात्र संगठन चुनाव कराने की बात उन्हें 5 साल तक याद नहीं आई. जाते-जाते भी अब युवाओं को ठगना चाह रहे हैं जैसे की दैनिक वेतन भोगी/अनियमित/संविदा कर्मचारियों को ठगा है, पांच साल युवाओं को धोखा देने, ठगने का काम किया है. वहीं बस्तर के विधायकों की सुरक्षा हटाए जाने पर अरुण साव ने कहा कि सुरक्षा वापस लेने का काम राज्य सरकार कर रही है. सुरक्षा हटाकर पूर्व विधायकों को परेशान करने का काम किया जा रहा है।

# एलआईसी म्यूचुअल फंड ने की आईडीबीआई एमएफ स्कीम्स का विलय पूरा करने की घोषणा



**रायपुर 1 अगस्त।** भारत की एसेट मैनेजमेंट इंडस्ट्री के सबसे प्रतिष्ठित फंड हाउसों में से एक एलआईसी म्यूचुअल फंड (एलआईसी एमएफ) ने आईडीबीआई म्यूचुअल फंड (आईडीबीआई एमएफ) की योजनाओं का अधिग्रहण पूरा करने की घोषणा की है. यह विलय 29 जुलाई, 2023 से प्रभावी है. यह कदम अपने उत्पादों की पेशकश को मजबूत करने और उसमें विविधता लाने, अपनी उपस्थिति का विस्तार करने और देश में एक अग्रणी एमएफ हाउस बनने के लिए एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) को बढ़ाने के एलआईसी एमएफ के मिशन के अनुरूप है. 30 जून, 2023 तक एलआईसी एमएफ का एयूएम 18,400 करोड़ रुपये और आईडीबीआई एमएफ का 3,650 करोड़ रुपये था. विलय पूरा होने के बाद आईडीबीआई एमएफ की 20 योजनाओं में से 10 योजनाओं को एलआईसी एमएफ की समान योजनाओं के साथ मिला दिया जाएगा और बाकी 10 को एलआईसी एमएफ द्वारा स्टैंडअलोन आधार पर शामिल किया जाएगा, जिससे उसकी कुल योजनाओं की संख्या 38 हो जाएगी. इस विलय के साथ, आईडीबीआई एमएफ योजनाओं में निवेश करने वाले निवेशकों को इक्विटी, डेट, हाइब्रिड, सॉल्यूशन ओरिएंटेड थीम, ईटीएफ और इंडेक्स फंड को कवर करने वाले एलआईसी एमएफ के विभिन्न उत्पादों के बास्केट का एक्सेस मिलेगा. एलआईसी म्यूचुअल फंड के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ श्री टी.एस. रामकृष्णन ने सफलतापूर्वक विलय पूरा होने पर कहा्यह हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

# स्कूल में शिक्षकों की कमी को लेकर पालकों व पंचायत प्रतिनिधियों ने किया चक्का जाम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 1 अगस्त।** ब्लॉक के बेलगांव हायर सेकेंडरी स्कूल में व्याख्याता व चपरासी कि कमी को लेकर आज स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ स्कूली बच्चों के पालकों ने मिलकर मुख्य मार्ग को अवरुद्ध कर दिया। जिसके बाद प्रशासन ने एक रसायन शास्त्र के व्याख्याता नियुक्ति आनन-फानन में कर आंदोलन को शांत कराया। जानकारी अनुसार विद्यालय में लगातार विषयवार शिक्षकों की कमी को लेकर बच्चे अपने पालको से शिकायत करते थे जिससे तंग आकर 650 कि संख्या वाले विद्यालय से इस सत्र में ही 25 पालको ने अपने बच्चों की टीसी ले ली । तथा उनके बच्चे अब शहर के विद्यालयों में पढ़ रहे हैं।वही ग्रामीणों की माने तो इस माह भी 4 विद्यार्थियों ने स्कूल से टीसी लें ली। इन्हीं समस्याओं को देख दोनों ही प्रमुख पार्टियों के स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने जिला कलेक्टर को एक हसे पूर्व ज्ञापन सौपा था। जिसमें उन्होंने गुहार लगाई थी कि 1992 में विद्यालय के उन्नयन होने के बाद आज तक सेक्शन पोस्ट नहीं बढ़ाया गया है जिससे बच्चों की शिक्षा लगातार प्रभावित हो रही है। एक ओर व्याख्याता कि कमी दूसरी ओर सेक्शन पोस्ट का नहीं बढ़ाए जाने से बच्चों कि शिक्षा प्रभावित हुई है। 28जुलाई तक भौतिक शास्त्र व रसायन शास्त्र के व्याख्याता कि स्थाई नियुक्ति की मांग की गई थी । और मांग नहीं पूरी होने पर 31 जुलाई को मुख्य मार्ग में चक्का जाम करने के बात कही गई। परंतु ग्रामीणों ने बताया कि हमारी मांग पर प्रशासन ने कोई ध्यान नहीं दिया इस कारण आज वे धरना दे रहे थे। अंत में प्रशासन के द्वारा आज रसायन शास्त्र की एक व्याख्याता कि नियुक्ति की गई व भौतिक शास्त्र के व्याख्याता की नियुक्ति 15 दिवस के भीतर जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा की जाने की बात लिखित रूप में कही गई है। वह जल्द ही एक चपरासी की नियुक्ति का भी आदेश जारी करने की बात कही गई । जानकारी अनुसार आज के आंदोलन के लिए एक दिन पहले ही गांव की मीटिंग हुई थी। जिसमें आंदोलन करने के लिए दोनों ही पार्टियों के जनप्रतिनिधियों ने स्कूली बच्चों के साथ उनके पालक को लेकर साथ में चक्का जाम करने की हामी भरी थी। बताया जाता है कि राजनीतिक दबाव के कारण कांग्रेस समर्थक जनप्रतिनिधियों ने इस आंदोलन से अपना हाथ खींच लिया व आंदोलन के शुरू होने के पहले ही विद्यालय में बैठकर बच्चों को विद्यालय से बाहर नहीं निकलने दिया। जिसके बाद भाजपा समर्थित जनप्रतिनिधियों ने गांव के मुद्दे को प्रमुख रूप से देखने की बात कही । तथा भाजपा के समर्थित कार्यकर्ताओं ने पालकों के साथ मिलकर एक से 2 घंटे की मशक्कत के बाद अपनी बात मनवा ली।

# जनप्रतिनिधियों ने पारंपरिक खेल खेलकर बढ़ाया बच्चों का उत्साह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 1 अगस्त।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत जेटकन्हार व कन्हारगाँव हाई सेकेंडरी स्कूल में आयोजित ओलंपिक जोन स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रुप से क्षेत्रीय विधायक भुनेश्वर बघेल की धर्मपत्नी श्रीमती मधु बघेल जिला पंचायत सदस्य पुष्पा गोकर्ण वर्मा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी महामंत्री राजू सिंह राजपूत उपस्थित थे । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनप्रतिनिधियों ने कहा कि प्रदेश में जब से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार बनी है तब से छत्तीसगढ़ की परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए कार्य कर रही है इसी प्रकार बच्चों को भी अपने हुनर को आगे लाने के लिए स्कूलों में ओलंपिक प्रतियोगिता के माध्यम से पारंपरिक खेलो का आयोजन किया जा रहा है जिसमें बच्चे भाग लेकर गांव , शहर व जिला सहित प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर सकते हैं । आगे कहा कि भूपेश सरकार प्रदेश में अपनी योजनाओं के जरिए सभी वर्गों को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने स्कूल परिसर में बच्चों के साथ छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेल भंवरा बाटी, गिल्ली डंडा, बिलस , फुगड़ी सहित अन्य खेलों को खेलकर बच्चों का उत्साह वर्धन बढ़ाया। कार्यक्रम के अंत में अतिथि के हाथों जेटकंहार में 3 लाख की स्वीकृति से होने वाले नाली निर्माण का भूमि पूजन किया गया है।



# 12 जनजातियों को एसटी का दर्जा देने पर प्रधानमंत्री का जताया आभार

**नगरी 1 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के 12 जनजाति समुदाय के लगभग 72 हजार लोगों को संवैधानिक अधिकार मिलने से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा ने आभार व्यक्त किया है। महेन्द्र नेताम, जिलाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा धमतरी ने बताया कि 70 वर्ष से मात्रात्मक त्रुटि के चलते इन वंचित वर्गों को आरक्षण व अधिकार नहीं मिल रहा था। इन वंचित अनुसूचित जनजाति वर्ग के हितों और जनकल्याण में 12 जनजाति समुदाय को अनुसूचित जनजाति में मिलाने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल से केंद्र सरकार द्वारा पारित करने, राज्यसभा में कानून बनाए जाने पर छत्तीसगढ़ की जनजाति समुदाय के लोगों ने स्वागत किया है। धनुहार, धनुवार, किसान, सौंरा, साओंरा, बिंझिया, भुनिया भुईयां, भुयां के साथ पाण्डो जनजाति के तीन संस्करण शामिल हैं।अनुसूचित जनजाति वर्ग के साथ समूचे छत्तीसगढ़ की जनता जनार्दन की ओर से भी अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए एक अच्छी पहल है जिसमें 12 जनजातियों को शिक्षा से रोजगार तक के लाभ मिलेगा। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष महेंद्र नेताम ने इस रचनात्मक कार्य के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, केंद्रीय जनजाति मंत्री अर्जुन मुंडा केंद्रीय जनजाति राज्य मंत्री रेणुका सिंह, पूर्व राज्यसभा सांसद रामविचार नेताम एवं भारतीय जनता पार्टी के सभी सांसद गणों की विशेष तौर पर को धन्यवाद ज्ञापित किया है। यह संख्या जरूर कम है लेकिन दर्शाती है कि सरकार जनजाति समुदाय के लोगों के हितों को लेकर कितनी संवेदनशील है।



# उदयपुर में विक्रांत सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी पीएम की मन की बात

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**खैरागढ़ 1 अगस्त।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रत्येक महीने के अंतिम रविवार को लाइव प्रसारित होने वाले कार्यक्रम मन की बात के 103 वे एपिसोड को प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य व राजनांदगांव जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने छुईखदान मंडल के ग्राम उदयपुर में भाजपा बूथ कार्यकर्ताओं व ग्रामवासियों के साथ कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों को सुना.मन की बात कार्यक्रम से प्रधानमंत्री ने बाबा अमरनाथ व काशी विश्वनाथ में पर्यटकों की बढ़ती संख्या, एक दिन में उत्तरप्रदेश में 30 करोड पौधरोपण के रिकॉर्ड देशभर में नवनिर्मित अमृत सरोवरों माध्यम से जलसंरक्षण व संवर्धन नशामुक्ति हेतु चलाए गए अभियान मुस्लिम महिलाओं के हज यात्रा सहित विभिन्न विषयों पर अपने विचारों को साझा किए। मन की बात में राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड की कुछ माताओं और बहनों ने पत्र मुझे लिखे है ये भावुक कर देने वाले हैं। मोदी ने कहा, %उन्होंने अपने बेटे को, अपने भाई को, खूब सारा आशीर्वाद दिया है। उन्होंने लिखा है कि %उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की थी, कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर रहा भोजपत्र उनकी आजीविका का साधन बन सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भावी पीढ़ी को नशे के चुंगल से बचाने का आह्वान करते हुए कहा कि इसके लिए मिलकर और सभी स्तरों पर प्रयास करने होंगे। मोदी ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि देश में वर्ष 2020 से नशा मुक्ति अभियान चल रहा है। इसमें युवा बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं और इसे सफलता मिल रही है। उन्होंने जम्मू कश्मीर, पंजाब, चंडीगढ़ और मध्य प्रदेश में नशा मुक्ति अभियानों और उनकी सफलताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इसके लिए सभी को एक साथ जोड़ना होगा। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में म्यूजिकल नाइट्स, ऊंची पहाड़ियों पर बाइक राइड्स, चंडीगढ़ में स्थानीय क्लब और पंजाब में खेल समूह नशा मुक्ति अभियान का परिणाम है। इनसे युवाओं को नशे के चुंगल से बचाने में मदद मिल रही है। मोदी ने आगे कहा कि देश मे वीर शहीदों के सम्मान में मेरी माटी मेरा देश अभियान शुरू होगा। इसके तहत देशभर में अमर बलिदानों के स्मृति में अनेक कार्यक्रम आयोजित होगा. देशभर में अमृत कलश यात्रा भी निकाली जाएगी । इस वर्ष भी हर घर तिरंगा लगाने की अपील की। इस अवसर पर विक्रांत सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के विचारों व भावनाओं को सुनकर हम सभी के भीतर आत्मविश्वास की नई ऊर्जा का संचार होता है। व नई सोच व नई दिशा के साथ मार्गदर्शन प्राप्त होता है केसीजी जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू ने कहा कि हमने प्रधानमंत्री के बताए वृक्षारोपण, जलसंरक्षण अमृत सरोवरों के महत्व को समझा और आपदा के समय सेवा के महत्व का संकल्प दोहराया।

# कलेक्टर ने ली रानी सूर्यमुखी देवी राजगामी संपदा न्यास समिति की बैठक




**राजनांदगांव 1 अगस्त।** कलेक्टर श्री डोमन सिंह ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में रानी सूर्यमुखी देवी राजगामी संपदा न्यास समिति की बैठक ली। इस दौरान एसडीएम श्री अरूण वर्मा उपस्थित रहे। एसडीएम श्री अरूण वर्मा ने बताया कि राजगामी संपदा द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में कार्य किया जा रहा है। राजगामी संपदा की कृषि भूमि लीज 2023-24 हेतु 13 ग्राम की कृषि भूमि को निविदा द्वारा प्रदान की गई है। वहीं मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के तहत कुपोषित बच्चों के लिए सुपोषण किट प्रदान किया गया है। 20 आंगनबाड़ी केन्द्र में राजगामी संपदा की ओर से स्मार्ट टीवी लगाया गया है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि रानी सूर्यमुखी देवी फ्लड लाईट क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए राशि की स्वीकृति प्रदान की गई। वहीं राजगामी संपदा के ग्राम पाड़ादाह स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर में रथ यात्रा का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि जिला कार्यालय गार्डन के सामने मेन रोड में रेलिंग लगाने की दिशा में कार्य किया जाना है। उन्होंने विभिन्न मुद्दों पर जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर तहसीलदार श्री प्रफुल्ल गुप्ता उपस्थित रहे।

# संगठन के प्रति समर्पित नेता थे उदय मुदलियार:पाटिला

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 1 अगस्त।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज जी के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में 31 जुलाई सोमवार को स्थानीय कांग्रेस भवन में शहीद स्व.उदय मुदलियार जी की जयंती पर संगोष्ठी सभा आयोजित कर पुष्पाजंलि अर्पित करते हुए उनके योगदानों को याद किया गया। संगोष्ठी सभा का संचालन करते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि संगोष्ठी सभा में सर्वप्रथम शहीद स्व.मुदलियार जी की तैलचित्र पर माल्यापर्ण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर स्व.मुदलियार अमर रहे के नारे लगाते हुए संगोष्ठी सभा की शुरूआत हुई। इस दौरान अंत्याव्यवसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम बोर्ड के अध्यक्ष धनेश पाटिला ने शहीद स्व. उदय मुदलियार को नमन करते कहा कि स्व.उदय जी छात्र जीवन से राजनीति की शुरूआत करते हुए लगातार संगठन के प्रति समर्पित रहे। संगठन ने जो भी उन्हें जिम्मेदारी दी वह बखूबी निभाया। हमने एक निष्ठावान साथी खो दिया जो गरीब किसानों के हक के लिए हमेशा संघर्ष करते रहे। एक विधायक के तौर अपनी अमित छाप छोड़ी है वे सैदव युवाओं को संगठित व आगे बढ़ाने प्रयासरत रहे हैं। हमने आज यह संकल्प लिया है कि उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाकर उनके सपनों को साकार करेंगे। खादी एवं ग्रामोद्योग के सदस्य श्रीकिशन खंडेलवाल ने अपने साथ बिताएं पलों को याद करते हुए कहा कि छात्रजीवन से राजनीति शुरू करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष फिर शहर अध्यक्ष उसके बाद अविभावित मध्यप्रदेश के विधायक बनकर सबके चहते हुए। उदय जी का सबसे बड़ी खासियत यह रही कि लोगों की अलग-अलग विचार, मतभेद होने के बाद भी उसे संगठित करने की बेजोड़ रणनीति की परख थी। संगोष्ठी सभा को शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के पूर्व बस्तर प्रभारी एवं विधायक शहीद स्व. मुदलियार सफल राजनेता एवं कुशल नेतृत्व के धनी थे। श्री छाबड़ा ने कहा कि वे युवाओं के प्रेरणास्तोत्र थे तथा उनकी कांग्रेस संगठन के प्रति अटूट आस्था थी। उनके बताएं हुए मार्ग पर सभी को साथ लेकर चलने की आवश्यकता है। स्व.मुदलियार जी की कही हुई बातें अविस्मरणीय है। श्री छाबड़ा ने 25 मई 2013 के झीरम घाटी की घटना को याद करते हुए कहा कि यह हमारे लिए दुर्भाग्यपूर्ण दिन रहा है ऐसे कांग्रेस के नेता को हमने खोया है जो दिन रात कांग्रेस संगठन को मजबूत करने में लगे रहते थे। जिसे हम कांग्रेसजन कभी भूला नहीं पाएंगे। संगोष्ठी सभा पश्चात कांग्रेसजनों ने गायत्री मंदिर स्थित स्व. उदय मुदलियार की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। संगोष्ठी सभा को कमलजीत सिंह पिन्टू, रमेश डाकलिया, प्रदेश महासचिव थानेश्वर पाटिला, अल्पसंख्यक उड़िसा प्रभारी अब्दुल कलाम, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन ने संबोधित किया।



### प्रधान आरक्षक को सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई।

**राजनांदगांव 1 अगस्त।** 31 जुलाई को प्रधान आरक्षक श्री चेतन भारती सेवानिवृत्ति होने पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय राजनांदगांव में डी.एस.पी श्रीमती नेहा वर्मा द्वारा शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके उज्जव भविष्य की कामना कर विदाई दी गई। इस अवसर पर पुलिस कार्यालय के मुख्यलिपिक श्री दरवेश कामड़े एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय/रक्षित केंन्द्र के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित थे।



संपादकीय

## तब जरूर रिपीट होती है सरकार

किसी भी राजनीतिक दल के नेता के बयान से पता चलता है कि उसमें अपनी पार्टी की जीत व सरकार रिपीट होने के प्रति कितना भरोसा है। जिस नेता को अपने काम पर भरोसा होता है,जिसका जनता से संवाद होता रहता है, जिसके पास पूरे प्रदेश से सरकार के कामकाज की रिपोर्ट पहुंचती है, विधायकों के परफारमेंस के बारे मे जानकारी रहती है, संगठन की मजबूती पर भरोसा होता है। अपने नेताओं व कार्यकताओं पर भरोसा रहता है, वह यह कभी नहीं कहता है कि जनता कहती है कि हमारी पार्टी फिर से चुनाव जीतेगी। वह कहता है कि हमने जनहित में काम किए हैं, इसलिए हमारी पार्टी जितेगी, जनता को हमारा पसंद आया है, इसलिए जनता हमें दुबारा चुनेगी। साथ ही वह यह भी देश व जनता को बताता है कि उसकी सरकार बनेगी तो वह कौन सा ऐतिहासिक काम करने जा रहे हैं, उनकी सरकार बनेगी तो वह कौन सा ऐसाक काम करेगी जो पिछली सरकारों ने किया है। वह कौन सा ऐसा काम करेगी जिससे देश व राज्य को फायदा होगा। पीएम मोदी हाल में एक कार्यक्रम में यह विश्वार व्यक्त किया कि उनकी सरकार तीसरी बार बनने जा रही है, उनकी सरकार तीसरी बार बनेगी तो उनकी सरकार का लक्ष्य होगा भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना। देश के गैर भाजपा दलों के दूसरे नेताओं की तरह पीएम मोदी चुनाव सिर्फ सत्ता हासिल करने के लिए नहीं जीतना चाहते हैं। वह चुनाव इसलिए जीतना चाहते हैं कि वह देश को विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना चाहते हैं। पीएम मोदी ने देश की अर्थव्यस्था को दसवीं से पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाया है तो वह जानते हैं कि जनता उन्हें फिर से मौका देगी ताकि वह देश को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना सकें। जो नेता देश के लिए बड़े बड़े काम करना चाहता है, देश की जनता उसे काम करने का मौका देती है। उसे भरोसा भी होता है कि जनता उसे मौका जरूर देगी। क्योंकि वह देश के लिए कुछ बड़ा करना चाहते हैं। पीएम मोदी की तरह छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को भी भरोसा है कि उनकी सरकार रिपीट होगी। इसमें कोई शक नहीं है कि उन्होंने व उनकी सरकार ने भी कई काम अच्छे किए हैं। जिसे जनता ने पसंद किया है। जनता इन्हीं काम के आधार पर कांग्रेस व भूपेश बघेल सरकार को दूसरा मौका दे सकती है। लेकिन सीएम भूपेश बघेल पता नहीं क्यों कह नहीं पा रहे हैं कि दूसरी बार भी जनता उनकी पार्टी को चुनेगी। वह पता नहीं क्यों बता नहीं पा रहे हैं कि राज्य की जनता उन्हें फिर चुनेगी तो वह ऐसा क्या काम करेंगे जिससे छत्तीसगढ़ को फायदा होगा। वह जब यह कहते हैं कि जनता कह रही है कि कांग्रेस सरकार रिपीट होगी। तो ऐसा लगता है कि उन्हें पूरा अपनी सरकार के काम पर भरोसा नहीं है। उन्हें अपने विधायकों पर भरोसा नहीं है। पहले वह कहा करते थे कि वे सारे विधायकों को जिताकर लाएंगे। अब चुनाव करीब आ रहा है तो वह कह रहे कि दो चार विधायकों की स्थिति खराब हो सकती है,सभी विधायकों की स्थिति खराब नहीं है। कुछ विधायक तो अपने दम पर चुनाव जीत कर आते हैं। कुछ विधायक पार्टी सिंबल के कारण जीत कर आते हैं। कुछ विधायक सरकार के कामकाज के कारण जीत कर आते हैं। सीएम भूपेश बघेल पता नहीं क्यों ऐसा भरोसा नहीं दिखा पा रहे हैं कि सरकार ने इतना अच्छा काम किया है कि जिन लोगों को भी टिकट मिलेगी सब चुनाव जीतेंगे। उनके साढ़े चार साल के काम को जनता ने पसंद किया है। इससे जनता चाहती है कि उनकी सरकार दुबारा बने। यह भी सच है कि सरकार के खिलाफ कुछ वादे पूरे न होने नाराजगी है, जिन लोगों को कुछ नहीं मिला है, उनमें भी नाराजगी है। कमी खामी तो सभी सरकारों होती है, लेकिन जीत तो अच्वे काम व बड़े काम करने की इच्छा से मिलती है।

## आज का राशिफल

मेष राशि- आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज किसी बड़ी कंपनी से आपके लिए जॉब का ऑफर आ सकता है। छात्रों को अपनी पढ़ाई में और मेहनत करने की जरूरत है। आज शिक्षकों के वेतन में वृद्धि होने के आसार हैं। परिवार में किसी से आपको अच्छी सलाह मिलेगी। दांपत्य जीवन में खुशहाली का वातावरण रहेगा।

वृष राशि- आज आप किसी जरूरी काम से बाहर जा सकते हैं, अपना जरूरी सामान रखना न भूलें। सोशल मीडिया से जुड़े लोग आज ज्यादा से ज्यादा लोगों से परिचित हो पाएंगे। आज आपको कारोबार में लाभ मिलेगा। फ्रेंड्स के साथ ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते हैं। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन मिला जुला रहने वाला है। आज कोई भी कार्य करने से पहले अपने बड़ो का आशीर्वाद जरूर लें। आज वाहन खरीदने के लिए दिन अच्छा है।

मिथुन राशि- आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आज आपको सहयोगियों से मदद मिलेगी। बाहर रहकर पढ़ाई कर रहे छात्र आज अपने घरवालों से मिलने जाएंगे। कर्मचारियों की सैलरी में इन्क्रीमेंट होगा। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को किसी अच्छी कंपनी से जॉब का प्रपोजल आयेगा। राजनीति से जुड़े लोगो के लिए आज का दिन बेहतर रहने वाला है। नवविवाहित दंपत्ति कहीं बाहर घूमने जा सकते हैं। सरकारी जॉब की तैयारी कर रहे लोगों को अपनी मेहनत जारी रखने की आवश्यकता है।

कर्क राशि- आज का दिन शानदार रहने वाला है। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहने वाला है। आज आपके व्यापार में बेहतर सुधार आयेगा। दांपत्य जीवन में हो रही अनबन आज समाप्त होगी, जिससे आपके परिवार में खुशियां बनी रहेगी। मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों को सफलता मिलेगी। इंजीनियर्स आज कोई अधूरा प्रोजेक्ट पूरा करने में सफल होंगे। लवमेट्स का रिश्ता और गहरा होगा। आज पारिवारिक मेलजोल अच्छा बना रहेगा। सोशल मीडिया पर फॉलोवर्स में इजाफा होगा। आज कार्यक्षेत्र में की गयी मेहनत का बेहतर परिणाम हासिल होगा।

सिंह राशि- आज परिवार में आपके कार्यो की प्रशंसा होगी। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद खास रहने वाला है। आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ने का अच्छा मौका है। लवमेट्स लंच पर जाने का प्लान करेंगे। कॉम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों को पढ़ाई के प्रति लापारवाही करने से बचना चाहिए। किसी बड़े शोरूम में काम कर रहे लोगो की सैलरी में बढ़ोतरी होगी। किसी जरूरतमंद की मदद कर आपका मन प्रसन्न होगा। शिक्षकों के लिए आज का दिन सामान्य रहने वाला है। आज आपको किसी बात को लेकर ज्यादा जिद्द करने से बचना चाहिए।

कन्या राशि- आज आपका दिन बेहद खुशहाल रहेगा। रुके हुए कार्यों को पूरा करने का अच्छा मौका है। आज आप अपने बिजनेस को आगे बढ़ाने की नई योजना बनाएंगे, जिसमे आप सफल भी होंगे। आपकी मुलाकात बचपन के किसी दोस्त से होगी पुरानी यादें ताजा करेंगे। दांपत्य जीवन में और मधुरता आएगी। सोशल मीडिया पर लोगों की बातचीत नए लोगों से होगी। रिश्तेदारों से मिलने का मौका पाएंगे। शिक्षकों का ट्रान्सफर उनकी मन पसंद जगह होगा। आज परिवार में सुख शांति का माहौल बना रहेगा।

तुला राशि- आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज आप ऑफिस के कामों में उलझे रहेंगे। आज आपका स्वास्थय ठीक-ठाक रहने वाला है। आज राजनीति में आपका दबदबा कायम रहेगा। दांपत्य जीवन की समस्याएं खत्म होंगी, एक दूसरे के बीच प्यार बढ़ेगा। आज विद्यार्थियों को प्रोफ़ेसर द्वारा प्रोत्साहित किया जाएगा। रोज की अपेक्षा आज व्यापार में अच्छा मुनाफा होगा। जो लोग किसी एंट्रेंस एग्जाम की तैयारी में लगे हैं, उनको उनकी पसंद का कॉलेज मिलेगा। लवमेट्स से उपहार मिलेगा। आज जॉब की तलाश खत्म होगी, किसी अच्छी कंपनी में जॉब लगेगी।

वृश्चिक राशि- आज आपका दिन ख़ास रहने वाला है। आज अपनी सूझबूझ से कार्यों में सफलता हासिल करेंगे। आज परिवार का सहयोग प्राप्त होगा। सरकारी कर्मचारियों की सैलरी में वृद्धि होगी। लवमेट्स से कोई उपहार मिलेगा, जिससे पूरे दिन आपके चेहरे पर खुशी बनी रहेगी। आज वाहन खरीदने के योग बन रहे हैं। कंप्यूटर के स्टूडेंट्स को अच्छा सीखने का मौका मिलेगा। डॉक्टर्स के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। किसी को दिया हुआ धन वापस मिलेगा, जिससे आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा।

धनु राशि- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। घर खरीदने का विचार कर रहे लोगों के लिए आज का दिन शुभ है। स्टूडेंट किसी प्रोजेक्ट को पूरा करके आज फ्री हो पाएंगे। स्वास्थ्य से जुडी परेशानी के लिए किसी अच्छे डॉक्टर से संपर्क कर सकते हैं। आज बॉस आपको किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने को कह सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को सफलता जरूर मिलेगी। कपड़े का व्यापार कर रहे लोगों का कारोबार अच्छा चलेगा। आपके भौतिक सुख-साधनों में बढ़ोतरी होगी। बच्चो से कोई अच्छी खबर मिलेगी।

मकर राशि- आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। दोस्त आपसे मदद लेंगे, आप उन्हें निराश नहीं करेंगे। ग्रोसरी का बिजनेस कर रहे लोगों को अच्छा मुनाफा होगा। दांपत्य जीवन में और मधुरता आएगी। आपका स्वास्थय तरो ताजा रहेगा। शिक्षक आज किसी जरूरी मीटिंग में शामिल होंगे। पिता की सलाह से आपको अपने बिजनेस में काफी मदद मिलेगी। नवविवाहित दंपत्ति का रिश्ता और मजबूत बनेगा। किसी जरूरतमंद की मदद करके आपको खुशी महसूस होगी।

कुंभ राशि- आज आपका दिन खुशनुमा पलों से भरा रहेगा। आज परिवार से खुश खबरी मिलेगी। ट्रांसफर में आ रही रुकावट आज दूर होगी। वाहन चलाते समय आपको ध्यान देने की जरूरत है। आपको प्रोजेक्ट में दोस्तों की मदद मिलेगी। ऑफिस के उच्चधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा, बिगड़े काम भी बन जाएंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहने वाला है। डेकोरेशन का कारोबार कर रहे लोगों को अच्छा मुनाफा होगा। राजनीति में आपका पद बढ़ेगा

मीन राशि- आज अपने रुके हुए कार्यों को पूरा करने का सही समय है। सिविल इंजीनीयर्स के लिए दिन बेहतरीन रहेगा। आज सोशल मीडिया पर ज्यादा से ज्यादा लोगों से जुड़ सकेंगे। जॉब की तलाश में लगे लोगों को अच्छी जॉब मिलेगी। दांपत्य रिश्ता और मजबूत बनेगा। प्रतियोगी परिक्षा की तैयारी कर रहे स्टूडेंट्स को सफलता मिलेगी। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों की सैलरी में इन्क्रीमेंट होगा। आज आप घर पर अलग-अलग पकवानों का आनंद लेंगे।

# कब गीता ने ये कहा, बोली कहां कुरान करो धर्म के नाम पर धरती लहूलुहान

(मेवात-मणिपुर सांप्रदायिक हिंसा विशेष)

डॉ सत्यवान सौरभ



**नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े बताते हैं कि सांप्रदायिक हिंसा, झड़पों में बीते साल के मुकाबले ज़बरदस्त उछाल आया है। बीते कुछ दिनों में भारत के अलग-अलग राज्यों से एक के बाद एक सांप्रदायिक झड़पों की घटनाएं सामने आई हैं। इनमें से सबसे हालिया घटना मणिपुर और हरियाणा के मेवात की, जहां ब्रजयात्रा के मौके पर शोभायात्रा के दौरान हिंसा भड़की और लोग इसमें कई लोग घायल हो गए। जिनमें पुलिस वाले शामिल हैं। लेकिन सवाल अभी भी बरक़रार है कि देश में सांप्रदायिक दंगों की घटनाएं इतनी क्यों बढ़ी हैं?**

भारत मूलतः विविधताओं का देश है, विविधताओं में एकता ही यहाँ की सामासिक संस्कृति की स्वर्णिम गरिमा को आधार प्रदान करती है। वैदिक काल से ही सामासिक संस्कृति में अंतर और बाह्य विचारों का अंतर्वेशन ही यहाँ की विशेषता रही है, इसलिये किसी भी सांस्कृतिक विविधता को आत्मसात करना भारत में सुलभ है। इसी परिप्रेक्ष्य में धार्मिक सहचार्यता भी इन्हीं विशेषताओं में से एक रही है, इसका अप्रतिम उदाहरण सूफीवाद में देखा जा सकता है जहाँ पर इस्लामिक एकेश्वरवाद और भारतीय धर्मों की कुछ विशेषताओं का स्वर्णिम संयोजन हुआ तथा परिणामस्वरूप एक संश्लेषित धार्मिक वैचारिकता का सफल अनुगमन हुआ। किंतु हाल के वर्षों में भारत की सांस्कृतिक विविधता- सांस्कृतिक विषमता में अंतरित हो रही है जिससे लोगों के मध्य सद्भाव में ह्रास के साथ ही सांस्कृतिक विशेषता पर भी नकारात्मक प्रभाव भी पड़ रहा है।

एक राजनीतिक दर्शन के रूप में सांप्रदायिकता की जड़ें भारत की धार्मिक और सांस्कृतिक विविधता में मौजूद हैं। भारत में सांप्रदायिकता का प्रयोग सदैव ही धार्मिक और जातीय पहचान के आधार पर समुदायों के बीच सांप्रदायिक घृणा और हिंसा के आधार पर विभाजन, मतभेद और तनाव पैदा करने के लिये एक राजनीतिक प्रचार उपकरण के रूप में किया गया है। सांप्रदायिक हिंसा एक ऐसी घटना है जिसमें दो अलग-अलग धार्मिक समुदायों के लोग नफरत और दुश्मनी की भावना से लामबंद होते हैं और एक-दूसरे पर हमला करते हैं। देश में फेक न्यूज़ के तीव्र प्रसार से सांप्रदायिकता को बढ़ावा देने में सोशल मीडिया ने महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा की है। सोशल मीडिया हिंसा के माध्यम से दंगों और हिंसा के ऑडियो-विज़ुअल का प्रसार काफी सुगम और तेज़ हो गया है। हिंसा से संबंधित ये अमानवीयता ग्राफिक चित्रण आम जनता में अन्य समुदायों के प्रति घृणा को और बढ़ा देते हैं।

पत्रकारिता की नैतिकता और तटस्थता का पालन करने के स्थान पर देश के अधिकांश मीडिया हाउस विशेष रूप से किसी-न-किसी राजनीतिक विचारधारा के प्रति झुके हुए दिखाई देते हैं, जो बदले में सामाजिक दरार को चौड़ा करता है। वर्तमान समय में विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा अपने राजनीतिक लाभों की पूर्ति के लिये सांप्रदायिकता का सहारा लिया जाता है। एक प्रक्रिया के रूप में राजनीति का सांप्रदायीकरण भारत में सांप्रदायिकता को बढ़ावा देने के साथ-साथ देश में सांप्रदायिक हिंसा की तीव्रता को बढ़ाता है। भारतीय लोगों में आमतौर पर मूल्य-आधारित शिक्षा का अभाव देखा जाता है, जिसके कारण वे बिना सोचे-समझे किसी की भी बातों में आ जाते हैं और अंधानुकरण करते हैं। विकास का असमान स्तर, वर्ग विभाजन, गरीबी और बेरोज़गारी आदि कारक सामान्य लोगों में असुरक्षा का भाव उत्पन्न करते हैं। असुरक्षा की भावना के चलते लोगों का सरकार पर विश्वास कम हो जाता है, परिणामस्वरूप अपनी ज़रूरतों/हितों को पूरा करने के लिये लोगों द्वारा विभिन्न राजनीतिक दलों, जिनका गठन सांप्रदायिक आधार पर हुआ है, का सहारा लिया जाता है। दो समुदायों के बीच विश्वास और आपसी समझ की कमी या एक समुदाय द्वारा दूसरे समुदाय के सदस्यों का उत्पीड़न आदि के कारण उनमें भय, शंका और खतरे का भाव उत्पन्न होता है। इस मनोवैज्ञानिक भय के कारण लोगों के बीच विवाद, एक-दूसरे के प्रति नफरत, क्रोध और भय का माहौल पैदा होता है।

सांप्रदायिक हिंसा के दौरान निर्दोष लोग अनियंत्रित परिस्थितियों में फँस जाते हैं, जिसके कारण व्यापक स्तर पर मानवाधिकारों का हनन होता है। सांप्रदायिक हिंसा के कारण जानमाल का काफी अधिक नुकसान होता है। सांप्रदायिक हिंसा वोट बैंक की राजनीति को बढ़ावा देती है और सामाजिक सामंजस्य प्रभावित होता है। यह दीर्घावधि में सांप्रदायिक सद्भाव को गंभीर नुकसान पहुँचाती है। सांप्रदायिक हिंसा धर्मनिरपेक्षता और बंधुत्व जैसे संवैधानिक मूल्यों को प्रभावित करती है। सांप्रदायिक हिंसा में पीड़ित परिवारों को इसका सबसे अधिक खामियाज़ा भुगतना पड़ता है, उन्हें अपना घर, प्रियजनों यहाँ तक कि जीविका के साधनों से भी हाथ धोना पड़ता है। सांप्रदायिकता देश की आंतरिक सुरक्षा के लिये भी चुनौती प्रस्तुत करती है क्योंकि सांप्रदायिक हिंसा को भड़काने वाले एवं उससे पीड़ित होने वाले दोनों ही पक्षों में देश के ही नागरिक शामिल होते हैं।

सांप्रदायिक हिंसा को रोकने के लिये पुलिस को अच्छी तरह से सुसज्जित होने की आवश्यकता है। इस तरह की घटनाओं को रोकने हेतु स्थानीय खुफिया नेटवर्क को मज़बूत किया जा सकता है। सांप्रदायिक हिंसा को रोकने के लिये शांति समितियों की स्थापना की जा सकती है जिसमें विभिन्न धार्मिक समुदायों से संबंधित व्यक्ति सद्भावना फैलाने और दंगा प्रभावित क्षेत्रों में भय तथा घृणा की भावनाओं को दूर करने के लिये एक साथ कार्य कर सकते हैं। यह न केवल सांप्रदायिक तनाव बल्कि सांप्रदायिक दंगों को रोकने में भी मददगार साबित होगा। देश के आम लोगों को मूल्य आधारित शिक्षा दी जानी चाहिये, ताकि वे आसानी से किसी की बातों में न आ सकें। शांति, अहिंसा, करुणा, धर्मनिरपेक्षता और मानवतावाद के मूल्यों के साथ-साथ वैज्ञानिकता (एक मौलिक कर्त्तव्य के रूप में निहित) और तर्कसंगतता के आधार पर स्कूलों और कॉलेजों/विश्वविद्यालयों में बच्चों के उत्कृष्ट मूल्यों पर ध्यान केंद्रित करने, मूल्य-उन्मुख शिक्षा पर ज़ोर देने की आवश्यकता है जो सांप्रदायिक भावनाओं को रोकने में महत्त्वपूर्ण साबित हो सकते हैं।

मौजूदा आपराधिक न्याय प्रणाली में सुधार कर शीघ्र परीक्षणों और पीड़ितों को पर्याप्त मुआवज़ा प्रदान करने की व्यवस्था की जानी चाहिये। भारत सरकार द्वारा सांप्रदायिक हिंसा को रोकने के लिये वैश्विक स्तर पर मलेशिया जैसे देशों में प्रचलित अभ्यासों का अनुसरण किया जा सकता है। सांप्रदायिक हिंसा को रोकने के लिये मज़बूत कानून की आवश्यकता होती है। साथ ही देश के नागरिकों को ये समझने की आवश्कता है कि-

*कब गीता ने ये कहा, बोली कहां कुरान।
करो धर्म के नाम पर, धरती लहूलुहान।।*

# राजर्षि टंडन नये भारत के निर्माता एवं हिन्दी के क्रांतिकारी योद्धा

जयन्ती पर विशेष

ललित गर्ग



हिंदी को भारत की राष्ट्रभाषा के पद पर प्रतिष्ठित करवाने में जिन महापुरुषों का महत्वपूर्ण योगदान था उनमें सबसे अग्रणी थे राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन। भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन के क्रांतिकारी नेता होने के साथ-साथ वे हिंदी के अनन्य सेवक, स्वतंत्रता सेनानी, समर्पित राजनयिक, कुशल वक्ता, ऊर्जावान पत्रकार, कवि, लेखक, साहित्यकार, समाज सुधारक और समाज सेवी होने के साथ एक बहुत ही संत स्वभाव के व्यक्तित्व थे। उनकी बहुआयामी और प्रतिभाशाली व्यक्तित्व को देखकर देवराहा बाबा ने उन्हें -'राजर्षि' की उपाधि से विभूषित किया। राष्ट्रीयता के पोषक, भारतीय संस्कृति के परम हिमायती और पक्षधर होने पर भी राजर्षि रूढ़ियों और अंधविश्वासों के कट्टर विरोधी थे। उन्होंने भारतीय समाज में व्याप्त बुराइयों एवं कुप्रथाओं पर प्रहार करते हुए उनके खिलाफ सशक्त आवाज उठाई। उनमें एक अद्भुत आत्मबल था, जिससे वे कठिन से कठिन कार्य को आसानी से सम्पन्न कर लेते थे।

पुरुषोत्तम दास टंडन का जन्म एक अगस्त 1882 को उत्तर प्रदेश के इलाहबाद में खत्री परिवार में हुआ था। राधास्वामी सम्प्रदाय से संबंध रखने वाले पिता श्री शालिग्राम टंडन इलाहाबाद के एकाउण्टेण्ट जनरल आफिस में क्लर्क थे, उनके संत स्वभाव का उन पर खूब असर हुआ। बचपन से ही पढ़ने में मेधावी रहे पुरुषोत्तम दास 1899 में इंटर की परीक्षा पास करते ही कांग्रेस के स्वयंसेवक बन गए। अपने क्रांतिकारी कार्यकलापों के कारण उन्हें इलाहाबाद विश्वविद्यालय के म्योर सेंट्रल कॉलेज से निष्कासित कर दिया गया था और 1903 में अपने पिता के निधन के बाद उन्होंने एक अन्य कॉलेज से अपनी पढ़ाई पूरी की। 1919 में जलियांवाला बाग हत्याकांड का अध्ययन करने वाली कांग्रेस पार्टी की समिति के वह एक सदस्य थे। महात्मा गांधी के कार्यक्रमों एवं विचारों का उन पर विशेष प्रभाव पड़ा। गांधीजी के कहने पर वे वकालत को छोड़कर स्वतंत्रता संग्राम में कूद पड़े। वे सन् 1930 में सविनय अवज्ञा आंदोलन के सिलसिले में बस्ती में गिरफ्तार हुए और उन्हें कारावास का दंड मिला। 1931 में लंदन में आयोजित गोलमेज सम्मेलन से गांधीजी के वापस लौटने से पहले जिन स्वतंत्रता सेनानियों को गिरफ्तार किया गया था उनमें जवाहरलाल नेहरू के साथ पुरुषोत्तम दास टंडन भी थे। उन्होंने बिहार में कृषि को बढ़ावा देने के लिए काफी कार्य किए। 1933 में वह बिहार की प्रादेशिक किसान सभा के अध्यक्ष चुने गए और बिहार किसान आंदोलन के साथ सहानुभूति रखते हुए विकास के अनेक कार्य किए। भारत की आजादी एवं आजाद भारत के निर्माण में पुरुषोत्तम दास टंडन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सन् 1905 में उनके राजनीतिक जीवन का प्रारंभ हुआ जब बंगाल विभाजन के विरोध में समूचे देश में आन्दोलन हो रहा था। बंगभंग आन्दोलन के दौरान उन्होंने स्वदेशी अपनाने का प्रण किया और विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार प्रारंभ किया। वे 'लोक सेवक संघ' का भी हिस्सा रहे थे। 1920 और 1930 के दशक में उन्होंने असहयोग आन्दोलन और नमक सत्याग्रह में भाग लिया और जेल गए। भारत की आजादी के बाद 1951 में हुए देश के पहले चुनाव में पाँच प्रत्याशी निर्विरोध चुने गए थे। इसके बाद 1952 में हुए उप-चुनाव में इलाहाबाद पश्चिम में कांग्रेस के पुरुषोत्तम दास टंडन निर्विरोध विजयी हुए। वे लाला लाजपत राय द्वारा स्थापित 'लोक सेवा मंडल' का भी अध्यक्ष रहे। वे यूनाइटेड प्रोविंस (आधुनिक उत्तर प्रदेश) के विधान सभा के 13 साल (1937-1950) तक अध्यक्ष



रहे। उन्हें सन् 1946 में भारत के संविधान सभा में भी सम्मिलित किया गया। आजादी के बाद सन् 1948 में उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए पट्टाभि सितारमैय्या के विरुद्ध चुनाव लड़ा, पर हार गए। सन् 1950 में उन्होंने आचार्य जे.बी. कृपलानी को हराकर कांग्रेस अध्यक्ष पद हासिल किया पर प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु के साथ वैचारिक मतभेद के कारण उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष पद से त्यागपत्र दे दिया। राजर्षि टंडन ने 10 अक्टूबर, 1910 को नागरी प्रचारिणी सभा वाराणसी के प्रांगण में हिंदी साहित्य सम्मेलन की स्थापना की। इसी क्रम में 1918 में उन्होंने 'हिंदी विद्यापीठ' और 1947 में 'हिंदी रक्षक दल' की स्थापना की। वे हिंदी के प्रबल पक्षधर थे। वह हिंदी में भारत की मिट्टी की सुगंध महसूस करते थे। हिंदी साहित्य सम्मेलन के इंदौर अधिवेशन में स्पष्ट घोषणा की गई कि अब से राजकीय सभाओं, कांग्रेस की प्रांतीय सभाओं और अन्य सम्मेलनों में अंग्रेजी का एक शब्द भी सुनाई न पड़े। हिंदी का पुरजोर समर्थन करने वाले राजर्षिजी पर अकसर हिंदी का अधिक समर्थन और अन्य भाषाओं को नजरअंदाज करने का आरोप लगता रहा है। उन्होंने हिन्दी के लिये पूरे जीवन में बड़े संघर्ष किया, इस विषय एवं अन्य विषयों को लेकर उनके और नेहरूजी के संबंधों को लेकर भी हमेशा मतभेद रहे हैं। लेकिन इन सबके बीच टंडन ने हिंदी प्रेम और समर्पण धूमिल होने नहीं दिया। उन्होंने हिंदी का खूब प्रचार प्रसार किया। संविधान सभा में राजभाषा के चुनाव पर उन्होंने हिंदी की तगड़ी पैरवी की और उन्हीं के अथक प्रयासों के चलते ही हिंदी को संविधान में आधिकारिक राजभाषा का दर्जा मिला। 1956 में उन्हें संसदीय विधिक और प्रशासकीय शब्दों के संग्रह हेतु गठित समिति का सभापति बनाया गया। उनके योगदान की सूची बहुत लंबी है। 1961 में हिंदी भाषा को देश में अग्रणी स्थान दिलाने में अहम भूमिका निभाने के लिए उन्हें देश का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार 'भारत रत्न' से विभूषित किया गया।

हिंदी के अनन्य सेवकों में ही नहीं, हिंदी के सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा के लिए लड़ने वाले महारथियों में भी राजर्षि टंडन का नाम सबसे आगे आता है। वे अकेले व्यक्ति थे, जिन्होंने हिंदी को आगे बढ़ाने में काम ही नहीं किया बल्कि हिंदी के लिए दुर्धुर्ष लड़ाइयां भी लड़ीं। इसके लिए राजनीतिक क्षेत्र में कदम-कदम पर मिलने वाले विरोध के अलावा निजी तौर पर भी उन्हें कोसने वाले कम न थे। पर टंडनजी तो किसी और ही मिट्टी के बने थे। वे हर आंधी-तूफ़ान में हिमगिरी की तरह अडिग खड़े रहे और हिंदी की सेवा के लिए जो कटुतम आलोचनाएं और अपशब्द सुनने को मिले, उन्हें हिंदी का प्रसाद समझकर झोली में डाल लिया। यहां तक कि हिंदी के लिए उन्हें जो विकट शूल सहने पड़े, उन्हें लेकर अपनी विपदाओं का बखान करना भी उन्हें कतई प्रिय नहीं था। हिंदी उनके लिए भाषा नहीं, सचमुच मां ही थी और बेटे को मां की सेवा में अगर अथक कष्ट झेलने भी पड़ें, तो उसकी चर्चा कर वह स्वयं को या अपनी वत्सला जननी की ममता और बड़प्पन को क्यों छोटा करेगा?

ऊपर से देखने पर टंडनजी के जीवन में बड़ी विरोधाभासी स्थितियां नजर आती हैं। उनका परिवार राधास्वामी का अनुयायी था। टंडनजी पर भी इसका प्रभाव पड़ा। उनके रहन-सहन, वेश और खानपान में जो सादगी और सरलता थी तथा उनके मन में जो करुणा, दयाभाव और परदुखकातरता थी, वह भी संभवतः वहीं से आई। उन्होंने अपने बेटों के नाम संतप्रसाद, स्वामीप्रसाद, गुरुप्रसाद आदि रखे, पर इस पर भी राधास्वामी संप्रदाय का ही प्रभाव था और एक बार तो मठाधीश होते-होते बचे। आगरा के राधास्वामी संप्रदाय की गद्दी के लिए चुनाव हुआ, तो कुछ मित्रों के कहने पर उन्होंने भी अपना नाम दे दिया। चुनाव हुआ तो बहुत कम मतों से वे हार गए, वरना शायद उनकी नियति कुछ और होती।

टंडनजी सादगी और सरलता की मिसाल थे और अपनी बहुत सादा कुर्ते-धोती वाली वेशभूषा से ही उनकी पहचान थी, पर बहुतों को शायद पता न हो कि कॉलेज के दिनों में वे क्रिकेट के बहुत अच्छे खिलाड़ी और अपनी क्रिकेट टीम के कप्तान थे। इसी तरह टंडनजी हिंदी के अनन्य भक्त होने के साथ ही फ़ारसी के बहुत अच्छे विद्वान थे और अंग्रेजी भी उनकी बहुत अच्छी थी। पर इन सबके बावजूद उनका हिंदी प्रेम एक अनोखी मिसाल बन गया। इसकी कुछ-कुछ प्रेरणा उन्हें स्वदेशी आंदोलन से मिली। फ़िर बालकृष्ण भट्ट सरीखे हिंदी के विद्वान साहित्यकार उनके गुरु थे, जिनके सान्निध्य में उनका हिंदी-प्रेम परवान चढ़ा। टंडनजी के व्यक्तित्व की सबसे बड़ी खूबी यह थी कि वे ऊपर से संत सरीखे सरल नजर आते थे, पर उनके भीतर एक आदि विद्रोही एवं क्रांतिकारी योद्धा भी बैठा था, जो किसी भी अन्याय के विरोध में तनकर खड़ा हो जाता था। एक बार वे कोई फैसला कर लेते तो कोई उन्हें सत्य पथ से डिगा नहीं सकता था।

# सब कुछ नकली और दिखावा

चिंतन

हरिशंकर व्यास

देश की राजनीति और समाज में सब कुछ बदल गया है! सारी चीजें नकली और दिखावे वाली हो गई हैं! दिखावे का दुख है, दिखावे के आंसू हैं, दिखावे का गुस्सा है, दिखावे का प्यार है और यहां तक कि अर्थव्यवस्था के आंकड़े भी दिखावे के हैं, नकली हैं या आधे अधूरे हैं। जिन आंकड़ों को हार्ड फैक्ट कहा जाता है वह भी फैक्ट नहीं होकर नकली है। उपलब्धियों का झूठा बखान है और लोगों का कल्याण कर देने, देश को बदल देने का झूठा आख्यान है। ऐसा नहीं है कि नेता पहले सत्यवादी हरिश्चंद्र होते थे और झूठ की शुरुआत अभी हुई है। लेकिन पहले सच और झूठ का, असली और नकली का एक संतुलित अनुपात होता था। अब वह अनुपात बिगड़ गया है। अब धीरे धीरे सच की मात्रा घटते घटते लुप्त हो गई है। अब सिर्फ झूठ चल रहा है। अब सिर्फ झूठे नैरेटिव हैं, झूठी कहानियां और झूठे दावे हैं।

राज्यसभा में पिछले दिनों कांग्रेस सांसद अमी याज्ञनिक ने पूछ दिया कि मणिपुर में महिलाओं के साथ हुए दुर्व्यवहार पर महिला व बाल विकास मंत्री कुछ क्यों नहीं बोल रही हैं तो महिला और बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी का जो रौद्र रूप दिखा वह हैरान करने वाला था। उनका गुस्सा, उनका चीखना-चिल्लाना सब नकली था, दिखावा था और अभिनय के लंबे प्रयास से साधा हुआ था। वह उतना ही नकली था, जितना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मणिपुर के मसले पर दुख जताना था, जिसे लेकर 'द टेलीग्राफ' अखबार ने घड़ियाली आंसू की हेडिंग बनाई थी। मणिपुर में करीब तीन महीने से हिंसा चल रही है। सैकड़ों लोग मारे जा चुके हैं, हजारों लोग विस्थापित हुए हैं और राहत शिविरों में रह रहे हैं। महिलाओं पर अत्याचार की सैकड़ों घटनाएं हुई हैं, जैसा कि खुद भाजपा के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कहा। निश्चित रूप से प्रधानमंत्री और महिला व बाल विकास मंत्री को इसकी जानकारी मिलती होगी। लेकिन 77 दिन में न प्रधानमंत्री ने एक बार दुख जताया और न महिला व बाल विकास मंत्री का गुस्सा दिखा। दुख और गुस्सा तब दिखा, जब वायरल वीडियो से दुनिया में बदनामी होने लगी और सवाल पूछा जाने लगा। लेकिन वह दुख और गुस्सा भी कई शर्तों के साथ है। इन सवालों के साथ कि आप बंगाल पर क्यों नहीं बोलते या आप राजस्थान पर क्यों नहीं बोलते या आप तब कहां थे, जब अमुक जगह ऐसी ही घटना हुई थी? सोचें, क्या किसी मानवीय त्रासदी के समय ऐसे सवाल पूछे जा सकते हैं? पर आज हर घटना के बाद यह सवाल पूछा जाता है। पहले किसी भी मानवीय या प्राकृतिक त्रासदी के बाद की प्रतिक्रिया स्वाभाविक होती थी, उस पर स्वाभाविक रूप से चर्चा होती थी और सहज भाव से दुख प्रकट किया जाता था। लेकिन अब ऐसा नहीं होता है। अब सब कुछ नकली होता है। इन शर्तों के साथ होता है कि आप मणिपुर पर चर्चा कराना चाहते हैं तो हम उसमें राजस्थान, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल भी जोड़ कर चर्चा कराएंगे। सोचें, क्या लोकतंत्र इस तरह काम करता है कि तुम हमारे शासन वाले राज्य की मानवीय त्रासदी का जिक्र मत करो वरना हम तुमको भी कठघरे में खड़ा करेंगे?

असल में राजनीति में कुछ भी स्वाभाविक रूप से होता नहीं दिख रहा है। संसद में सब कुछ मशीनी अंदाजा में हो रहा है। विपक्ष चाहे कितना भी बड़ा मुद्दा उठाए लेकिन पीठासीन अधिकारी उसे महत्व नहीं देंगे। वे सरकार का मुंह देखते रहते हैं। संवैधानिक और वैधानिक पदों पर बैठे लोगों के पास भी असली ताकत नहीं है। सब एक व्यक्ति की आभासी ताकत से काम करते हुए हैं। मीडिया की संसद कवरेज को सीमित कर दिया गया है। सांसद मीडिया से बात नहीं करते हैं और यहां तक कि आपस में भी खुल कर बात नहीं कर सकते हैं। सब इस डर में हैं कि उन पर नजर रखी जा रही है और कहीं मीडिया या किसी दूसरी पार्टी के सांसद से बात करते देख लिए गए तो मुश्किल हो जाएगी। सत्तारूढ़ दल के सांसदों के हंसते-मुस्कुराते चेहरे संसद में देखने को नहीं मिलते हैं। सब नकली गंभीरता ओढ़े हुए रहते हैं। और तो और अर्थव्यवस्था और विकास के आंकड़े भी असली नहीं है। सरकार संसद के बाहर कुछ दूसरा आंकड़ा देती है और संसद के अंदर कुछ और कहती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अभी हाल के अपने विदेश दौरे में कहा कि देश में हर साल एक आईआईटी और एक आईआईएम बन रहे हैं, जबकि संसद में एक सवाल के जवाब में सरकार ने कहा कि पिछले पांच साल से कोई आईआईटी या आईआईएम नहीं बना है। पिछले नौ साल में इनकी संख्या जरूर बढ़ गई है लेकिन कहीं इमारत पूरी नहीं है तो कहीं फैकल्टी पूरी नहीं है।

## एक नजर

### गीदम परियोजना कार्यालय में महिला जागृति शिविर का आयोजन



**गीदम, 1 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता ।** गीदम परियोजना कार्यालय में सोमवार को परियोजना स्तरीय महिला जागृति शिविर का आयोजन हुआ । जहा मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष अन्ति वेंक रही । इसके साथ ही कार्यक्रम में महिला बाल विकास अधिकारी आभा गुरुद्वार , जनपद सीईओ गीदम अमित भाटिया , परियोजना अधिकारी गीदम आर के टंडन मौजूद रहे। कार्यक्रम में महिला जागृति शिविर के सम्बंध में जानकारी दी गई । महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, प्रावधानों के प्रति जागृत करना, विभिन्न सामाजिक कुप्रथाओं के विरूद्ध महिलाओं को जागृत व संगठित करना तथा विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करना समेत तमाम जानकारिया दी गई । इसके साथ ही 1 अगस्त से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह का भी आयोजन किया जा रहा है जिसकी विस्तृत जानकारिया विभाग के कर्मियों , महिलाओ को दी गई । इस मौके पर सुपरवाइजर , आंगनबाड़ी कार्यकर्ता , मितानिन महिलाए समेत अन्य मौजूद रहे।

### बेरोजगारी भत्ता,मुख्यमंत्री ने 31.71 करोड़ रुपए से अधिक राशि हितग्राहियों के खाते में की अंतरित

**जगदलपुर ।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय में बेरोजगारी भत्ता योजना के तहत चैथी किश्त के रूप में प्रदेश के 01 लाख 22 हजार 625 हितग्राहियों को 31 करोड़ 71 लाख रूपए की राशि सीधे उनके खाते में अंतरित की। बेरोजगारी भत्ता की अप्रैल, मई, जून और जुलाई माह की चार किश्तों को मिलाकर हितग्राहियों के खाते में अब तक 112 करोड़ 43 लाख 30 हजार रूपए की राशि का भुगतान किया जा चुका है। आज अंतरित की गई राशि में अप्रैल माह के शेष 147 लाभार्थियों को चार माह तथा मई माह के शेष 373 लाभार्थियों को तीन माह का और जून माह के शेष 3028 लाभार्थियों को दो माह का बेरोजगारी भत्ता जारी किया गया।

बस्तर जिले के कुल 2940 हितग्राहियों को 2500 रुपये प्रति माह की दर से कुल 73 लाख 50 हजार रुपये बेरोजगारी भत्ता वितरित किया गया। कार्यक्रम में जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में कलेक्टर श्री विजय दयाराम के.,जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रकाश सर्वे,रोजगार अधिकारी श्री आर पी नेताम, कौशल विकास के अधिकारी श्री शरद चंद गौड़ सहित बेरोजगारी भत्ता के पात्र हितग्राही वीडियो कांफ्रेंसिंग से जुड़े थे।

# हम सभी को संगठित होकर ईमानदारी से अपना काम करना होगा : छविंद्र कर्मा





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 1 अगस्त।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा विधानसभा स्तरीय बूथ अध्यक्षों का प्रशिक्षण शिविर एवं मतदाता सूची निरीक्षण संबंधी बैठक आहूत की गई। राजीव भवन जिला कार्यालय में आयोजित बैठक में जिला प्रभारी नीना रावतिया, जिलाध्यक्ष अवधेश गौतम, विधायक देवती महेंद्र कर्मा, पीसीसी मेम्बर छविंद्र कर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष तूलिका कर्मा, महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष व जिपं सदस्य सुलोचना कर्मा, महिला जिलाध्यक्ष इंदिरा शर्मा शामिल हुए। बैठक में पीसीसी मेम्बर छविंद्र कर्मा ने कांग्रेस पदाधिकारियों-कार्यकर्ताओं को संगठित होकर आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अपने मंडल, सेक्टर को मजबूत करने पर जोर दिया। साथ ही कहा कि हमे संगठित होकर ईमानदारी से काम करना होगा। वहीं छविंद्र कर्मा ने सभी को आगामी विधानसभा चुनाव के लिए अभी से कमर कसने की बात कही। इसके पूर्व जिला प्रभारी नीना रावतिया ने संगठन को मजबूत करने पर बल दिया। जिलाध्यक्ष अवधेश गौतम ने सभी ब्लॉक एवं मंडल अध्यक्षों को संकल्प शिविर आयोजन एवं बूथ चलो अभियान एवं मासिक बैठक आहुत करने कहा। रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक में बैठक में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं के साथ ही संकल्प शिविर आयोजन समेत बूथ चलो अभियान की समीक्षा एवं जिला प्रकोष्ठ के अन्य विभागों की कार्यकारी गठन करने को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी शिवशंकर सिंह, पीएन उरकुड़े, जिला उपाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, मंगल यादव, महामंत्री सलीम रजा उस्मानी, रितेश जैन, मनीष भटाचार्य, प्रवीण राणा, महामंत्री व प्रवक्ता विमल सलाम, विवेक देवांगन, तपन दास, गणेश दुर्गा, रवीश सुराना, आकाश विश्वास, शिवकुमारी ध्रुव, जया कश्यप, गीतांजली, इंदिरा ठाकुर, राधा साहू, बीना साहू, किरण जयसवाल, उस्मान खान, संजीव साव, आशिप रजा, नाहरू राम, अमूलकर नाग, भीमा मंडावी, राजू, जोविन्स पापाचन, भास्कर, जोगा कर्मा, सोहन भवानी, अजय मरकाम, जगरा वैंजाम, मंगल सोरी, जयदीप मालवीय, अनिल कर्मा, कमलु अतरा, जितेंद्र कश्यप, रतनी मांडवी, संजय विश्वकर्मा, राकेश मंडावी, राधा नाग, मनकु लेकामी समेत अन्य मौजूद थे।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल बारसूर का जिपं अध्यक्ष तुलिका कर्मा ने किया निरीक्षण





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम, 1 अगस्त ।** दंतेवाडा जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका कर्मा ने आज सोमवार को बारसूर स्थित स्वामी आत्मानंद विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। स्कूली बच्चों से मुलाकात कर उनसे बातचीत की। इस दौरान बच्चों ने बताया कि स्कूल में विषयवार शिक्षक नहीं होने के कारण उन्हें काफी परेशानी होती है साथ ही स्कूल के सभी शिक्षक दूसरे कार्यो में व्यस्त रहते हैं। बच्चों ने आगे बताया कि स्कूल में क्लास रूम की भी कमी है । बच्चों की इन बातों को सुन जिपं अध्यक्ष ने जल्द ही सभी समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिला। उन्होंने कहा कि स्वामी आत्मानंद विद्यालय हमारी सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक है। बच्चों की शिक्षा स्तर में सुधार लाने स्वामी आत्मानंद स्कूल महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। वहीं तुलिका ने बारसूर के कन्या हाई स्कूल व हायर सेकेंडरी का भी निरीक्षण किया। तुलिका ने 9वीं के बच्चों को हिंदी व 12 वीं के बच्चों को रसायन शास्त्र के विषय के बारे में जानकारी दी साथ उनसे कुछ सवाल भी किए। बच्चों को अध्ययन करवाते हुए जिपं अध्यक्ष ने कहा कि पढ़ाई हमेशा टाइम टेबल बनाकर किया जाना चाहिए। जीवन में पढ़ाई महत्वपूर्ण है पर इससे हमें डरना नहीं चाहिए। शांत मन व एकाग्र होकर पढ़ाई करें सफलता निश्चित ही आपके कदम चूमेगी। उन्होंने कहा कि हर बच्चा अपने आप में महत्वपूर्ण है बस अपने अंदर की क्षमताओं को पहचानें फिर उस रास्ते से चलकर आप अपनी मंजिल तक जरूर पहुचेंगे। अंत में तुलिका ने सभी शिक्षकों से मुलाकात की व स्कूल की सभी समस्याओं का समाधन जल्द करने का भरोसा दिलाया।

### मुख्यमंत्री ने की बेरोजगारी भत्ते की चौंथी किश्त की राशि जारी

**कांकेर 1 अगस्त।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बेरोजगारी भत्ता के चौंथी किश्त के रूप में राज्य के 01 लाख 22 हजार 625 हितग्राहियों के खाते में 31 करोड़ 71 लाख रूपये की राशि जारी किया। इस योजना से कांकेर जिले के 5,194 हितग्राही लाभान्वित हुए, उनके खाते में डायरेक्ट बैंक ट्रांसफर के माध्यम से 2500-2500 रूपये की राषि अंतरण की गई। जिला पंचायत के सभाकक्ष में आज वर्चुअल कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें संसदीय सचिव एवं कांकेर विधायक श्री षिषुपाल शोरी, नगरपालिका परिषद कांकेर के अध्यक्ष श्रीमती सरोज ठाकुर, जिला पंचायत के सदस्य नरोत्तम पडोटी, जिला पंचायत सीईओ सुमीत अग्रवाल सहित अंतागढ़ एसडीएम विष्वास कुमार मौजूद थे। संसदीय सचिव एवं विधायक शिशुपाल शोरी ने बेरोजगारी भत्ता पात्र हितग्राहियों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से बेरोजगारी भत्ता के चौंथी किश्त की राषि जारी किया है।

## समाचार संक्षेप

### दुष्कर्म मामले में भाजयुमों ने सौंपा ज्ञापन



**सुकमा, 1 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** एर्राबोर में हुई नाबालिक बच्ची के साथ दुष्कर्म में सभी दोषियों के साथ कार्रवाई नहीं की जाने को लेकर रूष्ट भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा जिला सुकमा के द्वारा आज विज्ञप्ति दिया गया कलेक्टर हरीश एस और एसपी किरण चव्हाण को पिछले दिनो ऐर्राबोर स्थित आवासीय विद्यालय में छः साल की मासूम बच्ची से दुष्कर्म हुआ 22जुलाई2023को 24 जुलाई2023को अपराध पंजीबद्ध किया गया।वही धनीराम वारसे ने कहा पीड़ित परिवारों को सरकार 50 लाख मुआवजा दे तथा बाकी दोषियों को भी गिरफ्तार करें अगर ऐसा नहीं हुआ तो हम इससे भी उग्र आंदोलन करेंगे कन्या पोटाकेबिन मैं रात्रि विश्राम करने वाले आधिशिका के पति के साथ तीन और लोग आते हैं उनके ऊपर भी पोक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई किया जाए सुकमा जिले में समस्त आश्रम छात्रावासों में आदिवासी समाज के कर्मचारीयो को अधीक्षक व अधिशिका के पद पर नियुक्त किया जाए सुकमा जिले के समस्त आश्रमों में सीसी कैमरा तत्काल लगवाया जाए सुकमा जिला के समस्त कन्या आश्रम में छात्रावासों को सुरक्षा हेतु होमगार्ड के जवानों को तत्काल तैनात किया जाए दुष्कर्म के पूरी घटना में प्रत्यक्ष संरक्षण देने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों पर भी अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया जाए इस बीचभाजपा जिलाध्यक्ष बारसे धनीराम,जिला उपाध्यक्षनुपूर वैदिक,अरूण भदौरिया, विश्वराज सिंह, हुंगांराम मडकाम, राजेश चौधरी,रमा कांत नायक, विवेक यादव, रमेश यादव शंकर, राजकुमार,आलम,महेंद्र सिंह,व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### रोक-छेका के तहत मवेशियों को लगाई जा रही रेडियम पट्टी




**सुकमा, 1 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री हरिस एस. के निर्देश पर रोका छेका अभियान के तहत पशुधन विकास विभाग के मैदानी कर्मचारी मुख्य मार्गों से आवारा मवेशियों को हटाने की कार्यवाही की कर रही है। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने सड़कों के आस-पास खड़े आवारा मवेशियों को नगरीय निकायों में काऊ कैचर वाहन के जरिए पकड़कर गोठानों और अन्य सुरक्षित जगहों में ले जाया जा रहा है। साथ ही जनहानि व पशुहानि को रोकने के लिए रोका छेका अभियान के तहत घुमन्तु मवेशियों के गले में रेडियम बेल्ट व सींगों में रेडियम पट्टी लगाई जा रही है।

पशुधन विकास विभाग के उपसंचालक डॉ. एस. जहीरुद्दीन ने बताया कि रात के समय वाहन चालकों को सड़कों पर बैठे मवेशी दूर से नजर आ जाएं, इसके लिए घूमन्तु पशुओं को रेडियम बेल्ट व सींगो में रेडियम पट्टी तथा कानो में टैग लगाने के लिए पशु चिकित्सकों एवं सहायकों का दल गठित किया गया है। यह दल नगर पालिका कर्मचारियों के सहयोग से प्रतिदिन राष्ट्रीय राजमार्ग एवं चौक-चौराहो में घुमंतु गौवंशीय-भैंस वंशीय पशुओं को पकड़कर कानों में टैग, गले में रेडियम बेल्ट व सींगो में रेडियम पट्टी लगाने की कार्यवाही कर रहे है। साथ ही पूर्व से पशुओं के कान में लगे हुए टैग के माध्यम से पशु मालिक की पहचान कर पशुओं को सड़क पर खुला न छोड़ने की समझाइश दी जा रही है एवं लापरवाह पशुपालकों को दंडित भी किया जा रहा है ।

### 2 अगस्त को वृहत साइकिल रैली का आयोजन

**सुकमा, 1 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के परिपेक्ष्य में स्वीप गतिविधियां के तहत मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा। जिले में स्वीप अभियान अंतर्गत वृहद साईकिल रैली का आयोजन बुधवार 02 अगस्त को किया जाएगा। साईकिल रैली प्रातः 7:30 बजे आईएमएसटी स्कूल(गादीरास चौक) से प्रारंभ होकर बस स्टैड होते हुए मलकानगिरी चौक, पुराना कलेक्ट्रेट भवन, फॉरेस्ट कॉलोनी रोड होते हुए मिनी स्टेडियम सुकमा में समापन किया जाएगा। इस वृहत साईकिल रैली में युवा, महिलाएं वरिष्ठ नागरिक समाज सेवी संस्थाएं एवं शासकीय कर्मचारीगण सहित समाज के सभी वर्ग शामिल होंगे। जिला प्रशासन ने साईकिल रैली में ज्यादा से ज्यादा लोगों को हिस्सा लेने की अपील की है।

### बालिका शिक्षा योजना के लिए आवेदन 2 अगस्त तक

**सुकमा, 1 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के गरीबी नीचे जीवन यापन करने वाले आदिवासी छात्राओं को व्यावसायिक शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए एनएमडीसी प्रबंधन के सीएसआर के अधीन बालिका शिक्षा योजना के तहत नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए 3 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। इच्छुक छात्राएं योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन पत्र 2 अगस्त तक कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास सुकमा में जमा कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए एनएमडीसी के आधिकारिक वेबसाइट का अवलोकन कर सकते हैं।

### सेक्टर अधिकारी गंभीरता से करें निर्वाचन दायित्वों का निर्वहनः कलेक्टर

**सुकमा, 1 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री हरिस एस.ने सेक्टर ऑफिसरों को निर्वाचन संबंधी सभी दायित्वों को पूरी गंभीरता से निर्वहन करने के निर्देश दिए। सोमवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक लेकर कलेक्टर ने जिले में आगामी विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों से संबंधित कार्यों की समीक्षा की।

# पोलावरम चुनावी मुद्दा होने के साथ ही गंभीर समस्या भी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 1 अगस्त।** इस बात को लेकर यहां का राज्य सरकार कितना गंभीर है ये समझ से परे है क्योंकि चुनाव के कारण नये नये वादे ढुंढ लाते हैं आम जनता को लुभाने के लिए या तो यहां का अनपढ़ मंत्री कहते हैं हम वाल बनाएंगे इतना भी समझ नहीं है कि पानी के बीच में हो सकता है पोलावरम ये चुनाव मुद्दा के साथ ये जनता का गंभीर समस्या है इस पर सरकार क्या कर रही है आने वाले बाढ़ को निपट सकते हैं लेकिन ये हर वर्ष की समस्या है इससे कैसे निपटें क्या राज्य सरकार जिम्मेदार नहीं हैं वर्तमान में कोंटावासियों के लिए राज्य सरकार और स्थानीय प्रशासन इस पर क्या कर रही है ये बड़ा सवाल है आज पोलावरम के सवाल को लेकर जनप्रतिनिधियों व स्थानीय विधायक से सवाल करने पर गोल मोल जवाब देते हैं ये इनकी नहीं हमारी गलती है क्योंकि जनहित के मुद्दे छोड़ इनको कमीशनखोरी से लगाव है आखिरकार पोलावरम से कोंटावासियों को कब न्याय मिलेगा अरब की सर जमी से हज कर के अपने वतन हिंदुस्तान सहर सुकमा 39 दिन बाद हज कर के पहुँचे ! जैसे ही लोगो को पता चला सुकमा आ रहे है लोगो ने कोंटा रोड रूहानी सुकमा मे जमा होकर आने का इंतजार क्या ! अंजुमन इस्लामिया कमेटी के पूर्व सदर जनाब हाजी मोहम्मद हनीफ साहब और उनकी अहेलिया सहनाज बेगम को मुस्लिम समाज के साथ साथ कोंटा विधान सभा के पूर्व विधायक मनिय मनीष कुंजाम जी, सुकमा जिला पंचायत के युवा अध्यक्ष हरीश कवासी जी, सुकमा नगर पालिका परिषद अध्यक्ष राजू साहू जी, नगर पालिका उपाध्या आयेशा हूसेन जी, महेश कुंजाम जी, मनोज जी एल्डर में, हूसेन जी,साथ ही सुकमा सहर के लोगो ने भी हजियो को इस्तकबाल क्या और मुबारकबाद देने पहुँचे ।

### मतदाता जागरूकता शिविर में ग्रामीण और विद्यार्थियों ने दिया प्रतीकात्मक वोट

**जगदलपुर।** मतदाता जागरूकता शिविर में ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीन के प्रति जागरूकता के तहत जिला में मोबाइल डेमोन्सट्रेशन वैन के द्वारा ग्रामीणों और विद्यार्थियों को जानकारी दी जा रही है। साथ ही मशीनों द्वारा किस प्रकार कार्य किया जाता है की समझ विकसित करने उनसे प्रतीकात्मक वोट भी दिलवाया जा रहा है।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजय दयाराम के. के मार्गदर्शन में विधानसभा निर्वाचन 2023 में शत-प्रतिशत मतदाताओं द्वारा मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित कराने मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मोबाइल डेमोन्सट्रेशन वैन के माध्यम से मतदाताओं को ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीन की जानकारी सभी मतदान केन्द्र, हाट बाजार, विद्यालय एवं महाविद्यालय में दी जा रही है।

# टीबीमुक्त पंचायत के लिए 20 पंचायतों में की जा रही सघन जांच

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**चारामा, 1 अगस्त।** पिरामल स्वास्थ्य के द्वारा चारामा विकासखंड के चिन्हित 20 ग्राम पंचायतों में टीबी मुक्त पंचायत बनाने का कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत सराधुनवांगांव में पंचायत के सभी लोगो को पिरामल स्वास्थ्य टीम के रूपेन्द्र देवदास (डीपीसी) के द्वारा प्रशिक्षण के माध्यम से टीबी मुक्त पंचायत के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान करके आज पंचायत के अंतर्गत सराधुनवागांव व आश्रित ग्राम रतेसरा में सघन टीबी जॉच का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत घर-घर जाकर लक्षण आधारित लोगो को चिन्हांकित कर उनके सुबह का बलगम जॉच के लिए लिया गया। इस प्रकार पूरे पंचायत में 34 लोगो का बलगम कंटेनर के माध्यम से लिया गया तत्पश्चात उसे पैथालॉजी जॉच के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चारामा भेजा गया। जॉच रिपोर्ट आने के पश्चात जिनका जॉच रिपोट पॉजिटिव होगा उन्हे स्वास्थ्य विभाग के ओर से निशुल्क दवाईयां एवं ईलाज उपलब्ध कराया जाएगा। इस कार्यक्रम में सभी पंचायत सदस्यों सरपंच, पंच, सचिव, ग्राम पटेल व अन्य ग्रामीणों का तथा संबंधित हेल्थ वेलनेस सेंटर से देवेन्द्र साहू(सीएचओ), अंकिता जूरी(सीएचओ) का इस पूरे कार्यक्रम में विशेष योगदान रहा।

## मां दंतेश्वरी एवं भुवनेश्वरी माता मंदिर में हुआ यज्ञ

# क्षेत्र की खुशहाली,अच्छी बारिश व फसल के लिए दंतेश्वरी मंदिर में किया गया यज्ञ अनुष्ठान

### अंचल के दर्जनों गांव के ग्रामीणजन हवन में हुए शामिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 1 अगस्त।** मांई दंतेश्वरी मंदिर में आज मुख्य पुजारी, सेवादार, मंदिर समिति के सभी सदस्यों एवं 12 परगनाओं के देवी भक्त, मांझी, मुखिया, चालकी समेत बड़ी तादात में ग्रामीणों द्वारा क्षेत्र में सर्व प्रजा के कल्याणार्थ माईजी एवं भुवनेश्वरी मावली माता मंदिर में यज्ञ अनुष्ठान किया गया।

गौरतलब है कि प्रतिवर्ष सावन माह के कृष्ण पक्ष में बस्तर की आराध्य देवी माई दंतेश्वरी देवी के मंदिर में क्षेत्र की खुशहाली, समृद्धि, अच्छी बारिश, खेतों में भरपुर फसल की पैदावार एवं पशुओं के निरोग होने की कामना करते हुए मंदिर समिति द्वारा हवन अनुष्ठान संपन्न कराया जाता है यह परंपरा कई वर्षो से चली जा रही है। इसी तारतम्य में मंगलवार 1 अगस्त को आज सुबह 12 बजे से बड़ी माईजी मंदिर में विशेष पूजा अर्चना कर पूजा-अनुष्ठान प्रारंभ किया गया। बड़ी माईजी के मंदिर में पूजा अनुष्ठान संपन्न होने के बाद छोटी माईजी भुवनेश्वरी देवी मावली माता के मंदिर में भी पूजा अनुष्ठान किया जाएगा जो आज संध्या पहर तक अनुष्ठान चलता रहेगा। मंदिर समिति से मिली जानकारी के मुताबिक आज के हवन अनुष्ठान कार्यक्रम में करीब 50 से ज्यादा गांव के ग्रामीण शामिल होने मंदिर पहुंचे हैं। अनुष्ठान में खर्च होने वाली राशि एवं सामाग्री की व्यवस्था मंदिर समिति के लोग आपस में एक दूसरे से सहयोग मांग कर तथा माता के भक्तों से भी घर घर जाकर सहयोग राशि एकत्र करते हैं और उसी सहयोग राशि से पूजा अनुष्ठान सामाग्री खरीदी जाती है। आज के पूजा अनुष्ठान कार्यक्रम में बढ़चढ़कर श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। पूजा में मंदिर के सभी सदस्य एवं 12 परगना के मांझी, पुजारी, चालकी, राउत, गायता, समरथ समेत दर्जनों गांव के ग्रामीणों ने भी यज्ञ में आहूति डाली और अपने अपने क्षेत्र में संपन्नता, खुशहाली, अच्छी बारिश एवं अच्छी फसल की कामना आराध्य देवी मां दंतेश्वरी से की।

## कुकर्मियों को गिरफ्तारी की मांग, सुकमा बंद




**सुकमा, 1 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नाबालिग से बलात्कार के आरोपियों की गिरफ्तारी तथा पीड़िता के परिजन को 50 लाख की सहायता राशि देने की मांग को लेकर भाजपा के आव्हान पर नगर बंद रहा। आज व्यापारिक संस्थानों के शटर उठे ही नहीं। भाजा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे ने बताया है कि 22 जुलाई को पोटा केबिन एकाबोर में उक्त घटना को अंजाम दिया गया। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। शेष आरोपी गिरफ्त से बाहर हैं।

## एक नजर

### ग्राम नांगझर में गोस्वामी समाज सामुदायिक भवन का भूमिपूजन



**राजिम , 1 अगस्त।** रविवार को ग्राम नांगझर में सनातन दशनाम गोस्वामी समाज सामुदायिक भवन हेतु भूमि पूजन संपन्न हुआ। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज जिला गरियाबंद के लिये सामुदायिक भवन निर्माण हेतु राज्यसभा सांसद सुश्री सरोज पांडेय ने श्रीदत्तात्रेय जयंती समारोह में 05 लाख रुपए देने की घोषणा की थी।उक्त राशि जनपद पंचायत छुरा के माध्यम से ग्रामपंचायत को मिल गई है। जिसके लिये सामुदायिक भवन निर्माण हेतु छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज के जिलाअध्यक्ष काशीपुरी कुंदन, प्रांतीय उपाध्यक्ष रामकुमार गोस्वामी ग्राम पंचायत घटकर्रा के सरपंच प्रेमसिंह ध्रुव, एवं प्रदेश मिडिया प्रभारी कामेश्वर गोस्वामी द्वारा भूमि पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। तत्पश्चात आधार शिला रखी गई। जिसमें प्रमुख रुप से गोस्वामी समाज जिला संरक्षक श्याम गिरी गोस्वामी, उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम गिरी, हरीश पुरी कोषाध्यक्ष संजय पुरी, गोस्वामी, महासचिव भूपेंद्र पुरी गोस्वामी, तथा मीडिया प्रभारी कामेश्वर पुरी गोस्वामी, लवकिशन पूरी, भगवानपुरी, पुखराज पूरी, प्रमोद पुरी, ज्ञानिक सहित अन्य स्वजातीय बंधू मौजूद थे।

### महिला ने लगाई राजिम पुल से छलांग एसडीआरएफ,पुलिस टीम ने बचा लिया

**राजिम, 1 अगस्त।** राजिम के पुल के ऊपर से बीते रविवार देर शाम एक महिला महानदी में कूद गई । मामले की जानकारी मिलने पर एसडीआरएफ और पुलिस की संयुक्त टीम ने लगभग 2 घंटे की मशक्कत के बाद महिला को सुरक्षित बाहर निकाला इस दौरान पुल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई थी, रविवार होने के चलते गरियाबंद जिले के पर्यटन स्थलों की ओर जाने वाले लोग भी गाड़ियों को पुल पर रोककर संयुक्त टीम द्वारा महिला को बाहर निकालने का घटनाक्रम देखते हुवे नजर आये। आपको बता दें कि महानदी में कूदने वाली महिला का नाम टिकेश्वरी साहू पति बोहरन साहू (उम्र 38 वर्ष) है जो कि गरियाबंद जिले के ग्राम सड़कपरसुली की रहने वाली है । बताया जाता है कि महिला की दिमागी हालत ठीक नहीं है, जिसके चलते वह महानदी में कूद गई थी, हालांकि पुलिस व एसडीआरएफ की टीम के द्वारा उसे सुरक्षित निकाल लिया गया है हालांकि महानदी में पानी का बहाव अभी जायदा नहीं है।

### जिले के 5110 बेरोजगारों के खाते में 1 करोड़ 27 लाख 75 हजार रुपए राशि जमा की गई



**महासमुंद।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सोमवार को अपने निवास कार्यालय रायपुर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित राशि अन्तरण कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ बेरोजगारी भत्ता योजना के लाभार्थियों को चौथी किश्त की राशि जारी की। इसके तहत जिले के 5110 लाभार्थियों के बैंक खाते में करीब एक करोड़ 27 लाख 75 हजार रुपए ऑनलाइन हस्तांतरित हुए। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि बेरोजगरी भत्ता योजना के तहत केवल राशि देने तक ही सीमित नही है बल्कि युवाओं का कौशल उन्नयन कर रोजगार भी उप्लब्ध कराया जा रहा है। यही कारण है कि पंजीयन का आंकड़ा लगातार बढ़ते जा रहा है। पंजीयन के लिए ऑनलाइन सुविधा है, जिसे घर बैठे भर सकते हैं। युवा मजबूत होंगे तो छत्तीसगढ़ भी मजबूत होगा इस अवधारणा को लेकर युवाओं को मजबूत बनाने का प्रयास किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी एवं कौशल विकास के सहायक संचालक एनआईसी कक्ष में उपस्थित लाभार्थियों को कौशल विकास में ज्यादा से ज्यादा प्रशिक्षण लेने कहा।

### कलेक्टर के छत्तीसगढ़िया अंदाज से सहज होकर जनसामान्य बता रहे अपनी समस्याएं

**रायगढ़, 1 अगस्त।** कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा की छत्तीसगढ़ी बोली में का होगे दाई, दीदी, सियान जैसे संबोधन के साथ बातचीत का सरल अंदाज जन चौपाल में पहुंचे जन सामान्य को सहज महसूस कराता हैं। यहीं कारण है कि लोग अपनी समस्याओं को सहजता के साथ रख रहें हैं। कलेक्टर श्री सिन्हा भी उनके समस्याओं को सुन त्वरित निराकरण के प्रयास के साथ अधिकारियों को शीघ्र निराकरण के निर्देश देते हैं, ताकि जन सामान्य की समस्याओं का अविलंब निराकरण हो सके। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर श्री राजीव पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती रेखा चन्द्रा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा द्वारा जिले के जनसामान्य की समस्याओं को सुनने एवं निराकरण के लिए प्रति सोमवार जनचौपाल का आयोजन किया जाता हैं। आज आयोजित जन चौपाल में जब मोदी पारा रायगढ़ निवासी श्रीमती सरिता निषाद अपने दोनों बच्चों के साथ पहुंची तो कलेक्टर श्री सिन्हा ने कहा कि दीदी का समस्या हे, छत्तीसगढ़ी में बातचीत से सहज होते ही श्रीमती निषाद ने बताया कि उनके पति ने छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक में बीमा करवाया था, लेकिन पति के मृत्यु के पश्चात् बीमा की राशि नहीं मिली है। उन्होंने बीमा राशि दिलवाने की मांग हेतु आवेदन दी।

16 घंटे बाद गोताखोरो की टीम को मिली सफलता

# मित्रता दिवस मनाने गए एक युवक की डैम में डूबने से हुई मौत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**पत्थलगांव, 1 अगस्त।** मित्रता दिवस मनाने गये किलकिला की मांड नदी पर बने एनिकेट मे डूबने से एक स्कूली छात्र की मौत हो गयी। पिछले 16 घंटे से छात्र का शव ढुंढने का प्रयास किया जा रहा था। सोमवार की दोपहर गोताखोरो ने एनिकेट से 700 मीटर की दूरी पर छात्र का शव ढूंढ निकाला,जिसे देखते ही परिजनो का बुरा हाल हो गया। शव मिलने से पहले तक परिजनो को बच्चे के जिंदा होने की आस लगी हुयी थी। दरअसल यह हृदय विदारक घटना रविवार की शाम घटित हुयी थी,जब ऋषभ वर्मा नामक छात्र अपने सात से आठ दोस्तो के साथ किलकिलेश्वर धाम मित्रता दिवस मनाने पहुंचे थे,उन सभी ने पहले भगवान भोलेनाथ के दर्शन किये थे,जिसके बाद सभी दोस्त नारायणपुर के रास्ते एनिकेट के करीब पहुंच गये। मृतक ऋषभ वर्मा के दोस्त काफी डरे सहमे है,वे कुछ भी बता पाने की सही स्थिती मे नही है,परंतु बताया जाता है कि ये वहा पानी मे नहाने के लिए पहुंचे थे,बारिश के कारण नदी मे पानी का बहाव काफी तेज था,यही कारण है कि एनिकेट के उपर से भी पानी बह रहा था,इस दौरान ऋषभ वर्मा का पैर फिसलने के कारण वह नदी के बहाव मे गिर गया। दोस्तो ने उसे बचाने की काफी कोशिश की,परंतु बहाव तेज होने के कारण वे उसे बचा नही पाये। इस बात की सूचना गांव वालो के साथ दो जिले की पुलिस को लगी। पत्थलगांव एवं कापू थाना से पुलिस बल आकर देर रात तक ऋषभ को तलाश करते रहे,ग्रामीण भी इस काम मे पुलिस की काफी मदद किये,परंतु पानी का बहाव एवं अंधेरा रहने के कारण ऋषभ को खोजा नही जा सका। आज सुबह जशपुर रायगढ से पहुंचे गोताखोरो ने ऋषभ को खोजने का अभियान शुरू किया। सुबह 6 बजे से खोजते खोजते आखिरकार दोपहर के 1:30 बजे लगभग ऋषभ का शव क्षत विक्षप्त हालत मे एनिकेट से लगभग 700 मीटर की दूरी मे बरामद किया गया।।

**घर का एकलौता चिराग बुझा-** ऋषभ वर्मा अपने मां बाप का एक लौता पुत्र था,पिता दूसरे जिले के माईनिंग विभाग मे इंजिनियर के पद पर काबिज है। वही माता यहा के एक शासकीय स्कूल की शिक्षिका है। ऋषभ वर्मा यहा के जोगपाल पब्लिक स्कूल की दसवीं कक्षा का छात्र था,पढने मे ऋषभ काफी होनहार था,दिन रविवार को वह अपने दोस्तो के साथ भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर मित्रता दिवस मनाने के लिए किलकिला एनिकेट के करीब पहुचे थे,जहा पहले से मौत उसके इंतजार मे बैठी हुयी थी। ऋषभ का शव आज बरामद होने के बाद माता-पिता की हालत बेहद खराब है,वही अन्य परिजनो का भी रो रो कर बुरा हाल हो चुका है।।

**सुरक्षा के नही इंतजामात-** किलकिला मांड नदी का तट दो जिले की सीमाओ से लगा हुआ है। एनिकेट के करीब दो जिले की सीमा होने के कारण यह पत्थलगांव एवं कापू पुलिस के दायरे मे आता है,इस एनिकेट मे आज से पूर्व भी अनेक घटनायें घटित हो चुकी है। यहा हमेंशा पानी का तेज बहाव रहने के कारण पूर्व मे भी डूबने से कुछ छात्रो की मौत हो चुकी है,उसके बावजूद भी दोनो जिले का प्रशासन यहा सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतजामात नही किये है। खतरनाक स्थल मे आसानी से पहुंच जाने के कारण यहा दिनभर छात्र-छात्राओ के अलावा अन्य युवक युवतीयां मौज मस्ती करते आसानी से देखे जा सकते है।।

## चुनाव और मतदान प्रक्रिया की महत्वपूर्ण कड़ी है बीएलए:प्रफुल्ल




**महासमुंद।** भाजपा जिला कार्यालय में 31 अगस्त को महासमुन्द विधानसभा के बीएलए कार्यकर्ताओं की आवश्यक बैठक विधानसभा प्रभारी प्रफुल्ल विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में हुई। बैठक के प्रारंभ में पूर्व राज्यमंत्री पूनम चन्द्राकर, प्रभारी प्रफुल्ल विश्वकर्मा, पूर्व विधायक प्रीतम दीवान, जिला महामंत्री प्रदीप चन्द्राकर, वरिष्ठ भाजपा नेता मोती साहू, पूर्व महामंत्री जिला प्रवक्ता पैनलिस्ट एतराम साहू, जिला उपाध्यक्ष पवन वर्मा, मोनिका साहू, जिला मंत्री निरंजना शर्मा, मण्डल अध्यक्षण सतपाल सिंघ पाली, श्याम साकरकर,धरम पटेल, विधानसभा बीएलए 1 सन्तोष वर्मा सहित मंचस्थ सभी अतिथियों द्वारा भारतमाता,पण्डित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवम पूजार्चना कर बैठक का शुभारंभ किया गया।

जिला भाजपा कार्यालय में उपस्थित महासमुन्द विधानसभा के बीएलए 2 कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए विधानसभा प्रभारी प्रफुल्ल विश्वकर्मा ने कहा कि किसी भी चुनानों और मतदान के दौरान बीएलए 1 और 2 की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। बीएलए निर्वाचन कार्य की सर्वाधिक महत्वपूर्ण कड़ी है, जो स्थानीय बूथों में निवासरत मतदाताओ को जानने पहचानने वाला जिम्मेदार व्यक्ति होता जिसके कारण हम बोगस और सत्तापक्ष के दबाव में होने वाले मतदान को रोक सकता है। विश्वकर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि महासमुंद विधानसभा में 246 बूथ है, जिसमें भाजपा के महत्वपूर्ण कार्यकर्ता बीएलए 2 की जिम्मेदारी संभाल रहे है। हम भाजपा की दृष्टिकोण से बात करे तो हम सभी ने पार्टी स्तर पर जो 5 साल में जनहित के मुद्दों और पार्टी के द्वारा दिये गए दायित्वों का निर्वहन करते हुए कार्य किया है उसका आखरी संघर्ष हमारे पक्ष में मतदान करके ही पूर्ण होता है। मतदाता सूची का पूर्ण अवलोकन और वास्तविक मतदाताओं का नाम शामिल है या नही ये निरीक्षण करना बीएलए कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है, जिसके लिए सभी सजग रहे। प्रफुल्ल ने कहा कि सत्ताधारी पार्टीके नेताओं का जबरदस्त दबाव मतदाता सूची में नाम जोड़ने काटने की प्रक्रिया में रहेगा, जिसे हमे संज्ञान में रखना है। नए मतदाता के नाम को ध्यान में रखते हुए 2 अगस्त से 31 अगस्त तक नाम जोड़ने की प्रक्रिया के दौरान शामिल करवाना आवश्यक है। नए मतदाता का नाम पहिली बार शामिल जिसके द्वारा किया गया होता है उसका मतदान उसी के पक्ष में होता है इसलिये प्राथमिकता से नाम जुड़वाने की प्रक्रिया में लग जाए। प्रफुल्ल विश्वकर्मा ने निर्वाचन कार्य और उसमें बीएलए की भूमिका को लेकर सभी महत्वपूर्ण जानकारी कार्यकर्ताओं को दिया गया।

पूर्व राज्यमंत्री पूनम चन्द्राकर ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को आगामी चुनावों को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए कहा कि मिशन 2023 में विजय भाजपा का लक्ष्य और संकल्प है और इसे पूरा करने में सभी भाजपा कार्यकर्ता के साथ बीएलए कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका होगी। सन्गठन द्वारा बूथ स्तर की पूरी समिति गठित है और भाजपा के कार्यकर्ता लगातर सभी महत्वपूर्ण कार्यक्रमों और केंद्र की भाजपा सरकार की सभी योजनाओं को बूथ स्तर पर ले जाकर सतत जनसम्पर्क में लगे हुए है।

### जन चौपाल में संयुक्त कलेक्टर ने सुनी आम नागरिकों की समस्याएं, मिले 72 आवेदन

**महासमुंद।** कलेक्टर प्रभात मलिक के निर्देशानुसार संयुक्त कलेक्टर श्रवण कुमार टंडन ने सोमवार को जन चौपाल में आम नागरिकों की मांगों, समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुनी और उन आवेदनों के निराकरण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को नियमानुसार शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।जनचौपाल में 72 आवेदकों ने संयुक्त कलेक्टर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किए। इनमें महासमुंद विकासखंड के ग्राम भलेसर के देवकी सिन्हा ने नया राशन कार्ड बनवाने, ग्राम साराडीह के नारद राम साहू ने निराश्रित पेंशन के संबंध में, ग्राम भलेसर के फूल सिंग ध्रुव ने न्याय योजना के तहत बच गई धान के अंतर राशि दिलवाने, ग्राम बेलसोंडा के ताराचंद सतनामी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की रुकी हुई राशि दिलाने और ग्राम बिरकोनी के बाबूलाल निषाद ने ऑनलाइन बी-1 खसरा में त्रुटि सुधार करने आवेदन सौंपे। इसी तरह सरायपाली विकासखंड के ग्राम केढुंगा के ताराचंद चौहान ने वन भूमि का अधिकार पट्टा प्रदाय करने के लिए आवेदन दिए।

## सर्वे पूर्ण कर टीकाकरण के लिए बनायें कार्ययोजना:जिपं सीईओ



**रायगढ़, 1 अगस्त।** कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा निर्देशन में आज सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्दर यादव ने सघन मिशन इंद्रधनुष अभियान 0.5 के सफल क्रियान्वयन एवं सुपरविजन तथा मॉनिटरिंग के लिए जिला टॉस्क फोर्स समिति की बैठक ली।

सीईओ श्री यादव द्वारा अभियान के संबंध में जानकारी लेने पर जिला टीकाकरण अधिकारी ने बताया कि अभियान का मूल उद्देश्य 0 से 5 वर्ष के छुटे हुए बच्चों को टीकाकृत किया जाना है। भारत सरकार के निर्देशानुसार राज्य में नियमित टीकाकरण अभियान सुदृढ़ीकरण एवं मिजल्स एवं रूबेला वैक्सीन की डोज से छूटे हुए 5 वर्ष तक के बच्चों को टीकाकृत किए जाने हेतु सघन मिशन इंद्रधनुष अभियान 0.5 आयोजित किया जाएगा, जो तीन चरण में चलेगा। अभियान के अंतर्गत प्रथम चरण 7 से 12 अगस्त, द्वितीय चरण 11 से 16 सितम्बर एवं तृतीय चरण 9 से 14 अक्टूबर 2023 तक आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सघन मिशन इंद्रधनुष के यू-विन पोर्टल के माध्यम से गर्भवती महिला के नाम का रजिस्ट्रेशन किया जायेगा। जिससे 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का टीकाकरण कार्ड जनरेट होगा। जिसमें उनके समस्त छूटे टीकाकरण व आने वाले टीकाकरण के बारे में जानकारी मिलेगी। साथ ही पूर्व छूटे हुए टीकाकरण बच्चे को टीकाकृत करने में सहायता प्राप्त होगी।

सीईओ श्री यादव ने सभी बीएमओ को इस अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के साथ गर्भवती महिलाओं का हेड काउन्ट सर्वे पूर्ण कर कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। ताकि छूटे हुए लाभार्थियों को चिन्हांकित कर टीकाकृत किया जा सके। उन्होंने मितानिन एवं एएनएम के माध्यम से घर-घर सर्वे करने के निर्देश दिए। उन्होंने अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लिए माइक्रो प्लानिंग, फील्ड कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण के साथ ही समुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, जिससे बेहतर परिणाम मिल सके। बैठक में सीएमएचओ डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री टी.के.जाटवर, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.बी.पी.पटेल, सिविल सर्जन डॉ.आर.एन.मंडावी, डॉ.नीरज कुमार मिश्रा, शिक्षा विभाग से श्री आलोक स्वर्णकार, श्री शिवेन्द्र सिंह सहित बीएमओ अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## गौठान में निर्मित गोबर पेंट से बाल सम्प्रेषण गृह की पुताई



**महासमुंद, 1 अगस्त।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप महासमुंद स्थानीय गौठानों में निर्मित गोबर पेंट से सरकारी भवनों की पुताई का काम लगातार शुरू है। महासमुंद के बिरकोनी गोठान में महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क रीपा अंतर्गत स्थापित गोबर से डिस्टेंपर पेंट बनाने का काम चल रहा है। जहां समूह की महिलाओं द्वारा (जुलाई माह की स्थिति में) अब तक लगभग 6200 लीटर पेंट तैयार कर लिया गया है। जिसमें से कुल छः लाख 75 हजार रुपए का पेंट विक्रय कर लिया गया है। इससे समूह को 3 लाख 15 हजार रुपए की आय हुई है। गोबर पेंट की बाज़ार क़ीमत 160 रुपये प्रति लीटर है। बाल सम्प्रेषण गृह के नवनिर्मित आहता में गोबर से बने हल्के गुलाबी रंग के पेंट से पोताई का कार्य किया गया है। इस भवन में 450 लीटर पेंट की खपत हुई है। इसकी कुल क़ीमत 72000 रुपए है। इसी तरह ज़िले के नवीन निर्मित भवनों में अब गोबर पेंट का इस्तेमाल किया जा रहा है।लोक निर्माण के कार्यपालन अभियंता एसआर चंद्राकर ने बताया कि बाल सम्प्रेषण गृह में सुधार कार्य हेतु 17 लाख 73 हजार रुपए खनिज संस्थान न्यास परिषद के अंतर्गत स्वीकृति प्राप्त हुई थी। जिसमें मुख्य रूप से बाल सम्प्रेषण की आहता की उंचाई को बढ़ाने का काम किया जाना था। जिसकी पोताई गोबर पेंट से किया गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने भी 1000 लीटर गोबर पेंट का ऑर्डर दिया है। ज्ञात है कि पहले सिरपुर - बांसकुड़ा में शासकीय उचित मूल्य और आँगनबाडी केंद्र में पुताई गोबर पेंट से की जा चुकी है।जिले में संचालित बिरकोनी गोठानों में रीपा में तथा पेंट कार्य से जुड़ी चितरेखा, रामकली यादव, खिलेश्वरी साहू ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा प्रोत्साहित करने के कारण गोबर पेंट बनाने का कार्य जारी है। विभिन्न विभागों से लगातार ऑर्डर भी प्राप्त हो रहा है। गोबर पेंट वास्तव में आजीविका का एक नए साधन के रूप में हमें रोजगार प्रदान कर रहा है। इससे न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है अपितु यह पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से भी फायदेमंद है। गोबर पेंट से ही हम प्रत्येक सदस्यों को 39 हजार 375 रुपए की आय हुई है। महिलाओं ने बताया कि गोबर पेंट की क़ीमत बाजार में उपलब्ध रासायनिक पेंट से कम है, साथ ही गोबर से निर्मित होने के कारण रासायनिक पेंट की तुलना में इसमें महक भी नहीं आती है। गांवो के गोठान में संचालित रीपा में महिला समूहों द्वारा तैयार किया गया गोबर पेंट अब बाजार में मिलने वाले पेंट के मुकाबले इको फ्रेंड्ली है।

### 2 अगस्त को विशेष ग्रामसभा

**बीजापुर।** फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का द्वितीय विशेष पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01 अक्टूबर 2023 के तहत् जारी कार्यक्रम अनुसार मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 02 अगस्त 2023 दिन बुधवार प्रारुप-5 में विधिवत रुप से किया जाएगा। उक्त दिवस को ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष ग्रामसभा का आयोजन कर निर्वाचक नामावली के सभी संबंधित बूथ लेवल अधिकारी के माध्यम से वाचन किया जाएगा। वहीं नगरीय क्षेत्रों में वार्ड स्तर पर आने वाले सर्व संबंधित वार्ड भागो की नामावली का वाचन संबंधित वार्ड मतदान केंद्रों पर विशेष वार्डसभा का आयोजन भी किया जाएगा जिसके लिए सीएमओ नगरपालिका बीजापुर द्वारा 02 से 08 अगस्त आयोजित होने वाले वार्ड सभा का कार्यक्रम जारी किया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेन्द्र कुमार कटारा ने विशेष ग्राम सभा आयोजित कर पालन प्रतिवेदन जिला निर्वाचन कार्यालय बीजापुर मे उपलब्ध कराने के निर्देश सर्व संबंधित अधिकारियों को दिए है।

## समाचार संक्षेप

### नशीली दवाइयों की विक्रय की सूचना पर पुलिस ने की कार्रवाई



**बीजापुर,1 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत मुखबीर जरिये सूचना प्राप्त हुई कि पुराना बस स्टैण्ड के पास रहने वाले कादिर खान अपने अन्य सहयोगियों के साथ अवैध रूप से गांजा की बिक्री कर रहे है एवं अपने मकान में मादक पदार्थ गांजा रखे है की सूचना पर थाना बीजापुर से निरीक्षक श्री सुरेन्द्र राम यादव के हमराह टीम द्वारा संदेही के मकान में दबिश देकर समक्ष गवाहों के एनडीपीएस एक्ट की धारा 50 के तहत् मकान की तलाशी ली गई । तलाशी के दौरान मकान के अंदर रखे लोहे की बड़ी पेटी में एक सफेद रंग के थैला के अंदर प्लास्टिक झिल्ली में अवैध मादक पदार्थ गांजा तथा नगदी रकम 1500/- बरामद किया गया । माप पर 4.08 किलो गांजा होना पाया गया ।एक अन्य कार्यवाही में उप पुलिस अधीक्षक श्री विनीत कुमार साहू के हमराह बल द्वारा तहसीलपारा में एक महिला एवं जयंता मण्डल पिता रोहिदास मण्डल उम्र 28 वर्ष द्वारा अपने घर एवं अपने पास नशीली दवाईयां रख कर विक्रय करने की सूचना पर महिला के घर पहुचकर समक्ष गवाह एनपीएस एक्ट की धारा 50 के तहत् नोटिस जारी कर मकान की तलाशी ली गई । तलाशी में एक थैला में कैप्सूल के 19 पैकेट जुमला राशि 41859/- के बरामद किया गया । प्रकरण में आरोपियों से अवैध मादक पदार्थ गांजा एवं नशीली दवाईयों के कब्जे में रखने के सबंध में वैध दस्तावेज मांगा गया जो कोई दस्तावेज प्रस्तुत नही किये । प्रकरण में थाना कोतवाली बीजापुर द्वारा पृथक-पृथक कार्यवाही करते हुये प्रकरण के आरोपियों को न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय बीजापुर पेश किया गया है ।

### जिलाधिकारियों की बैठक में कई विषयों पर चर्चा हुई



**बीजापुर,1 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला सीईओ और विभिन्न विभागों के जिलाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण सभा में, वित्तीय समावेशन, आय संवर्धन, स्थानीय रोजगार , विकास और चुनावी जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तीन प्रमुख पहलों के कार्यान्वयन पर चर्चा और रणनीति बनाने के लिए एक बैठक आयोजित की गई थी। बैठक लखपति ऐप, मिशन-25 और स्ङ्कश्वश्वक्क पर केंद्रित रही, जिसमें जिले में प्रभावकारी बदलाव लाने पर चर्चा किया गया ।लखपति ऐप एक अभिनव डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म है जिसे परिवारों के आय स्रोतों के आँकलन और मापन के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसका उद्देश्य परिवारों की वित्तीय संसाधनों, उपकरणों और प्रशिक्षण तक पहुंच का मापन एवं आँकलन करना है, जिससे सरकारी तंत्र को आय उत्पन्न करने और आजीविका में सुधार करने के प्रयासों के लिए समन्वय एवं अभिसरण करने की योजना बनाने में मदद मिल सके । बैठक के दौरान, अधिकारियों ने स्थानीय व्यवसायों के उत्थान और जिले में आर्थिक असमानताओं को कम करने के उद्देश्य से ऐप द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के साथ ही बाहुप्रतीक्षित 'ग्राम गरीबी उन्मूलन योजना' (ङ्खक्कष्ठक्क) द्वारा प्रदत्त रिपोर्ट और मांगों पर भी चर्चा की। सरकार की प्रमुख पहलमिशन-25 कार्यक्रम बैठक का एक अन्य केंद्र बिंदु था। इसका लक्ष्य वर्ष 2025 तक जिले में परिवारों के आय को विभिन्न विभागों के अभिसरण और सहयोग द्वारा रोजगार के अवसरों को बहुआयामी बनाना है। मिशन-25 के सहायता से जिले का प्रयास समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण मील के पत्थर हासिल करना है। उपस्थित लोगों ने मिशन की प्रगति में तेजी लाने और यह सुनिश्चित करने के लिए रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया कि यह निर्धारित समय के भीतर अपने महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए ट्रैक पर रहे ।निर्धारित समय ङ्क सीमा बैठक के दौरान चर्चा किया गया एक अन्य प्रमुख एजेंडा व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी (एसवीईईपी) कार्यक्रम था। आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए, पहल का उद्देश्य मतदाताओं को चुनावी प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए शिक्षित और संगठित करना है। प्रतिभागियों ने मतदाता पंजीकरण को बढ़ावा देने, मतदान के अधिकारों के बारे में जागरूकता और जिम्मेदारी से अपने मताधिकार का प्रयोग करने के महत्व पर विभिन्न दृष्टिकोणों पर चर्चा की। जिला सीईओ श्री रवि साहू ने विकासखंडों को निर्देशित करते हुए अधिक से अधिक संख्या में नवीन मतदाताओं को लोकतंत्र के महा यज्ञ से जोड़ने का प्रयास करने को कहा, साथ ही हाट-बाजार, विद्यालयों, कॉलेजों , चिकित्सालयों, सार्वजनिक बसों, एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर मतदाता जागरूकता के प्रयासों को जारी रखने के भी निर्देश दिए।

### दो दिवसीय बैडमिंटन प्रतिस्पर्धा का समापन



**बीजापुर,1 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला प्रशासन के अभिनव पहल जिले के प्रतिभावन खिलाड़ियों के हुनर को निखारने के लिए जिले में दो दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें दूरस्थ क्षेत्रों के खिलाड़ियों ने भी अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता 29 से 30 जुलाई तक आयोजित हुआ। बैडमिंटन प्रतियोगिता के समापन समारोह में सीआरपीएफ डीआईजी श्री एस.के.मिश्रा, कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा सहित पुलिस अधीक्षक श्री आंजनेय वार्ष्णेर्य ने विजेता खिलाडियों को नगद पुरुस्कार, प्रमाण पत्र एवं शील्ड, मेडल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डीएफओ श्री अशोक पटेल, जिला खेल अधिकारी दिलीप उइके, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री चंद्रकांत गर्वना, डिप्टी कलेक्टर श्री विकास सर्वे सहित अधिकारी-कर्मचारी एवं खेल प्रशिक्षक उपस्थित थे। उक्त प्रतिस्पर्धा में विजेता खिलाड़ी संभाग स्तरीय प्रतिस्पर्धा में अपना दम दिखाएंगे । विजेता खिलाड़ियों में एकल महिला वर्ग में रानू मंडावी प्रथम स्थान एवं सिमरन खलखों द्वितीय स्थान पर रही, यह यह दोनों खिलाड़ी बीजापुर स्पोर्टस एकेडमी के है इसी तरह बीजापुर स्पोर्टस एकेडमी से महिला डबल में रानू मंडावी, पुष्पलता दिवान प्रथम एवं पायल और सिमरन खलखों द्वितीय स्थान पर रही ।मिक्स डलल में रिंकू हेमला, रानू मंडावी प्रथम एवं युवराज देव, पायल पुनेम द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह अंडर-17 पुरुष एकल में साई एकड़े प्रथम एवं प्रकाश एंड्रिक द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पुरुष डबल्स में प्रथम स्थान रिंकू हेमला , विमल टोप्पों एवं द्वितीय स्थान अखिलेश शुक्ला एवं प्रमोद ने प्राप्त किया। 35 वर्ष आयु समूह में पुरुष डबल का खिताब प्रमोद हेमला एवं जयप्रकाश नक्का एवं द्वितीय स्थान पर विनोद एक्का एवं ज्ञानेद्र सिंह रहे। सीआरपीएफ डीआईजी श्री एस.के. मिश्रा एवं कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा ने सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति के अधिकारी-कर्मचारी को शुभकामनाएं दी। वहीं खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर अगले पडाव के लिए बेहतर तैयारी करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## एक नजर

### योगेश वर्मा बनाए गए भाजपा आईटी सेल जिला सह संयोजक



**कसडोल, 1 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय एवं आईटी सेल प्रदेश संयोजक सुनील पिल्लई के निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष डॉ सनम जांगड़े के सहमति से जिला संयोजक आईटी सेल नेतरंजन निर्मलकर द्वारा बलौदाबाजार भाटापारा आईटी सेल सह संयोजक एवं कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमें आईटी सेल मण्डल पलारी संयोजक योगेश योगी वर्मा को संगठन द्वारा पदोन्नति दे कर जिला सह संयोजक की बड़ी जिम्मेदारी दी है एवं दीपक वर्मा पलारी, घनश्याम भारती बलौदाबाजार, सुनील यादव बलौदाबाजार, परस देवांगन भाटापारा, नंदकुमार मांडले सिमगा, भीष्म कश्यप बलौदाबाजार, ओमप्रकाश वर्मा लवन, जयप्रकाश पंडा बया, पुरुषोत्तम सोनी बलौदाबाजार, राहुल चन्द्राकर पलारी, रेशम वर्मा कसडोल, नरेन्द्र साहू मोहतरा, खिलेंद्र साहू गोड़ा, प्रणव अवस्थी रिसदा, बृजेश कुमार निषाद गुड़ाघाट, अजय गर्ग खपरडीह, संदीप वर्मा मोहरा, संदीप वर्मा भाटापारा, अश्वनी चन्द्राकर भाटापारा को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।।

### घर घुसकर महिला से मारपीट करने वाले मां-बेटे गिरफ्तार, भेजे गए जेल



**कसडोल, 1 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बलौदाबाजार जिला के अन्तर्गत लवन थाना क्षेत्र के एक गांव में मां और बेटे ने मिलकर गांव की ही एक महिला के घर घुसकर मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया था। पीड़ित महिला की रिपोर्ट पर घर घुसकर मारपीट करने वाले मां और बेटे को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार समीपस्थ ग्राम कोहरौद ( लाहौद ) निवासी सुखिन बाई ने 26 जुलाई को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि गांव की ही गीताबाई कोसले पति मितन कोसले उम्र 38 वर्ष और राहुल कोसले पिता मितन कोसले उम्र 20 वर्ष के द्वारा जबरन घर में घुसकर मारपीट गाली-गलौज किया गया। प्रार्थीया सुखिन बाई की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 163/23 धारा 452 294 323 506.34 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर घर में घुसकर जबरन मारपीट करने वाले मां बेटे गीताबाई कोसले और राहुल कोसले को 31 जुलाई दिन सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी उमेश वर्मा के मार्गदर्शन में प्रधान आरक्षक परमानंद रथ, आरक्षक गुमान सिंह जायसवाल, सूरज बंजारे दिनेश साहू का विशेष योगदान रहा।

### स्कूटी चोरी के तीन आरोपी गिरफ्तार

**कसडोल, 1 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मोटरसाइकिल चोरी के मामले में थाना गिधौरी-टुण्डरा पुलिस द्वारा तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उनके कब्जे से चोरी के चार स्कूटी को भी जप्त किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 5 जुलाई को प्रार्थी रूपेंद्र कुमार पिता गणेशुराम साहू उम्र 28 वर्ष ग्राम नरधा थाना गिधौरी-टुण्डरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 4 जुलाई को अपनी स्कूटी एक्टिवा क्रमांक सीजी 22 एक्स 6859 को पशु आहार केंद्र के सामने खड़ा किया था। शाम 5 :30 बजे बाजार जाने के लिए निकला तो स्कूटी वहां पर नहीं थी। आसपास तलाश करने पर पता नहीं चला, अज्ञात चोर द्वारा स्कूटी को चोरी कर ले गया। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। शंका के आधार पर आरोपी खगेश पटेल से पूछताछ करने पर बतलाया कि गिधौरी रोड किनारे के पशु आहार दुकान पास से एक नीले रंग की स्कूटी चोरी करना तथा योगेश पटेल को बेच देना तथा योगेश पटेल द्वारा चन्द्रभान पटेल को बेच देना बताया।

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने ली अपराध समीक्षा बैठक

# एजेंडावार, लंबित अपराध, लघु अधिनियम, स्थायी वारंट चिटफंड के मामलों पर त्वरित कार्रवाई के दिए निर्देश

- सड़क दुर्घटना में ब्लैक स्पॉट संबंधी तथा किसी भी प्रकार की कानून व्यवस्था की स्थिति से निपटने के लिए सभी आवश्यक तैयारियों को अमल में लाने के दिए निर्देश
- विशेष रूप से आगामी विधानसभा चुनाव में शांति व्यवस्था बनाए रखने की तैयारियों के संबंध में की चर्चा
- थाना व चौकी क्षेत्र अंतर्गत सीसीटीवी कैमरा लगवाने के प्रयासों को अमल में लाने के लिए दिए गए निर्देश
- बैठक में सूबेदार से रक्षित निरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुए अशोक गिरी के कंधे पर लगाया गया 3 स्टार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 1 अगस्त।** 31 जुलाई को सायं 04.00 बजे से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा अपराध समीक्षा बैठक लिया गया, जिसमें समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों का एजेंडावार लंबित अपराध, चालान, शिकायतों, चिटफंड के मामलों, स्थाई वारंट के मामलों के निकाल के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी के तहत क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश देकर अधिक से अधिक लघु अधिनियम एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपियों की धरपकड़ करने की समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को आवश्यक हिदायत दिया गया। बैठक में दीपक कुमार झा द्वारा विभिन्न मामलों में अपराधियों की पहचान, माल मुलजिम की पतासाजी आदि में सीसीटीवी कैमरा की उपयोगिता को बतलाते हुए थाना एवं चौकी क्षेत्र अंतर्गत सभी महत्वपूर्ण मार्ग एवं स्थानों में अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरा लगवाने हेतु और अधिक प्रयास करने के लिये जोर दिया गया। उन्होंने क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरा लगाने हेतु महत्वपूर्ण स्थानों, मार्ग आदि का चिन्हांकन कर सीसीटीवी कैमरा लगाने के लिए और अधिक प्रयास करने को कहा गया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव में शांति एवं सुरक्षा प्रबंध हेतु क्षेत्र में पुलिस की उपस्थिति दर्ज कराने के लिए लगातार पुलिस पेट्रोलिंग करने हेतु आवश्यक हिदायत दिया गया। उन्होंने कहा कि आगामी समय अत्यंत महत्वपूर्ण है। क्षेत्र में शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न कराना पुरुष की पहली प्राथमिकता है, इसलिए समस्त एवं समस्त थाना एवं चौकी प्रभारी क्षेत्र में अधिक से अधिक पेट्रोलिंग कर आवश्यक सुरक्षा प्रबंध करना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति अनुसार चिन्हित किए गए ब्लैक स्पॉट में घटित सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा की गई तथा ब्लैक स्पॉट में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु और अधिक कारगर उपायों को अमल में लाने हेतु निर्देश दिया गया।

समीक्षा बैठक में विशेष रुप से सूबेदार से रक्षित निरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुए अशोक गिरी के कंधे पर तीन स्टार लगाकर पदोन्नति की बधाइयां दी गई। समीक्षा बैठक में मुख्य रुप से अभिषेक सिंह उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय, अनूप बाजपेई उप पुलिस अधीक्षक, समस्त थाना एवं चौकी के प्रभारी गण, पुलिस कार्यालय के स्टाफ उपस्थित थे।

# मतदाताओं को जागरूक करने निकाली रैली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**छुरा, 1 अगस्त।** जिलाधीश गरियाबंद के निर्देशानुसार शासकीय संस्थाओं शिक्षण संस्थान राजस्व विभाग पुलिस विभाग आदि के द्वारा संयुक्त रूप से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें प्रमुख रूप से एसडीएम भूपेंद्र साहू, तहसीलदार अंकुर रात्रे, नायब तहसीलदार अभिषेक अग्रवाल, सीएमओ लाल सिंह मरकाम, बी ई ओ केएल मतावले, नगर पंचायत अध्यक्ष खोमान चंद्राकर, वरिष्ठ नथमल शर्मा, समाजसेवी शीतल ध्रुव, प्राचार्य एनसी साहू, कृष्ण कुमार साहू, एएसआई मोहन ठाकुर, पटवारी रायसिंग ठाकुर, शासकीय कन्या उच्चतर विद्यालय एवं बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र छात्राओं के साथ कोटवारों पटवारियों ने महिलाओं ने सहभागिता निभाते हुए नगर में रैली निकालकर बैनर तख्ती नारा लगाते हुए भ्रमण किए एसडीएम भूपेंद्र साहू ने बताया कि 2 अगस्त 2023 से 31 अगस्त 2023 तक विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण किया जाएगा जिसके अंतर्गत 1 अक्टूबर 2023 की स्थिति में यदि 18 वर्ष पूर्ण हो रहा है हो तो उस युवा का नाम भी मतदाता सूची हेतु जोड़ा जा सकता है जिसके लिए बीएलओ से संपर्क किया जा सकता है साथ ही साथ नाम कटवाने के लिए भी आवेदन दिया जा सकता है मृत नाम कटवाने के लिए भी आवेदन दिया जा सकता है मृत्यु स्थानांतरित मतदाताओं का नाम हटाया जा सकता है आधार नंबर को मतदाता परिचय पत्र से जोड़ा जा सकता है रैली में प्रमुख रूप से पटवारी झामन यादव, मीरा टंडन, शिक्षक विनोद देवांगन, श्रीमति परागा ध्रुव, लारेंस महिलांगे, भविश यादव, पुलिस विभाग एवं कर्मचारी आदि उपस्थित थे।

## रोजगार मेला में आठ सौ से अधिक पदों पर होगी भर्ती

**बलौदाबाजार, 1 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर प्रदान करने हेतु जिला मुख्यालय स्थित रोजगार कार्यालय के सामने नगर भवन बलौदाबाजार में 2 अगस्त 2023 को रोजगार मेला का आयोजन किया जायेगा। रोजगार मेला में करीब 808 विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। इच्छुक युवा सभी दस्तावेज सहित उक्त रोजगार मेला में सुबह 11 बजे से 3 बजे तक शामिल होकर रोजगार पाने का लाभ उठा सकते है। रोजगार मेले में करीब 26 निजी नियोजक भी उपस्थित रहेंगे।

# मजदूरों के साथ आप नेता ने रैली निकाल कर कलेक्टर के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**तिल्दा-नेवरा, 1 अगस्त।** आम आदमी पार्टी के संयुक्त प्रदेश सचिव संतोष यदु ने जानकारी देते हुए बताया की तिल्दा - नेवरा के चाँपा स्थित फिनिक्स पोल्ट्री फार्म में कार्यरत कामगारो ने पोल्ट्री प्रबंधन के द्वारा मजदुरो का शोषण करते हुए सरकार के नियमो को ताक में रखकर ग्रेज्विटी के आधार पर वेतन एवं अन्य सुविधाए नहीं देने व पंद्रह वर्षो से अकुशल की श्रेणी में रखकर शोषण करने की बात बताया था जिसके माँगो को जायज ठहराते हुए आज सभी कामकारो ने मजदुर नेता संतोष यदु के नेतृत्व में नगर पालिका तिल्दा नेवरा के गार्डन से रैली निकालर मजदुरो को उनका हक अधिकार देना होगा मजदुर एकता जिंदाबाद के नारा लगाते तिल्दा - नेवरा तहसील कार्यालय पहुंचे जहाँ जिला कलेक्टर व जिला श्रम अधिकारी के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर दस दिनों के अंतर्गत कामगारो की जायज माँगो को पुरा करने की माँग करते हुए हड़ताल करने की चेतावनी दिया गया जिसपर तहसीलदार ने जल्द जानकारी लेकर उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया ज्ञापन सौंपने वालो में प्रमुख रूप से आप नेता संतोष यदु के साथ मुकेश साहु, रोहित देवांगन, बद्रीप्रसाद वर्मा, दिपक वर्मा, विशाल महिलांगे, प्रकाश पाल, मनीष बार्ले, भुपेन्द्र वर्मा, जितेन्द्र साहु, लोकनाथ पुरेना, कमल वर्मा, गणेश राम निर्मलकर, चुनुराम मार्कंडेय, दुर्गेश बार्ले, मधु वर्मा, मति पाटिल, दुलेश्वरी वर्मा, प्रेमलाल ध्रुव, राजकुमार ध्रुव, कृष्णा यादव, एवं कामगार उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने जन-चौपाल में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

# मोटराइज्ड साइकिल पाकर दिव्यांग खुश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 1 अगस्त।** कलेक्टर चंदन कुमार ने आज आयोजित साप्ताहिक जनचौपाल में लगभग 74 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। इनमें से गंभीर किस्म के 28 प्रकरणों की जांच कर समय-सीमा की बैठक में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही जनचौपाल में इस सप्ताह कुल 25 आवेदनों का पूर्णतः निराकरण कर दिया गया है। आज जनचौपाल में सिमगा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम ढेकुना से पहुंचे दिव्यांग दिलीप साहू ने मोटराइज्ड सायकल के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर कलेक्टर ने कार्रवाई करते हुए दिव्यांग सब्जी विक्रेता दिलीप साहू को मोटराइज्ड सायकल प्रदान करने के निर्देश समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही समाज कल्याण विभाग द्वारा मौके पर ही उन्हें मोटराइज्ड सायकल प्रदान की गई। दिलीप साहू ने मोटराइज्ड सायकल मिलने पर जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होनें कहा कि इससे मुझे आवागमन में काफी राहत मिलेगी। इसी तरह आज साप्ताहिक जन चौपाल में कसडोल विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम परसदा एवं ग्राम पंचायत चिखली के सरपंच एव ग्रामीणों द्वारा सीसी रोड निर्माण के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। इसी तरह ग्राम पंचायत कंजिया के आश्रित ग्राम पठियापाली के सरपंच द्वारा अहाता निर्माण की जरूरत बताई जिस पर कलेक्टर कुमार ने जांच कर कार्रवाई के आश्वासन दिए है।

## समाचार संक्षेप



**तिल्दा-नेवरा, 1 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सोमनाथ संगम में भगवान भोले नाथ का अभिषेक करने अजय जामवाल प्रदेश संगठन प्रभारी सोमनाथ में महादेव के दर्शन करने पहुंचे इस दौरान बीजेपी के तिल्दा ग्रामीण बीजेपी मंडल अध्यक्ष भागबलि साहू ने कार्यकताओं के साथ भेट की।

### ट्रक के टायर को चोरी करने वाला गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 1 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध पर अंकुश लगाये जाने के कड़े निर्देश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के दिशा निर्देशन में थाना पलारी के अपराध क्र. 244/2023 के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। मामले का विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी सुमित शर्मा साकिन महावीर स्वामी चौक कवर्धा ने थाना पलारी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 22 मई को ट्रक को चालक द्वारा ग्राम अमेरा में खड़ी किया था कि ट्रक के टायर को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया था कि अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी का पता तलाश किया जा रहा था। 29 जुलाई को आरोपी धनसाय से दो नग टायर जप्त कर गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी पलारी शशांक सिंह, सउनि संजीव सिंह, प्रधान आरक्षक अरसद खान का योगदान रहा।

### जिले में 13 अगस्त तक मनाया जाएगा वजन त्यौहार

**बलौदाबाजार, 1 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सुपोषण के स्तर में सुधार एवं बच्चों के पोषण स्तर ज्ञात करने के लिए कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देशानुसार जिले में 01 से 13 अगस्त तक प्रत्येक आंगनबाड़ी केन्द्रों में वजन त्यौहार का आयोजन किया जायेगा। वजन त्यौहार में जिले के 0 से 06 वर्ष तक के 01 लाख से अधिक बच्चों का वजन लेकर बच्चों के पोषण स्तर का ज्ञात किया जायेगा। इस हेतु कलेक्टर द्वारा सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के माध्यम् से कलस्टर एवं तिथिवार कार्ययोजना तैयार कर अलग-अलग आंगनबाड़ी केन्द्रों में अलग-अलग वजन कराने के निर्देश दिये है। उल्लेखनीय है कि बच्चों का पोषण स्तर ज्ञात करने के लिए वर्ष 2012 से वजन त्यौहार का आयोजन किया जा रहा है। वजन त्यौहार कराने के लिए बच्चों के पालकों को आमंत्रण दिया जायेगा तथा बच्चों के पालक व समुदाय के समक्ष वजन लेकर बच्चों के पोषण स्तर का रिपोर्ट तैयार किया जायेगा।




**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कोण्डागांव जिला-कोण्डागांव (छत्तीसगढ़)
Email-ID:ee-res.kondagaon@nic.in,Fax&Ph. No.-07786-242243

**निरस्तीकरण**

क्रमांक/2155/व.ले.लि./निविदा /2023 — कोण्डागांव, दिनांक 27/07/2023

कार्यालयीन निविदा सूचना क्रमांक 25/व.ले.लि./निविदा/2023 कोण्डागांव दिनांक 25.07.2023 द्वारा **(जी. नंबर 03718)** आमंत्रित निविदा (जिला कोण्डागांव अंतर्गत चयनित 30 आंगनबाड़ी केन्द्रों में विभिन्न सामग्री क्रय हेतु अनुमानित लागत रूपये 38.07 लाख) अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग
कोण्डागांव, जिला-कोण्डागांव

जी- 03819/3



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग-बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

Office Phone:-07727-296695 — Email ID :- ee-res.abhanpur@nic.in

**// ई-निविदा आमंत्रण सूचना क्र.-13 //**
**(प्रथम बार)**

क्रमांक/3817/ निविदा/ग्रा.यां.से./2023-24 — बलौदाबाजार, दिनांक 27/07/2073

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा प्रतिशत दर पर दिनांक **10.08.2023** तक ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है-

| सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का विवरण | ठेके की अनुमानित लागत (लाख में) | ऑनलाईन निविदा आमंत्रण की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 142942 | सांस्कृतिक भवन निर्माण गोंड़ समाज (विद्युतीकरण सहित), भाटापारा, वि.ख.-भाटापारा | 48.19 | 10.08.2023 |

2/ निविदा की सामान्य शर्ते, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति (परिशिष्ट 2.10 एवं निविदा दस्तावेज परिशिष्ट-2.13) यथा संशोधित व अन्य जानकारी वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in में अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर दिनांक 27.07.2023 से देखी जा सकती है।

(एस.एस. बघेल)
कार्यपालन अभियंता
ग्रा.यां.सेवा संभाग-बलौदाबाजार
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

जी-03822/4



**न्यायालय नायब तहसीलदार तिल्दा-नेवरा, जिला-रायपुर (छ.ग.)**
क्रमांक.............................
/अ-74 वर्ष 2022-2023
ग्राम-लखना प.ह.नं.01

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रामकली दिवान अध्यक्ष जागृति महिला मंडल समिति सोमनाथ ग्रा.पंचायत लखना हनुमान मंदिर तहसील तिल्दा-नेवरा, जिला रायपुर द्वारा ग्राम के शासकीय भूमि खसरा नंबर 11/1 रकबा 62.5030 हे. में से 10 डिसमिल शासकीय भूमि सामुदायिक भवन निर्माण आबंटन हेतु श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी तिल्दा-नेवरा के माध्यम से जांच कर प्रतिवेदन हेतु प्राप्त। जिसकी सुनवाई न्यायालय तिल्दा में दिनांक 09.08.2023 को नियत है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या अपने विधिमान्य अभिकर्ता के द्वारा अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25.07.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुहर से जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, तिल्दा-नेवरा



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं भू-परिवर्तित अधिकारी डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. ............................
अ/20( 3 ) वर्ष 2022-23

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक जिज्ञाशु टांक पिता अमृतलाल जाति गुजराती निवासी कालका पारा वार्ड नं. 10 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि डोंगरगढ़ के शीट क्रमांक 07 भूखण्ड क्र. 2183/1 क्षेत्रफल 920 वर्गफुट भूमि में से 920 वर्गफीट 85.50 वर्गमीटर धारक जिज्ञाशु टांक के नाम पर नजूल अभिलेख संधारण खसरा वर्ष 2020-21 से 2023-2024 में अभिलिखित है। छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर के पत्र क्रमांक एफ4-07/सात-1/2019 दिनांक 11/09/2019 तथा समसंख्यक आदेश दिनांक 26/10/2019 व आदेश दिनांक 24/02/2022 के द्वारा जारी निर्देशों के तहत मैं/हम उक्त पट्टे की भूमि को भूमि-स्वामी हक में परिवर्तन कराना चाहते है। उक्त धारित भूमि को भूमि स्वामी हक में परिवर्तन कराने हेतु निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के व्यवस्थापन किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 18/08/2023 तक स्वयं उपस्थित होकर अपना दावा उजर या आपत्ति न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 25/07/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) एवं नजूल अधिकारी, डोंगरगढ़



**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)**
रा.प्र.क्रमांक- 202306092100055
अ/6 ( अ ) वर्ष 2022-23

**ईश्तहार**

एतद् सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कृष्णा वल्द पुनउ जाति धोबी निवासी ग्राम चिद्दो तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव (छ.ग) द्वारा आवेदन पत्र पेश किया है कि ग्राम चिद्दो प.ह.न. 28 रा.नि.म. चौथना स्थित भूमि खसरा नम्बर क्रमशः 273, 304, 363, 540, 841/1, 845 में रकबा क्रमशः 0.352, 1.854, 0.081, 0.680, 0.598, 0.320 हे. कुल खसरा 06 कुल रकबा 3.885 हे. भूमि स्थित है। उक्त भूमि खसरा में लिपिकीय त्रुटिवश कलेश्वरी के स्थान पर फलेश्वरी लिखा गया है इसी प्रकार जलबती के नाम के स्थान पर अंकलहीन लिखा गया है जबकी अंकलहीन घरेलू नाम है। आवेदक के सहखातेदारों के नाम त्रुटि पूर्ण होने के कारण शासन की योजनाओं का लाभ नही मिल पा रहा है। अतः लिपिकीय त्रुटि को सुधार किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 07.08.2023 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें है, समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह आज दिनांक 14.07.2023 को मेरे हस्ताक्षर से अभिकरण की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

मुहर — तहसीलदार, डोंगरगढ़



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं भू-परिवर्तित अधिकारी डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. ............................
अ/20( 3 ) वर्ष 2022-23

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक अमृतलाल पिता शिवलाल टांक जाति गुजराती निवासी कालका पारा वार्ड नं.10 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि डोंगरगढ़ के शीट क्रमांक 07 भूखण्ड क्र. 2183/6(A) क्षेत्रफल 400 वर्गफुट धारक अमृतलाल पिता शिवलाल टांक के नाम पर नजूल अभिलेख संघारण खसरा वर्ष 2020-21 से 2023-2024 में अभिलिखित है। छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर के पत्र क्रमांक एफ 4-07/सात-1/2019 दिनांक 11/09/2019 तथा समसंख्यक आदेश दिनांक 26/10/2019 व आदेश दिनांक 24/02/2022 के द्वारा जारी निर्देशों के तहत मैं/हम उक्त पट्टे की भूमि को भूमि स्वामी हक में परिवर्तन कराना चाहते है। उक्त धारित भूमि को भूमि स्वामी हक में परिवर्तन कराने हेतु निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के व्यवस्थापन किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 18/08/2023 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनाँक 25/07/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) एवं भू-परिवर्तित अधिकारी, डोंगरगढ़



**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)**
रा.प्र.क्रमांक- 202306092100074
अ/6 ( अ ) वर्ष 2022-23

**ईश्तहार**

एतद् सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जगन्नाथ राव आ. सी. एच. कुंचैया जाति तेलगू निवासी ग्राम रेल्वे कालोनी डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव (छ.ग.) द्वारा वर्ष 2002 में 93/1 का टुकड़ा 0.03डिस. भूमि ओमप्रकाश पिता गिरधारी कोठारी से क्रय किया बंटाकन पश्चात् भूमि का ख.न. 93/5 हो गया है तथा आवेदक के पिता का नाम सी. एच. कुंचैया ऋण पुस्तिका में दर्ज है। उक्त भूमि के ऑनलाइन में आवेदक के पिता का नाम सी. एच. कन्हैया दर्ज कर दिया गया है, इस त्रुटि के सुधार हेतु अपने पंजीकृत विक्रय पत्र की नकल संलग्न किया है। अतः राजस्व अभिलेख में आवेदक के नाम के साथ उसके पिता का नाम सी.एच. कन्हैया के स्थान पर सी. एच. कुंचैया दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 07.08.2023 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें है, समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह आज दिनांक 14.07.2023 को मेरे हस्ताक्षर से अभिकरण की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

मुहर — तहसीलदार, डोंगरगढ़



**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला धमतरी, (छत्तीसगढ़)**
**// संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना //**

क्रमांक-पुअ/धम/एसी/निविदा /02/2023-24 — दिनांक 22.7.2023

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित निर्माण कार्यों के लिए मुहरबंद निविदाएं दो लिफाफा पद्धति से पुलिस कार्यालय धमतरी के कार्यालय में निर्माण कार्य हेतु नीचे दर्शाये गये प्रभावशील दर अनुसूची पर प्रपत्र 'अ' में विभाग में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार / फर्म से दो लिफाफा पद्धति में (निविदा दर तथा अमानत राशि लिफाफा) एकल निविदा पंजीकृत सक्षम ठेकेदारों (श्रेणी डी से ए तक) से प्रतिशत आधार पर पंजीकृत पावती युक्त डाक स्पीड पोस्ट, हाथों-हाथ आमंत्रित की जाती है। उक्त कार्य प्राक्कलन पीडब्ल्यूडी एसओआर 2015 दर है । निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 750/- है।

1 निविदा प्रपत्र की क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि- 4.8.23 अपरान्ह 16.00 बजे तक
2 ठेकेदारों द्वारा निविदा प्रस्तुत करने की- अंतिम तिथि 7.8.23 अपरान्ह 16.00 बजे तक
3 निविदा खोले जाने की तिथि- 8.8.2023 अपरान्ह 12.00 बजे

| क्र. | कार्य/स्थल का नाम | कार्य की अनुमाति लागत/ अमानत राशि |
|---|---|---|
| 1 | सीआरपीएफ कैम्प बहीगांव में टॉयलेट ब्लॉक निर्माण | 7.00<br>5500/- |
| 2 | थाना केरेगांव में 01 किचन शेड निर्माण | 5.14<br>5000/- |

शर्ते - निविदा के संबंधित शर्ते एवं विस्तृत विवरण पुलिस अधीक्षक कार्यालय, रुद्री जिला धमतरी में देखी जा सकती है। निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु टेंडर फार्म राशि रू 0055, पुलिस 800 अन्य प्राप्तियों में जमा कराकर चालान की मूल प्रति कॉपी इस कार्यालय में जमा करावें। एफडीआर पुलिस अधीक्षक धमतरी के नाम से बनाया जावेगा। अंतिम तिथि के पास प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा।

सही/-
पुलिस अधीक्षक
जिला-धमतरी

जी- 03838/3

## एक नजर

### पाइप खरीदकर 32 लाख रुपए नहीं दिए, जुर्म दर्ज

**रायपुर, 1 अगस्त।** जीई पाइप एवं एमएस पाइप खरीदकर 32 लाख 23993 रुपए का भुगतान नहीं करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी बद्री प्रसाद गुप्ता 39 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी सिद्धिक करगादन व साहुल हमीद ईजान ट्रेडर्स एवं मलाबार का संचालक है। आरोपियोकं ने प्रार्थी के कन्हैया लाल एंड संस के फर्म से जीआई पाइप एवं एमएस पाइप खरीदी कर 32 लाख 23993 रुपए का भुगतान ना कर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### नौकरी दिलाने का झांसा देकर 6 लाख की ठगी

**रायपुर, 1 अगस्त।** पटवारी एवं फुड इंस्पेक्टर के पद पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर 6 लाख की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अशोक कुमार देवांगन 40 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी श्रवण कुमार कन्नौजिया ने प्रार्थी व उसके साथी टकेश्वर कुमार साहू को पटवारी व फुड इंस्पेक्टर के पद पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर 6 लाख रुपए ले लिया। जब आरोपी ने नौकरी नहीं दिलवा पाया तो प्रार्थी ने इसकी शिकायत टिकरापारा थाना में की। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### बुजुर्ग के खाते से 7 लाख से अधिक रकम पार

**रायपुर, 1 अगस्त।** बुजुर्ग के पंजाब नेशनल बैंक के खाता से दो लोगों ने 7 बार में 1 लाख 99976 रुपए आहरण कर लिया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अशोक कुमार सचदेव 61 वर्ष ने थााना में शिकायत किया कि आरोपी राममर्दी व एक अन्य ने प्रार्थी को बिना जानकारी दिए उसके पंजाब नेशनल बैंक के खाते से 7 बार में 1 लाख 99976 रुपए आहरण कर लिया। जब प्रार्थी को इसकी जानकारी मिली, तो उसने इसकी शिकायत तेलीबांधा थाना में की। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### लाखों रुपए का चेक बाउंस धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**रायपुर, 1 अगस्त।** छेरीखेड़ी स्थित होटल सेमरॉक में रूम बुक कराकर 1 लाख 93400 रुपए का चेक दिया था। जो बाउंस हो गया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी हर्ष कौशिक 30 वर्ष होटल सेमरॉक में काम करता है। बताया जाता है कि आरोपी धीरज अग्रवाल ने प्रार्थी के होटल में 17 रूम में बुक कराकर 11 हजार रुपए जमा किया था। बाकी शेष रकम 1 लाख 93400 रुपए का चेक दिया। जो बैंक में बाउंस हो गया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अलग-अलग थाना क्षेत्र से दोपहिया वाहन पार

**रायपुर, 1 अगस्त।** दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों से अज्ञात चोर ने दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी बलराम साहहू 49 वर्ष ने कोतवाली थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 डीक्यू 5597 को पूजारी चेम्बर रिलायंस मार्ट के पास खड़ी किया था। तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले म्रे प्रार्थी संजय कुमार 40 वर्ष ने गुढियारी थाना में शिकायत किया कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 पीएफ 8716 को घर के बाहर खड़ी किया था। तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 75 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सरेआम शराब पीते 10 पकड़ाए

**रायपुर, 1 अगस्त।** राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुरानी बस्ती पुलिस ने भाठागांव शराब दुकान के पास सरेआम शराब पीते आरोपी कुबेर विश्वकार्म 28 वर्ष, दादू साहू 22 वर्ष, टिकेश्वर साहू 33 वर्ष व राघवेन्द्र देवांगन 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खमतराई पुलिस ने आरोपी सौकत अली 34 वर्ष, पिंटू गुप्ता 30 वर्ष, नारद साहू 48 वर्ष व ईश्वर साहू 46 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह नेवरा पुलिस ने आरोपी कुलेश लहरे 36 वर्ष व आरंग पुलिस ने आरोपी योगेश साहू 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

# जल जीवन मिशन के कार्य में प्रगति लाएं : कलेक्टर

## नगर निगम के अधिकारियों को तत्काल मरम्मत करने के निर्देश

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 1 अगस्त।** मुख्यमंत्री के निर्देश के पश्चात आज राजधानी की सड़कों पर गड्ढों और जल जीवन मिशन के तहत भूमिगत पाइप लाईन बिछाने में प्रगति लाने के निर्देश कलेक्टर ने दिए हैं। ज्ञात रहे जल जीवन मिशन के तहत पाइप लाइन बिछाई जा रही है जिसके कारण शहर के प्रमुख सड़कों को खोद दिया गया है। अब बरसात के कारण लोगों को आने-जाने में तकलीफ हो रही है।

जल जीवन मिशन के प्रभारी जिला अधिकारियों की आज कलेक्टर ने बैठक ली जिसमें उन्होंने जल जीवन मिशन का कार्य तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। राजधानी में इस समय 6 से अधिक पानी टंकियां हैं। इन टंकियों को जोड़ने का काम किया जा रहा है। कई वार्डों में पाइप लाईन सड़ गई है। इसके कारण दूषित पानी आ रहा है। इससे पीलिया फैलने का खतरा बढ़ गया है। आज की बैठक में कलेक्टर के अलावा जिला पंचायत के सीईओ एवं पीएचई के कार्यपालन यंत्री शामिल हुए।

### गड्ढों को शीघ्र भरने के निर्देश

मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद अब शहर के प्रमुख मार्गों पर गड्ढों को पाटने का काम शुरू कर दिया गया है। अधिकारियों के अनुसार यह काम नगर निगम का है। निगम के अधिकारियों का कहना है कि जल जीवन मिशन का काम केंद्र सरकार के अधीन संचालित हो रहा है। इस समय दूसरी पाइप लाइन बिछाने का काम चल रहा है। जीई रोड में शारदा चौक से लेकर आमापारा चौक तक इस समय गड्ढा पाटने का काम चल रहा है। जवाहर नगर से लेकर बढ़ई पारा में भी हालत खराब है। बरसात होने के कारण यहां पर पानी भर गया है जिसके कारण वाहन चालकों को काफी परेशानी हो रही है। शासकीय प्रवक्ता के अनुसार नगर निगम के अधिकारियों को भी सचेत किया गया है कि वे शहर के अंदर जितने भी गड्ढे हैं उनको शीघ्र भरें।

मुलाकात...



रायपुर 1 अगस्त। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से यहां उनके निवास कार्यालय में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्य आयुक्त एवं संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चन्द्राकर के नेतृत्व में आए स्काउट गाइड के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की।

### तलवार के साथ दो युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 1 अगस्त।** टिकरापारा पुलिस ने संतोषी नगर तरूण बाजार के पास तलवार लहराते दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 2 नग तलवार जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि दो लोग संतोषी नगर में तलवार लेकर आम लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी कन्हैया यादव 19 वर्ष व बबलू यादव 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के पास से तलवार जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## सत्यनारायण शर्मा से प्रभावित होकर सैकड़ों भाजपाई कांग्रेस में शामिल

**बिरगांव 1 अगस्त।** छत्तीसगढ़ में इसी साल के अंतिम माह में होने वाले विधानसभा चुनाव की राजनीतिक सरगर्मियां तेज होने लगी है वही आपको बता दें कि रायपुर ग्रामीण विधानसभा बिरगांव निगम क्षेत्र के उरकुरा में विंध्य एकता संघ के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप तिवारी के निज निवास में मीटिंग रखी गई जिसमें सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक सत्यनारायण शर्मा के समक्ष कांग्रेस का दामन थामा वहीं भाजपा के कार्यकर्ताओं से पार्टी छोड़ने का कारण पूछा गया तो भाजपा के कार्यकर्ताओं ने कहा कि मोदी सरकार आने के पहले महंगाई कम करने का वादा किया था लेकिन जब से मोदी सरकार बनी है तब से महंगाई दिन प्रतिदिन बढ़ रही है और आम जनताओं की महागाई कमर तोड़ रही है वहीं भाजपा के कार्यकर्ताओं ने कहा कि सुख दुख के साथी गरीबों के मसीहा रायपुर ग्रामीण विधायक सत्यनारायण शर्मा ने जब से रायपुर ग्रामीण के विधायक हैं तब से अब तक विकास की गंगा बही है वही भीषण महामारी करोना काल में सत्यनारायण शर्मा पंकज शर्मा विशाल शर्मा ने अपनी जान जोखिम में डालकर हर क्षेत्र में लोगों की मदद की है वहीं कांग्रेस प्रवेश विपिन मिश्रा प्रमोद मिश्रा उमेश पटेल उमेश चतुर्वेदी सुनील पटेल रमेश पटेल के अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेसी प्रवेश किए वही सभा को संबोधित कर रहे राम जी शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## जूडो की हड़ताल से ओपीडी सेवाएं बाधित

**रायपुर 1 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के जूनियर डॉक्टर्स ने एक बार फिर से अपनी मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया है. जूनियर डॉक्टर्स आज से हड़ताल पर चले गए हैं. सरगुजा, कांकेर, जगदलपुर, रायगढ़, राजनांदगांव और रायपुर के शासकीय कॉलेज के जूडो हड़ताल कर रहे हैं. राजधानी रायपुर में भी इसका खास असर देखने को मिल रहा है. जूनियर डॉक्टर्स के हड़ताल से शासकीय अस्पताल में ओपीडी सेवाएं बाधित हुई है.



रायपुर के अंबेडकर अस्पताल के बाहर सुबह से ही जूनियर डॉक्टर्स स्टाइपेंड की मांग को लेकर हड़ताल पर बैठे हैं. बीते 6 वर्षो में वेतन बढ़ोतरी ना होने की वजह से जूडो हड़ताल पर चले गए हैं. इससे पहले जूनियर डॉक्टर्स अपनी मांग को लेकर काली पट्टी बांधकर काम कर रहे थे। जूनियर डॉक्टर प्रताप सिंह ने कहा कि आज हम लोग हड़ताल पर है. एक हफ्ते का अल्टीमेटम दिया था सरकार और प्रशासन को उन्होंने साफ-साफ यह कहा था कि हमारी सर्विसेज कंटिन्यू रहेगी. ब्लैक लेबल पहनकर हम प्रदर्शन करेंगे. हमारा ब्लैक लेबल का लास्ट डेट था. लेकिन हमारी मांग पर कल तक सरकार की ओर से कोई पहल नहीं हुई. जिसको लेकर आज हम लोग प्रदर्शन कर रहे हैं. इसके साथ ही ओपीडी सेवाएं यथावत रहेंगी. साथी मरीजों की परेशानी ना हो इसको लेकर हम लोग काम करेंगे. आज भी प्रशासन और शासन की तरफ से कोई पहल नहीं होती तो हम लोग आगे प्रदर्शन करेंगे. जूनियर डॉक्टर्स ने बताया कि हमारी मांग है की जो इंटर्न, यूजी, पीजी के जो जूनियर स्टूडेंट है. उनकी स्टाइपेंड हो. आज दिनांक तक हमारी मांगे पूरी नहीं हुई है. वैसे ही स्थिति है. महंगाई दर बढ़ गई है. जिसमें हमारी स्टाइपेंड में किसी प्रकार की वृद्धि नहीं हुई है. हम बस यह चाह रहे हैं कि हमारी वेतन बढ़नी चाहिए. जो सरकार बढ़ा नहीं रही है. जिसको लेकर हम लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं.

### अवैध शराब के साथ पांच गिरफ्तार

रायपुर, 1 अगस्त । राजधानी पुलिस ने अवैध शराब बेचने वाले 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 86 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 1620 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार तेलीबांधा पुलिस ने सीमानगर के पास अवैध शराब बेचते आरोपी भरत सोनी 50 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 11 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 440 रुपए जब्त किया है। इसी तरह खमतराई पुलिस ने आरोपी मनोज राव 34 वर्ष के पास से 20 पाव देशी शराब व 150 रुपए रुपए जब्त किया है। वहीं खरोरा पुलिस ने आरोपी रवि चंद्राकर 28 वर्ष के पास से 22 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 150 रुपए जब्त किया है। वहीं विधानसभा पुलिस ने आरोपी चेतन तुरकाने 34 वर्ष व रुपदास गायकवाड़ 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### एसटी मोर्चे की बैठक 2 को

**रायपुर, 1 अगस्त।** कांग्रेस भवन के अनुसार अनुसूचित जाति मोर्चा की बैठक कल कांग्रेस भवन में रखी गई है। शिव डहरिया इसकी अध्यक्षता करेंगे। प्रदेश में इस वर्ग की 10 सीटें हैं। इन सभी सीटों पर युवा उम्मीदवारों को खड़ा किया जाएगा। अनुसूचित जाति क्षेत्रों में कांग्रेस की पकड़ मजबूत बनाने के लिए कई नेताओं को यहां पर तैनात किया जा रहा है।

## आयकर रिटर्न भरने दिनभर लगी रही करदाताओं की भीड़

सीनियर सिटीजंस को मिलेगा लाभ

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 1 अगस्त।** आयकर रिटर्न की अंतिम तिथि होने के कारण आयकर विभाग एवं सलाहकारों के यहां आयकरदाताओं की भीड़ लगी रही। केंद्र शासन द्वारा सीनियर सिटीजंस को लाभ दिए जाने के कारण बड़ी संख्या में अब लोग सीनियर सिटीजंस के नाम पर निवेश कर रहे हैं।

आयकर विभाग के अनुसार 31 जुलाई आयकर रिटर्न भरने की अंतिम तिथि थी। प्रदेश में शासकीय कर्मचारी, उद्योगपति तथा व्यापारी नियमित रूप से यह रिटर्न भर रहे हैं। आयकर की सीमा बढ़ाने के कारण अब नए सिरे से इसे भरा जा रहा है। राजधानी में चार्टर्ड एकाउंटेंट, आयकर सलाहकार एवं अन्य तकनीकी जानकारी इस समय शासकीय कर्मचारियों के आयकर रिटर्न फाइल करने और आयकर से काटी गई राशि दिलाने का काम कर रहे हैं। पोस्ट ऑफिस में 80सीसी धारा के तहत भी बांड उपलब्ध है। इंदिरा विकास पत्र भी खरीदा जा रहा है।

नई पॉलिसी में सीनियर सिटीजंस को सबसे फायदा दिया गया है। इस समय सीनियर सिटीजन पोस्ट ऑफिस की एफडी में छूट ले सकते हैं। इसकी सीमा 15 लाख से बढ़ाकर 30 लाख कर दी गई है। सीनियर सिटीजंस को आकर्षक ब्याज दिया जा रहा है। हाऊसिंग लोन में भी लाभ दिया जा रहा है। चूंकि आयकर की सीमा बढ़ा दी गई है जिससे छोटे व्यापारी एवं निवेशक राहत की सांस ले रहे हैं। इस समय जीएसटी के सर्वर डाउन होने एवं बार-बार रिटर्न फाइल करने से लोगों को परेशानी हो रही है।

## ऑनलाइन गेमिंग पर जीएसटी लगाने के विरोध में धरना

**रायपुर, 1 अगस्त।** ऑनलाइन गेमिंग को कैसिनो और हॉर्स रेसिंग जैसा मानते हुए इस पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगाने के फैसले से निराश छत्तीसगढ़ के ऑनलाइन गेमर्स इस फैसले को वापस लेने की मांग के साथ 'इंडियन गेमर्स यूनाइटेड' के बैनर तले अन्य शहरों के गेमर्स के साथ एकजुट हुए हैं। कई गेमर्स आज रायपुरके इनडोर स्टेडियमपर एकत्र हुए और नीति निर्माताओं से ऑनलाइन गेमिंग को ज्यादा टैक्स फ्रेंडली बनाने की मांग के साथ शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। गेमर्स ने बैनर और प्लेकार्ड्स के साथ नारे लगाए और नीति निर्माताओं का ध्यान इस ओर आकर्षित करने का प्रयास किया।

गेमर्स ने कहा कि भारत में युवाओं के बीच ऑनलाइन गेमिंग तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। यहां युवा अपने खाली समय में अपनी गेमिंग स्किल के माध्यम से कमाते हैं और गिग इकोनॉमी का हिस्सा बनते हैं। अब 28 प्रतिशत की अव्यावहारिक जीएसटी की दर से ऑनलाइन गेमिंग की इंडस्ट्री असमय ही खत्म हो जाएगी और ऑनलाइन गेमर्स के सामने कोई विकल्प नहीं रह जाएगा। 11 जुलाई, 2023 को जीएसटी काउंसिल की 50वीं बैठक में ऑनलाइन गेमिंग को कैसिनो एवं हॉर्स रेसिंग की तरह ही मानते हुए कुल फेस वैल्यू पर 28 प्रतिशत की दर से जीएसटी का प्रस्ताव रखा गया।

## छात्राओं को नि:शुल्क साइकिल वितरण

**रायपुर 31 जुलाई।** राजधानी के कालीबाड़ी चौक स्थित एवं भातखंडे ललित कला शिक्षा समिति द्वारा संचालित लक्ष्मी नारायण कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आज संस्था के उपाध्यक्ष श्री अजय तिवारी एवं सचिव श्रीमती शोभा खंडेलवाल स्कूल की प्रभारी प्राचार्य मनीषा गहोई द्वारा निशुल्क 42 साइकिलों का वितरण किया गया इस अवसर पर संस्था के उपाध्यक्ष अजय तिवारी ने कहा कि बेटियों को साइकिल मिलने से उनके व्यक्तिगत विकास में सहयोग मिलेगा और पढ़ाई करने के लिए आने जाने में सुविधा मिल पाएगी उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के स्कूल शिक्षा विभाग



से 120 सरस्वती साइकिल निशुल्क प्रदान किए जाने की अनुमति प्रदान की गई है जिसमें 42 साइकिल का वितरण किया गया है आने वाले दिनों में शेष साइकिल का वितरण भी किया जाएगा। बता दें कि छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सत्र 2023 2024 के लिए सरस्वती साइकिल योजना के तहत निशुल्क बेटियों को साइकिल का वितरण किया जा रहा है इसमें लक्ष्मीनारायण कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 9वी में पढ़ने वाली 42 छात्राओं को निशुल्क साइकिल प्रदान की गई है विद्यालय प्रबंध समिति शासन की योजनाओं के माध्यम से पढ़ने वाली छात्राओं को निरंतर प्रेरित करते हैं आ रहा है और शासन की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

### दुर्ग बना कंजेक्टिवाइटिस का हॉट स्पॉट

**रायपुर, 1 अगस्त।** छत्तीसगढ़ में आई फ्लू धीरे-धीरे करके अपने पांव पसार रहा है. बारिश के बाद गर्मी और उमस से कंजेक्टिवाइटिस का वायरस तेजी से फैल रहा है.जिसे लेकर छत्तीसगढ़ सरकार चिंतित है. पिछले दिनों सीएम भूपेश बघेल ने इस बारे में स्वास्थ्य अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे. पूरे छत्तीसगढ़ की बात करें तो हर जिले में औसतन 25 से 40 मरीज रोजाना सामने आ रहे हैं. छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल डॉ भीमराव अंबेडकर चिकित्सालय में पिछले 7 दिनों में 300 से ज्यादा मरीजों में आई फ्लू के लक्षण पाए गए हैं. आई फ्लू को लेकर समीक्षा बैठक : आई फ्लू के बढ़ते मामले को देखते हुए स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव भी काफी गंभीर नजर आ रहे हैं.टीएस सिंहदेव ने आईफ्लू के बढ़ते मामलों को देखते हुए हाईलेवल मीटिंग ली.जिसमें उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारियों से आईफ्लू की प्रदेश में स्थिति को जाना.बैठक के बाद टीएस सिंहदेव ने आई फ्लू के ताजा आंकड़े बताएं। मुख्यमंत्री जी ने स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारियों को बुलाकर समीक्षा बैठक ली और स्थिति को जाना. 800 लोग अभी तक इससे प्रभावित पाए गए हैं.इसकी दवाइयां भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

## 100 सदस्यीय टीम ने छापेमारी कर 125 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**रायपुर 1 अगस्त।** राजधानी पुलिस ने आज तड़के राजधानी के अलग-अलग क्षेत्रों में दबिश दी। रायपुर पुलिस की 100 सदस्यीय टीम ने छापेमारी के दौरान अलग-अलग क्षेत्रों से 125 आरोपियों को गिरफ्तार किया। दरअसल रायपुर स्स्क्रप्रशांत अग्रवाल के निर्देश पर,स्स्क्र अभिषेक महेश्वरी की अगुवाई में राजधानी में अलग-अलग टीमें बनाकर कार्रवाई की गयी। इस दौरान अलग-अलग मामलों में आरोपियों की धड़पकड़ की गयी। सुबह-सुबह बड़ी संख्या में पुलिस को देख रहवासी भी सकते में आ गये। पुलिस ने छापेमारी के दौरान गुण्डा बदमाश, निगरानी बदमाश, संदिग्ध व्यक्ति, असमाजिक तत्वों, सहित अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों की तलाशी की गयी। छापेमारी के दौरान कुल 13 आरोपियों से चाकू जप्त कर संबंधित थानों में की गई



आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गयी, वहीं 04 आरोपियों से गांजा, 2 आरोपियों से प्रतिबंधित नशीली सिरप जप्त कर नारकोटिक्स एक्ट एवं 7 आरोपियों को अवैध रूप से शराब के साथ गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत संबंधित थानों में की गई कार्यवाही। छापेमारी कार्यवाही के दौरान 5 गिरफ्तारी वारंट, 3 स्थाई वारंट तामिल करने के साथ ही, धारा 420 भादवि. के प्रकरण में फरार 1 आरोपी को भी किया गया गिरफ्तार। गुण्डा बदमाश, निगरानी बदमाश सहित अपराधिक तत्व जो लगातार अपराधों में संलिप्त रहते है, ऐसे 92 अपराधियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत् की गई कार्यवाही। बी.एस.यू.पी. कालोनियों में निवासरत व्यक्तियों व किरायेदारों का सत्यापन करने के साथ ही बाहर से आए बाहरी व्यक्तियों का भी सत्यापन कर पूछताछ की गयी। एएसपी अभिषेक माहेश्वरी के नेतृत्व में नगर पुलिस मयंक गुर्जर नगर पुलिस अधीक्षक आजाद चौक, दिनेश सिन्हा उप पुलिस अधीक्षक क्राईम, जितेन्द्र चन्द्राकर नगर पुलिस अधीक्षक नवा रायपुर, मनोज ध्रुव नगर पुलिस अधीक्षक सिविल लाईन, अविनाश मिश्रा नगर पुलिस अधीक्षक उरला, योगेश साहू नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली, प्रभारी ए.सी.सी.यू., थाना प्रभारी डी.डी.नगर, पुरानीबस्ती, मुजगहन, माना, खम्हारडीह, न्यू राजेन्द्र नगर, सिविल लाईन, विधान सभा, पण्डरी, गंज, मौदहापारा एवं टिकरापारा सहित रायपुर पुलिस के अन्स अधि./कर्म एवं एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम सहित लगभग 100 सदस्यीय पुलिस टीम द्वारा आज तड़के 5 बजे अलग ङ्क अलग स्थानों में गुण्डा बदमाश, निगरानी बदमाश, संदिग्ध व्यक्ति, असमाजिक तत्वों एवं अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों सहित पुराने अपराधियों के विरूद्ध छापेमारी/चेकिंग कार्यवाही की।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23